सुप्रभात
रांची, सोमवार
16.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 331

**06** मोदी सरकार के 11 साल : नये भारत का अमृतकाल




## सिर्फ मेडिकल Preparation का संस्थान




BIOME®
Leading Institute for Pre-Medical Exam.
A Unit of Bhavya Educational Services LLP

## NEET (UG) RESULT 2025

### राँची से NEET (UG) में सर्वश्रेष्ठ एवं सर्वाधिक रिजल्ट फिर से एक बार

**1621** Total Qualified Students

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 149 ST SHEETAL | 384 EWS TOUFIQUE | 525 OBC OWAIS RAZA | 548 EWS ANKIT | 750 ST MUSKAN | 893 GEN LAKHAN | 987 ST NANCY NIKITA | 1769 EWS AYUSHI | 1835 PH MONA | 2012 OBC SUJATA | 2057 GEN RITIK | 2088 GEN RAHUL |
| 2283 GEN RAGHAV | 2468 EWS ANMOL | 2641 GEN DIVYA | 2652 EWS MANAK | 3161 EWS PIYUSH | 3274 GEN ADARSH | 3498 ST ZIPPORAH | 3618 GEN SUPRIYA | 3834 OBC RUDRA PRATAP | 3936 OBC SHREYA | 4342 EWS SIDHARDH | 4401 ST SUMANT |
| 4403 OBC SIDDHARTH | 4442 SC SOURAV | 4497 OBC TANYA | 4718 SC AMIT | 4771 GEN SANT KUMAR | 4884 SC DIMPLE RAJ | 4907 ST PRIYANKA | 4933 ST DISHA | 4939 OBC AMAN | 4972 ST BIBHA ANSHU | 4973 GEN SHIV RAJ | 5044 EWS PRATIKSHA |
| 5061 SC SIYA | 5383 GEN KHUSHI | 5778 OBC VIPUL | 5880 GEN SHRADHA | 6059 ST AMAN PRIYANSHU | 6229 GEN KASHISH | 6305 OBC HENA SUMBUL | 6477 OBC ASIF ALI | 6497 OBC SHAIM | 6594 GEN SAPNA | 6607 SC AWANTIKA | 6608 OBC NISHANT |
| 7167 ST AKANKSHA | 7413 ST ANGEL DIVYA | 7598 ST ANUGRAH | 8195 OBC SHIVI ANURUP | 8286 OBC BHUNESHWAR | 8291 GEN SNIGDHA | 8476 OBC SHUBHANGAM | 8566 GEN AMISHA | 8680 ST PRIYANKA | 9092 GEN PARIJAT | 9097 ST ADITI | 9180 GEN GEETANJALI |
| 9269 OBC MANISHA | 9284 OBC MOHIT | 9967 GEN MASKIN | 10015 GEN DEEPSHIKHA | 10660 EWS AYUSH | 10817 GEN TALHA AHMAD | 11242 GEN PIYUSH | 11257 OBC SANIDHYA | 11382 ST SANDEEP | 11789 OBC TAHSHIN | 12335 OBC VIKASH | 12637 OBC SHREYA |
| 12837 GEN TEJAS | 13038 ST SUPRIYA | 13117 OBC DEVANAND | 13619 GEN NANDINI | 14035 GEN RAJ VARDHAN | 14118 GEN ATEEBA | 14255 SC SOURYA | 14276 OBC RAGINI | 14649 OBC MAHIMA | 15061 OBC SHALU | 15226 GEN AKANSHA | 15845 OBC ASHIF RAZA |
| 16011 GEN AADRITI | 16148 SC ROHINI | 16462 OBC PRATHAM | 16876 OBC NAUSHEEN | 17488 GEN HARSHA | 19098 OBC RINKEY | 19166 OBC MAYANK | 20030 OBC SAKIB AHMAD | 20192 OBC TARUN | 20492 OBC MANVI | 20497 OBC DEVDAS | 21017 OBC SRIJAN HARSH |

*and many more...*

**NEET-UG Counselling Seminar : 26 June, 2025 (Thursday), at 11:00 A.M. | VENUE : BIOME, HINOO CAMPUS**

**BIOME Ranchi**
HINOO, Ranchi
CIRCULAR ROAD, Ranchi
BARIATU ROAD, Ranchi
biomeinstitute.in

**FOUNDATION**
(11th moving students)
For NEET 2027
Starting from 3rd July, 2025

**TARGET**
(12th passed students)
For NEET 2026
Starting from 26th June, 2025

**LAKSHYA**
(For 450+ Scorer in NEET 2025)
For NEET 2026
Starting from 3rd July, 2025

SCAN this QR CODE & Register for OFFLINE SCHOLARSHIP TEST

736 006 6185 / 88 / 90 / 91 / 92 / 93 / 94 | youtube.com/biomeinstitute | facebook.com/biomeinstitute/ | biome_institute_official

# पंचायत सचिव सुखलाल के सुसाइड केस में दीपिका पांडेय ने दिया जांच का आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी ने गिरिडीह के एक पंचायत सचिव सुखलाल महतो द्वारा आत्महत्या किये जाने पर गहरी नाराजगी जताई है। इस मामले की जांच के अलावा सुखलाल के लिए न्याय की भी मांग की है। कहा है कि बीते दिन डुमरी प्रखंड परिसर में बालथारिया के पंचायत सेवक सुखलाल महतो के द्वारा डुमरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य तीन लोगों से मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर कीटनाशक गोली खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया गया। आनन-फानन में उन्हें रांची स्थित रिम्स अस्पताल में भर्ती किया गया जहां ईलाज के दौरान शनिवार की रात उन्होंने दम तोड़ दिया। स्वर्गीय सुखलाल महतो एक ईमानदार पंचायत सेवक थे। दुर्भाग्यवश सरकार के भ्रष्ट तंत्र एवं कुव्यवस्था के आगे उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा।

सीपी चौधरी ने सरकार से मांग करते कहा कि स्व सुखलाल महतो प्रकरण की जांच के लिए एक निष्पक्ष कमिटी का गठन हो। उच्च स्तरीय जांच करवाई जाये। आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कारवाई कर सुखलाल और उनके परिवार को इंसाफ दिलाने में संवेदनशीलता सरकार दिखाए। इससे पूर्व ईलाज के लिए रिम्स, रांची लाए जाने पर सीपी चौधरी ने सुखलाल के सेहत की जानकारी डॉक्टर्स से ली थी।

सीपी चौधरी के मुताबिक, जब उन्होंने स्वयं उस सुसाइड नोट को पढ़ा तो पाया कि डुमरी के बीडीओ द्वारा सुखलाल पर इतना दबाव डाला जा रहा था और मानसिक प्रताड़ना दी जा रही थी कि वो पूरी तरह से परेशान हो चुके थे। यह स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी थी कि सुखलाल आत्महत्या जैसे मजबूर कदम उठाने पर मजबूर हो गए। इस पूरे मामले ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अधिकारी कठपुतली बन चुके अफसरों की निरंकुशता को बेनकाब किया है। लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अपनी विचारधारा के अनुरूप किसी भी संवैधानिक कार्य के समर्थन और विरोध का अधिकार है, लेकिन किन्हीं को इस प्रकार से मानसिक दबाव बनाना कि वो आत्महत्या जैसा कदम उठाए, यह काफी निंदनीय कृत्य घटना हैं।



### मामला गंभीर : मंत्री

जयराम के पत्र पर दीपिका ने कहा कि डुमरी प्रखंड के बलथरिया पंचायत के सचिव सुखलाल महतो द्वारा आत्महत्या का प्रयास अत्यंत गंभीर मामला है। गिरिडीह डीसी से दीपिका ने मामले की गहराई से जांच कर दोषियों की जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त कार्रवाई करने को भी कहा है।

**जयराम ने भी की जांच की मांग**

वहीं दूसरी ओर सुखलाल द्वारा आत्महत्या का प्रयास किये जाने के मामले की जांच कराने का आग्रह ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से विधायक जयराम महतो ने भी किया है। इस संबंध में उन्हें चिळी भी लिखी है। इसके बाद दीपिका पांडेय ने इस मामले की पड़ताल करने का निर्देश गिरिडीह डीसी को दिया है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध एक्शन लेने को कहा है। जयराम ने पत्र में कहा है कि डुमरी ब्लॉक (गिरिडीह) अंतर्गत बलथरिया पंचायत सचिव सुखलाल महतो ने प्रखंड परिसर में आत्महत्या करने का प्रयास किया है। इससे पूर्व सुखलाल ने उनके नाम पर एक आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने इस कृत्य के लिए बीडीओ डुमरी तथा तीन अन्य द्वारा मानसिक रूप से प्रताडित किये जाने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि पीडित द्वारा उठाया गया आत्महत्या करने का कदम ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर इंगित करता है। जयराम ने विभागीय मंत्री से इस केस की विभागीय जांच कराने की अपील करने के अलावा दोषियों पर विधिसम्मत कार्रवाई करने की भी मांग की है।

# राज्य के मेडिकल कॉलेजों और हॉस्पिटलों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर लगी रोक

## अस्पतालों में बढ़ती भीड़ को कम करने को लेकर स्वास्थ्य निदेशालय का बड़ा फैसला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य निदेशालय ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल और सरकारी अस्पतालों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्देश दिया। अस्पतालों में भीड़ कम करने, मरीजों की सुरक्षा व गोपनीयता बनाए रखने और सुव्यवस्थित ढंग से अस्पताल संचालन के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। यह पहल 11 जून को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में की जा रही है। निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सीके शाही ने सभी सिविल सर्जनों, मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षकों और अन्य अस्पताल प्रमुखों को जारी पत्र में कहा है कि अस्पताल के प्रवेश द्वार पर आवश्यकता के अनुसार उचित संख्या में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था की जाये।




**मरीजों की संख्या के आधार पर एक या दो प्रवेश द्वार ही चालू रखे जाएंगे :** उन्होंने कहा है कि मरीजों की संख्या के आधार पर एक या दो प्रवेश द्वार ही चालू रखे जाएंगे। अनावश्यक द्वार को बंद करने का निर्देश दिया गया है। रात में यदि एक द्वार से काम चलता तो सिर्फ एक ही चालू रखा जाये अस्पताल भवन में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया है।

साथ ही अस्पताल के मुख्य द्वार और परिसर में हाई मास्ट एलईडी लाइट की व्यवस्था करने को कहा गया है। निदेशक प्रमुख के स निर्देश के बाद धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल, सदर अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों में यह व्यवस्था की जा रही है।

### परिजन के लिए जारी होगा बैज

सरकारी अस्पताल में बिना काम के लोगों के प्रवेश को रोकने के लिए प्रबंधन को मरीज के साथ आने वाले परिजनों के लिए बैज जारी करने का निर्देश दिया गया है। मरीज के साथ आए परिजन को यह बैज दिया जाएगा। अस्पताल से बाहर निकलते वक्त उनसे बैज वापस ले लिया जाएगा।

### अपंजीकृत मीडिया कर्मी और यूट्यूब के प्रवेश पर रोक

निदेशक प्रमुख ने अपंजीकृत मीडिया कर्मी, यूट्यूबर, कैमरा आदि को भी अस्पताल भवन के अंदर प्रवेश पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। स्पष्ट कहा गया है कि ये लोग अस्पताल भवन के अंदर प्रवेश नहीं करेंगे। इसकी जानकारी अस्पताल के प्रवेश द्वार के बाहर प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया है। इधर, झारखंड स्वास्थ्य निदेशालय के निर्देश के आलोक में राज्य के सरकारी अस्पतालों में तैयारी शुरू कर दी गई है। उम्मीद है कि सरकारी अस्पताल में नई व्यवस्था जल्द शुरू कर दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री से राज्यकर्मियों के 11 सूत्री मांगों को पूरा किये जाने की जोरदार मांग : महासंघ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के द्वारा पूर्व में किये गये आंदोलन एवं विभिन्न स्तर पर अपने 11 सूत्री मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की मांग की है। संघ की मांगों में राज्य के राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने, क्योंकि कई विभागों में कर्मचारियों एवं पदाधिकारीयों की कमी के कारण उन्हें कार्यों की अधिकता की बोझ हो गई है।

जिसे सरकार को यथाशीघ्र पूरा किया जाना चाहिए। साथ ही मुफस्सिल से लेकर सचिवालय तक के योग्यताधारी चतुर्थवर्गीय कर्मियों को बिना विभागीय परीक्षा के लिपिक संवर्ग में केंद्र एवं बिहार के तर्ज पर प्रोन्नति देने, रिम्स के नर्सों सहित अन्य को ओपीएस का



लाभ देकर पुरानी पेंशन योजना में सम्माहित करने, शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देते हुए गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त करने , लिपिको को प्रोनोति के प>ात 2000 के जगह 2400 ग्रेड पे देने ,जन सेवकों को प्रोन्नति देकर एमएसीपी का लाभ देने ,श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग के प्रशिक्षण अधिकारियों का डी जी टी पत्र के आलोक में ग्रेड पे 4200 के जगह 4600 देने ,मोटर चालक अनुदेशक का ग्रेड पे प्रशिक्षण अधिकारी के समतुल्य देने, कोरोना काल के 18 महीनों का महंगाई भत्ता एक मुस्त देने , 25 - 30 वर्षों से वन विभाग में कार्यरत श्रम पुस्त कर्मी, अनुबंध कर्मी,कंप्यूटर ऑपरेटर ,पारा स्वास्थ्य कर्मी, पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका - सहायिका, चालक ,नगर परिषद के कर्मियों और अनुबंध कर्मियों सहित आउटसोर्सिंग की नियुक्ति नियमावली प्रदान करने के साथ बेरोजगारों को सरकार के रिक्त पद पर नियमित बहाल करने और बेरोजगारी भत्ता देने की मांग की है। श्री जहीर ने कहा कि झारखंड के समस्त राज्यकर्मी सरकार की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं और महासंघ के ज्वलंत एवं गंभीर मांगों को पूरा किए जाने की सरकार से गुहार लगा रहे हैं। जहीर ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्राथमिकता के आधार पर सहानुभूति पूर्वक गंभीरता के साथ महासंघ के मांगों को पूरा किए जाने की मांग है।

# पीएम के नेतृत्व में हुआ देश का सर्वांगीण विकास : संजय सेठ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि पीएम नमो के नेतृत्व में 11 वर्षों में देश का सर्वांगीण विकास हुआ है। श्री सेठ रविवार को रातू रोड स्थित भाजपा महानगर कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, महिला, नौजवान, विद्यार्थी सहित संपूर्ण परिवार के कल्याण के लिये मोदी सरकार ने कार्य किया है। परिवार के साथ राष्ट्र की भी उत्तरोत्तर प्रगति हो, इस दिशा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लंबी लकीर खींची गई है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में कई बड़े कार्य हुये। उन्होंने कहा कि रांची को भी मोदी सरकार ने अनेक उपलब्धियां दी।

चाहे रातू रोड का एलिवेटेड कॉरिडोर हो। चाहे रांची के आधा दर्जन रेलवे स्टेशनों का अमृत स्टेशन के तहत विकास, दर्जनों रेलवे अंडरपास और ओवर ब्रिज, वंदे भारत सहित कई नई ट्रेन, पूर्वी भारत का सबसे बड़ा पुस्तकालय की सौगात, भारतमाला परियोजना, रांची बोकारो एक्सप्रेस-वे ऐसे कई कार्य हुये। इससे झारखंड के विकास को नई गति प्रदान हुई है। झारखंड भी देश के विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। मोदी सरकार का कार्यकाल विकसित भारत की मजबूत नींव रखने वाला कार्यकाल है। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, जितेंद्र वर्मा, बलराम सिंह उपस्थित थे।

# हूल दिवस तैयारी को लेकर कांग्रेस ने किया जूम मीटिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सिद्धू-कान्हू, चान्द-भैरव, फूलो-झानो एवं अन्य शहीदों की याद में 30 जून को मनाये जानेवाले हूल दिवस पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा 28 जून से 30 जून 2025 तक हूल पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में 30 जून, 2025 को भोगनाडीह में कांग्रेस की ओर से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया जाएगा।

कार्यक्रम की सफलता हेतु रविवार को सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सभी जिलों में नवनियुक्त अध्यक्षों की जूम मीटिंग कर हूल यात्रा को सोशल मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने के लिए दिशा निर्देश दिया गया एवं सफल संचालन हेतु एक समिति बनाने की बात कही गई।



बैठक में सोशल मीडिया के स्टेट कोऑर्डिनेटर नलिन मिश्रा और प्रशांत पांडे के अलावा जिला से जगदीश चंद्र महतो, पियारूल इस्लाम, नेहाल अख्तर, जियाउल रहमान, सुनीता गोप, अमित कुमार पांडे, उदय केसरी, वसीम अहमद, देवेंद्र पासवान, जुलकर नैन, भोला दास, कमलेश कुमार महतो, राजकुमार वर्मा, अफाक आलम, रवि कच्छप ,असलम अंसारी, चांद रशीद, राजेश कुमार ठाकुर, इफ्तेखार अंसारी, केदारनाथ साहू, मोशाहिद हुसैन, आशीष शुक्ला, कुंदन कुमार यादव, प्रकाश महतो आदि मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

### मनरेगा मद में सप्लायरों के बकाया भुगतान के बाद काम हो सकता है प्रभावित

**रांची।** केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना में मटेरियल मद में सिर्फ 282 करोड़ का आवंटन किया है। वहीं, इस मद में राज्यांश 90 करोड़ का आवंटन हुआ है। ऐसे में मैटेरियल मद में अभी 372 करोड़ रुपये ग्रामीण विकास विभाग के पास उपलब्ध है, लेकिन यह जरूरत के अनुसार काफी कम है। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार से सामग्री मद में करीब 800 करोड़ रुपये के आवंटन की मांग की गयी थी, जिसमें आंशिक भुगतान ही किया गया है। सामग्री मद के बकाया भुगतान में ही उक्त राशि चली जायेगी ऐसे में नये कार्यो के लिए राशि कम पड़ेगी। बड़ी राशि सप्लायरों का बकाया है। अब यह प्रयास हो रहा है कि मैटेरियल मद की राशि का भुगतान करा दिया जाये। इसके लिए जिलों को राशि भी भेज दी गयी है। जिलों से कार्यो का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी मांगा गया है। रिपोर्ट को भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय को भेजा जायेगा। इसके बाद बकाया भुगतान करने की भी मांग की जायेगी। बता दें कि, बड़े पैमाने पर बकाया होने की वजह से सप्लायर नया काम नहीं लेना चाह रहे थे, बिरसा हरित ग्राम योजना, कुंआ निर्माण सहित अन्य कार्यो में मैटेरिलय के सप्लाई में टेंडर भरने से आनाकानी कर रहे थे।

### ..अब एक्स पर भी जमीन विवाद का मामला खुद देखेंगे दीपक बिरुआ

**रांची।** परिवहन, राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुआ ने विभाग को लेकर एक अलग पहल की है। खासकर जमीन विवाद के निष्पादन मामले में। अब वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भी भूमि विवाद मामले को देखेंगे। इस पर संज्ञान लिये जाने का भी भरोसा दिया है। इस बारे में उन्होंने एक्स पर भी जानकारी साझा किया है। मंत्री ने कहा है कि आप सभी से प्रार्थना और निवेदन है कि भूमि से संबंधित जितना भी आवेदन हो, वो मुझे एक्स के मैसेज में भेजें। बहुत जल्द एक नंबर साझा करूंगा, ताकि भूमि सम्बन्धित शिकायत हो। सभी समाजसेवी बंधु, जो मामला आपसे संबंधित हो या सामाजिक, वो एक ही व्यक्ति जिम्मेदारी लेते हुए करें। इतने लोग एक मामले को उठाते हैं कि संबंधित कार्य होने के पूर्ण भी पोस्ट करते हैं। हम सभी सेवक हैं। अगर सिर्फ सोशल मीडिया पर ऐक्टिव रहना कार्य है, तो मेरा निवेदन है कि पोस्ट करने के पहले आप संबंधित व्यक्ति से मिलें। कोई मामला हो तो वातालॉप करायें, समाधान होगा। यह हेमंत सोरेन जी की टीम है। संज्ञान भी लेगी और समाधान भी होगा।

### रन फॉर योगा के जरिये की योग सप्ताह की शुरूआत

**रांची।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयुष निदेशालय, राज्य योग केंद्र के द्वारा योग सप्ताह का आयोजन 15 से 21 जुन तक किया जा रहा है। इसके तहत पहले दिन (रविवार) रन फॉर योगा का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत राज्य योग केन्द्र रांची से हुई। इस अवसर पर सीमा उदय पुरी ( आयुष निदेशक), डॉ कृष्ण कुमार (उप निदेशक, आयुर्वेद), डॉ अशोक पासवान (उप- निदेशक होम्योपैथ), डॉ फजुलुस शमी (चिकित्सा पदाधिकारी), डॉ उमेश चन्द्र भास्कर (प्रभारी पदाधिकारी) समेत अन्य पदाधिकारियों, कर्मचारियों, योग अभ्यासियों एवं अन्य लोगों की भी उपस्थिति थी। रन फॉर योगा कार्यक्रम राज्य केंद्र से शुरू होकर अलबर्ट एक्का चौक से होते हुए राम मंदिर, सेंट जेवियर कॉलेज, मिशन चौक से होते हुए प्लाजा चौक से वापस राज्य योग केंद्र में समाप्त हुआ। इसका संचालन राज्य योग केंद्र की योग प्रशिक्षिका डॉ अर्चना कुमारी ने किया। इस कार्यक्रम में लगभग 250 लोगों की उपस्थिति रही जिसमें पुरुषों, विद्यार्थियों के अलावा बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में राज्य केन्द्र में योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। योग सप्ताह के अन्य दिनों में पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, योग सत्र के अलावा अन्य कई कार्यक्रमों का आयोजन राज्य केन्द्र में होगा। योग सप्ताह का समापन 21 जून को होगा।

### पीएम के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से निकले बाहर : सीपी

**रांची।** सुखदेव नगर में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री जी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूरा होने के अवसर पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि विगत ग्यारह साल में सरकार ने गरीब कल्याण एवं उनके उत्थान के लिये जो कार्य किया, उसका प्रमाण है कि 25 करोड़ से ज्यादा लोग अत्यंत गरीबी से बाहर निकल सके।

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का चतुर्दिक विकास हो रहा है। मौके पर हेमंत दास ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कि रहा पर चल पड़ा है। अमृत काल कि चर्चा करते हुये कहा कि 2047 में जब देश आजादी का 100वां साल मना रहा होगा तो, विकसित देश के रूप में एक विशिष्ट पहचान बनायेंगे। देश के विरासत को आगे बढ़ाना हो या स्वाभिमान को मोदी सरकार ने देशवासियों का सर ऊंचा किया है।

# जैविक खेती पर जोर, दस हजार किसान होंगे प्रशिक्षित

## जैविक खेती कर रहे किसानों को बाजार उपलब्ध कराने के लिये झारखंड सरकार गंभीर

**ओफाज के अनुसार वर्तमान में राज्य में 20 हजार हेक्टेयर में ऑर्गेनिक खेती का सर्टिफिकेशन करता है, जिसे बढाकर 50 हजार हेक्टेयर करने की योजना है**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देश-दुनिया में इन दिनों ऑर्गेनिक और प्राकृतिक खेती चर्चा में है। रासायनिक और कीटनाशक का खेती में उपयोग और उससे होनेवाले नुकसान की वजह से लोगों में जैविक खेती और उत्पाद को लेकर जागरूकता और आकर्षण बढ़ा है। ऐसे में, झारखंड में जैविक खेती कर रहे किसानों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले। उनके उत्पादों को



बाजार मिल सके। इसके लिये रांची में ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी ऑफ झारखंड की ओर से क्रेता-विक्रेता मीट का आयोजन किया गया। सूत्रों के अनुसार झारखंड में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये दस हजार किसानों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

रांची पहुंचे केन्या के इकोलॉजी फोर्टे लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ सेल्वम डेनियल के अनुसार पूरी दुनिया में जैविक खेती चर्चा में है। वर्ष 2030 तक अफ्रीका ऑर्गेनिक चावल का बड़ा बाजार बनने वाला है। आज ऑर्गेनिक उत्पाद का बहुत बड़ा बाजार है। अगले 10 वर्षों में जैविक खेती से उत्पादित फसलों के बाजार में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि की संभावना है। इस बाजार में झारखंड कहां रहेगा यह एक बड़ा सवाल है। जैविक उत्पाद के क्षेत्र में केन्या सहित भारत के कई राज्यों की कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया है। झारखंड के जैविक उत्पादों को खरीदारों से जोड़ने का प्लेटफॉर्म ओफाज ने मुहैया कराया है। इसमें क्रेता और विक्रेता और सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। झारखंड जैसे राज्य जहां 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। यहां जैविक खेती की अपार संभावना है।

जानकारी के अनुसार सिक्किम ने जैविक उत्पाद राज्य के तौर पर अपना नाम दर्ज करा लिया है। झारखंड के किसानों के लिये एक एसओपी तैयार कर ऐसे राज्यों का दौरा कराना चाहिये। जैविक खेती को लेकर किसानों को मानसिकता बदलने की जरूरत है और ये तभी संभव होगा जब किसान जैविक कृषि की बारीकियों को नजदीक से देखेंगे और समझेंगे। जैविक उत्पाद के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने के लिये एफपीओ कारगर साबित होगा। जैविक उत्पाद किसान के घर तक सीमित ना रहे। बल्कि उसे बाजार तक पहुंचाने और उससे अधिक से अधिक आर्थिक लाभ लेने की सोच को विकसित करने की जरूरत है। एफपीओ को प्रोसेसिंग यूनिट मोहैया कराने के लिए ओफाज को कार्य योजना बनाने की जरूरत है। इसमें सब्सिडी के तहत प्रोसेसिंग यूनिट तैयार करने में मदद पहुंचाई जा सकती है। झारखंड जैसे प्रदेश में जहां जमीन को लेकर कई तरह की बाध्यतायें है वहां ऐसे छोटे उद्योग किसानों के आर्थिक मजबूती के लिये मददगार साबित होंगे। कृषि सचिव अबु बकर सिद्दीकी ने कहा कि मॉडर्न लाइफ में तरह तरह की बीमारियों को लेकर लोगों में जागरूकता आयी है। लोग अच्छा भोजन करना चाहते हैं। इसलिए दुनिया में ऑर्गेनिक फार्मिंग का महत्व बढ़ा है। उन्होंने कहा कि झारखंड पहले से ही उन राज्यों में शामिल है। जहां खेती में फर्टिलाइजर का इस्तेमाल राष्ट्रीय औसत से कम होता है।

सुप्रभात
रांची, सोमवार
16.06.2025
नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 331



12 इजरायल-ईरान युद्ध समाप्त कराऊंगा : ट्रंप

## न्यूज डायरी

### मुंबई में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास उड़ाने की धमकी

मुंबई। मुंबई के बांद्रा इलाके में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास के कार्यालय में एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके बम होने की धमकी दी, लेकिन यह फर्जी कॉल साबित हुई। पुलिस ने बताया कि अमेरिकी वाणिज्य दूतावास कार्यालय में शनिवार करीब आठ बजे एक अज्ञात ने फोन किया और यहां बम होने की बात कही। सूचना मिलते ही बीकेसी पुलिस अधिकारी और बम निरोधक दस्ते की टीम ने पूरे कार्यालय की जांच की, लेकिन कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है और कॉल करने के मकसद की जांच शुरू कर दी गयी है।

### कोयल नदी में डूबने से बीटेक के छात्र की मौत

**लोहरदगा।** कोयल नदी में डूबने से प्रत्यूष राज उर्फ आर्यन (21) की मौत हो गयी। प्रत्यूष राजेश कुमार साहू का पुत्र है। बताया जाता है कि आर्यन अपने चार दोस्तों के साथ कोयल नदी में नहाने गया था। इसी क्रम में वह गहरे पानी में चला गया और गहरे पानी से वापस नहीं आने सका। घटना की जानकारी आर्यन के साथ कोयल नहाने गए युवकों ने पुलिस को दी। सदर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आर्यन को लेकर सदर अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आर्यन बीटेक का छात्र था और चंडीगढ़ में पढाई करता था।

### पुणे में इंद्रायणी नदी का पुल ढहा, दो लोगों की मौत

मुंबई। पुणे जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुंडमाला में इंद्रायणी नदी पर बना पुराना पुल रविवार को अचानक ढह गया। इस घटना में करीब 24 पर्यटक बह गए हैं, इनमें से करीब 12 लोगों को नदी में निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान दो पर्यटकों की मौत हो गई है। 12 सैलानी अभी भी लापता हैं, जिन्हें खोजने के लिए मौके पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम पहुंच गई है और राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

### एआई तकनीक से होगी हाथियों की सुरक्षा

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिला में झारखंड में पहली बार रेलवे ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के माध्यम से हाथियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। चक्रधरपुर रेलवे मंडल ने एलीसेंस लाइव नामक एआई सिस्टम को रेलवे ट्रैक पर लागू किया है, जो हाथियों की उपस्थिति का तुरंत पता लगाकर अधिकारियों को अलर्ट करेगा। इस तकनीक को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा चिड़ियाघर से दो प्रशिक्षित हाथियों को लाकर सिस्टम को ट्रेनिंग दी जा रही है। इस नवाचार का उद्देश्य हाथियों को ट्रेनों की टक्कर से बचाना है। जब कोई हाथी या बड़ा जानवर रेलवे ट्रैक के पास आता है, तो यह एआई प्रणाली तुरंत वीडियो और तस्वीरों के माध्यम से रेलवे और वन विभाग के अधिकारियों को सूचित करती है।

## कार्टून कोना




अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे के ठीक तीन दिन बाद...

# उत्तराखंड में तीर्थ यात्रियों का हेलीकॉप्टर क्रैश, सात की मौत

एजेंसी

**रूद्रप्रयाग/देहरादून।** अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे के ठीक तीन दिन बाद उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड में रविवार को सुबह 5 बजकर 20 मिनट पर एक हेलीकाप्टर क्रैश हो गया। इस दुर्घटना में पायलट सहित उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गयी। हेलीकाप्टर बाबा केदारनाथ के दर्शन करा कर पांच श्रद्धालुओं और मंदिर समिति के एक कर्मचारी को गौरीकुंड वापस ला रहा था। तभी मौसम खराब होने के कारण वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे पायलट सहित उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक लगभग 2 वर्ष की बच्ची भी है। श्रद्धालु परिवार महाराष्ट्र के निवासी थे।

प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि घाटी में बादल थे और विजिबिलिटी ठीक नहीं थी, फिर भी हेलीकॉप्टर उड़ाया गया। यह आर्यन एविएशन कंपनी का था। अधिकारियों ने पुष्टि की कि क्षेत्र में मौसम बहुत खराब था, जिसकी वजह से हेलीकॉप्टर अपना रास्ता भटक गया और दुर्घटना का शिकार हो गया।



खराब मौसम बना हादसे का कारण...

### चार धाम यात्रा में सभी हेलिकॉप्टर सेवाओं पर अगले आदेश तक रोक

उत्तराखंड सरकार ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद चार धाम यात्रा में सभी हेलिकॉप्टर सेवाओं पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के मुख्य सचिव को तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति बनाने का निर्देश दिया। यह समिति हेली संचालन के सभी सुरक्षा और तकनीकी पहलुओं की व्यापक समीक्षा करेगी और नई एसओपी का मसौदा तैयार करेगी। इसमें हेलिकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य होगा।

इधर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने सभी हेलिकॉप्टर ऑपरेटरों को निर्देश दिया है कि वे सुरक्षा मानकों का पालन करें। अगर किसी भी प्रकार की लापरवाही की गयी तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### हेलिकॉप्टर क्रैश के मृतक


1. पायलट राजवीर सिंह (जयपुर, राजस्थान) 2. विक्रम सिंह रावत (ऊखीमठ, उत्तराखंड) 3. विनोद देवी (उत्तर प्रदेश) 4. तृष्टि सिंह (उत्तर प्रदेश) 5. राजकुमार सुरेश (गुजरात) 6. श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (महाराष्ट्र) 7. काशी (महाराष्ट्र)

### उत्तराखंड हेलीकॉप्टर दुर्घटना की विस्तृत जांच एएआइबी करेगा

**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड में श्री केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी की उड़ान के दौरान रविवार की सुबह एक बेल 407 हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की विस्तृत जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा।

अहमदाबाद विमान हादसा

### पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का डीएनए मैच आज होगी अंत्येष्टि



**अहमदाबाद।** एयर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री जय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस हादसे में मृतकों के शव इतने क्षत-विक्षत थे कि उन्हें पहचानना मुश्किल था। इसलिए मृतकों और उनके परिजनों के डीएनए सैंपल के जरिये शवों की पहचान करने का फैसला लिया गया था। विजय रूपाणी के बेटे ने शनिवार को अस्पताल आकर डीएनए सैंपल दिया था। पूर्व सीएम के शव की पहचान होने के बाद पार्थिव शरीर उनके परिवार को सौंप दिया गया। आज राजकोट में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

फादर्स-डे पर सीएम का भावुक पोस्ट

### पिता एक ऐसा वटवृक्ष है...




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूरे देश में रविवार को फादर्स डे मनाया गया। एक ऐसा दिन जब हम अपने जीवन में पिता के योगदान, उनके समर्पण और त्याग को याद करते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पिता झारखंड राज्य निर्माण के अगुआ आंदोलनकारी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री रह चुके दिशोम गुरु शिबू सोरेन को अपने जीवन का आदर्श मानते हुए राज्यवासियों को फादर्स डे की शुभकामनाएं दी।

**सीएम हेमंत सोरेन ने अपने पिता पर लिखी भावुक पोस्ट :** उन्होंने एक्स पर अपने पिता के साथ तस्वीर साझा की और अपने जीवन में पिता की भूमिका को रेखांकित करते हुए लिखा कि पिता एक ऐसा वटवृक्ष है, जिनकी छांव में आत्मविश्वास पलता है और जड़ों से मिली सीख से जीवन का हर पल सार्थक हो जाता है। मेरे गुरु, मेरे मार्गदर्शक हैं मेरे बाबा आदरणीय दिशोम गुरुजी। फादर्स डे के अवसर पर सभी को ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार...

### पिता एक नींव की तरह होते हैं...



पिता एक नींव की तरह होते हैं, जो खुद अडिग खड़े रहकर हमारे सपनों की इमारत को ऊँचाइयाँ देते हैं। संघर्ष चाहे जितने भी हों, पिता की मौजूदगी हौसले की तरह साथ चलती है। फादर्स डे के इस विशेष अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई,शुभकामनाएं और जोहार!

कल्पना सोरेन

रांची पुलिस ने आरोपी हंस यादव और मुन्ना यादव की सड़क पर निकाली परेड

## ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात होमगार्ड जवान पर हमला करने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के कटहल मोड़ में बीते दिनों ट्रैफिक ड्यूटी के दौरान ऑटो चालक को जाम लगाने से मना करने पर होमगार्ड जवान पर जानलेवा हमला करने वाले दोनों आरोपियों हंस यादव उर्फ पुत्ती और मुन्ना यादव उर्फ अखिलेश यादव को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को सड़क पर परेड भी करायी। पुलिस पर हुए हमले को लेकर काफी आक्रोश था। मामले को एसएसपी ने काफी गंभीरता से लिया था। ट्रैफिक पुलिस पर हमला करने के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए थे। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को सड़कों पर परेड करायी।

गौरतलब हो कि 9 जून को रांची के दलादली ओपी क्षेत्र के कटहल मोड़ में ट्रैफिक जवानों को उस वक्त निशाना बनाया गया था, जब वे अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे थे और ऑटो को सड़क से हटाने का निर्देश दे रहे थे। इसी दरम्यान ट्रैफिक जवानों से ऑटो चालक उलझ गए। जिसके बाद ट्रैफिक जवान उसे पकड़ कर ट्रैफिक पोस्ट पर ले जाने लगे। इस क्रम में हंस यादव उर्फ पुत्ती और मुन्ना यादव उर्फ अखिलेश यादव ने ट्रैफिक जवानों पर हमला कर दिया। होमगार्ड जवान रोहित गंझू को पत्थर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।



### झारखंड में दो दिनों तक बारिश का येलो और ऑरेंज अलर्ट

**रांची।** देशभर में पिछले कुछ हफ्तों से जारी तपती गर्मी से जूझ रहे लोगों को अब राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि 16 से 19 जून के बीच दक्षिणी, पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में मूसलधार बारिश हो सकती है। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में बिजली गिरने, आंधी और तेज हवाओं के साथ भारी से अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना जताई गई है।

**झारखंड में मानसून :** रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उपनिदेशक अभिषेक आनंद ने कहा कि राज्य में मॉनसून पूर्व गतिविधियां शुरू होने के संकेत मिल रहे हैं। 17 से 19 जून के बीच मॉनसून के आगमन की परिस्थितियां अनुकूल प्रतीत हो रही हैं। इस दौरान राज्य के कई हिस्सों में अत्यधिक बारिश हो सकती है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

राजद प्रदेश अध्यक्ष चुनाव की स्क्रूटनी में दो उम्मीदवारों का नामांकन रद्द

## संजय सिंह यादव पुन: बने अध्यक्ष

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधायक संजय कुमार सिंह का एक बार फिर झारखंड प्रदेश राजद के अध्यक्ष बनने का रास्ता साफ हो गया है। झारखंड राजद संगठन चुनाव-2025-28 चुनाव में रविवार को स्क्रूटनी के दौरान भारी हो-हंगामे के बीच पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रहे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष रहे सदाकत हुसैन अंसारी का नामांकन रद्द होने के बाद विधायक संजय सिंह यादव का फिर से प्रदेश अध्यक्ष बनने का रास्ता साफ हो गया है।

राज्य निवार्ची पदाधिकारी गिरधारी गोप ने बताया कि स्क्रूटनी के दौरान नामांकन प्रपत्र में प्रस्तावक के रूप में राज्य परिषद के सदस्यों के हस्ताक्षर नहीं होने के आधार पर दो नामांकन प्रपत्र रद्द कर दिए गए। सिर्फ संजय कुमार सिंह यादव का नामांकन वैध पाया गया है।

### संजय सिंह यादव का नामांकन पाया गया वैध



झारखंड राजद प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। इनमें से स्क्रूटनी के दौरान सिर्फ संजय सिंह यादव का नामांकन वैध पाया गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी गिरधारी गोप ने स्क्रूटनी के दौरान अभय सिंह और सदाकत हुसैन अंसारी का नामांकन रद्द कर दिया। राजद संगठन चुनाव 2025–28 के लिए राज्य निवार्ची पदाधिकारी ने संजय सिंह यादव के निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने का पत्र जारी किया। पत्र में लिखा कि स्क्रूटनी में दो उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द हो जाने के बाद सिर्फ संजय सिंह यादव ही उम्मीदवार थे, इसलिए उनका निर्विरोध निर्वाचन प्रदेश अध्यक्ष पद पर हुआ है।

### गलत तरीके से नामांकन प्रपत्र हुआ रद्द : अभय

झारखंड राजद प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में स्क्रूटनी के दौरान हंगामा के बाद पार्टी कार्यालय से बाहर निकलते हुए अभय सिंह ने कहा कि नामांकन प्रपत्र में राज्य परिषद सदस्य का प्रस्तावक बनना जरूरी नहीं होता है। यहां मनमानी हुई है। नामांकन प्रपत्र में प्रस्तावक के रूप में राज्य परिषद के सदस्य का हस्ताक्षर नहीं होने पर राज्य निवार्ची पदाधिकारी ने जब सवाल उठाये तो उम्मीदवार अभय कुमार सिंह और उनके समर्थक अजीत कुमार मुकुल ने इसका जोरदार विरोध किया और हंगामा किया। झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष के एक अन्य उम्मीदवार सदाकत हुसैन अंसारी ने भी नामांकन प्रपत्र को रद्द किए जाने को अवैध बताते हुए आलाकमान से शिकायत करने की बात कही है।

प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले पड़ाव पर साइप्रस पहुंचे

## आतंकवाद से निपटने में वैश्विक समझ बढ़ायेंगे : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को साइप्रस पहुंचे जहां राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स ने स्वयं हवाई अड्डे पर श्री मोदी का स्वागत किया। श्री मोदी का विशेष विमान भारतीय समयानुसार करीब पांच बजे साइप्रस के लानार्का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा जहां उनकी अगवानी के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स मौजूद थे। हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी मौजूद थे। साइप्रस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर पीएम यहां की आधिकारिक यात्रा पर आए हैं।



श्री मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए व्यापक चर्चा होगी।

उसके बाद 16-17 जून को कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों और वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं पर विचारों के आदान-प्रदान के लिए मंच उपलब्ध होगा। उन्होंने लिखा कि साझेदार देशों के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए भी उत्सुक हूं। अपने कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी के साथ बैठक भी करेंगे, जबकि उनकी अन्य द्विपक्षीय बैठकों पर अभी भी काम चल रहा है। शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी मुलाकात होगी और वापसी में क्रोएशिया का भी दौरा सुनिश्चित है।

इधर पीएम मोदी ने तीन देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा कि उनकी यह यात्रा आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए वैश्विक समझ को बढ़ाने का एक अवसर है। नरेंद्र मोदी डॉट इन पर उन्होंने लिखा यह यात्रा, सीमापार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में भारत को लगातार समर्थन देने के लिए साझेदार देशों को धन्यवाद देने और आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक समझ को प्रेरित करने का एक अवसर भी है। यह यात्रा ऐतिहासिक बंधनों को मजबूत करने और व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों का विस्तार करने और लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करती है।

**यह यात्रा भारत की वैश्विक रणनीतिक सोच का हिस्सा :** यह यात्रा भारत की वैश्विक रणनीतिक सोच का हिस्सा है। साइप्रस जैसे छोटे लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना भारत की विदेश नीति में 'मल्टी एलायंस डिप्लोमेसी' की दिशा में एक अहम कदम है। दो दशकों में किसी भारतीय पीएम की यह पहली यात्रा है।

रांची में रन फॉर योगा का आयोजन

## करें योग-रहें निरोग और एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य का दिया संदेश




एजेंसी/खबर मन्त्र संवाददाता

**वाराणसी/रांची।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में रविवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह की शुरूआत की गई। आयुष विभाग की देखरेख में नमो घाट पर विशेष योग शिविर का आयोजन सुबह छह बजे किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

इधर राजधानी रांची में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयुष निदेशालय, राज्य योग केंद्र की ओर से योग सप्ताह का आयोजन 15 से 21 जून तक किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिन रन फॉर योगा का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत राज्य योग केन्द्र, रांची से हुई। रन फॉर योगा राज्य केंद्र से शुरू होकर अलबर्ट एक्का चौक से होते हुए राम मंदिर, सेंट जेवियर कॉलेज, मिशन चौक से होते हुए प्लाजा चौक से वापस राज्य योग केंद्र में समाप्त हुई। रन फॉर योगा का संचालन राज्य योग केंद्र की योग प्रशिक्षिका डॉ अर्चना कुमारी ने किया।

## स्पीड न्यूज

### भीषण गर्मी में आईआरटीसीएसओ ने रेल यात्रियों को पिलाया नींबू-शर्बत पानी



मेदिनीनगर। डालटनगंज ऑल इंडिया टिकट चेकिंग स्टॉफ ऑर्गनाइजेशन की ओर से रविवार को स्टेशन परिसर में भीषण गर्मी से रेल यात्रियों को राहत दिलाने के मकसद से नींबू-शर्बत पानी की व्यवस्था की गई। ऑर्गनाइजेशन के डिविजनल वाइस प्रेसिडेंट सह सीआईटी बीएम पांडेय की उपस्थिति में हजारों रेल यात्रियों को नींबू शर्बत व शीतल जल पिलाकर उनके सुखद व मंगलमय यात्रा की कामना की गई। वरीय भाजपा नेता सह समाजसेवी दुर्गा जौहरी, सीआईटी सह संघ के उपाध्यक्ष बीएम पांडेय, टीटीई रवींद्र दुबे, एसके सिन्हा, लक्ष्मण दुबे, दिलीप कुमार व शिवपूजन साव सहित कई रेलकर्मी व स्थानीय लोगों ने संयुक्तरूप से यात्रियों को नींबू शर्बत व ठंडा पानी पिलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। वाइस प्रेसिडेंट पांडेय ने कहा कि पिछले दस वर्षों से उनके संगठन की ओर से सामाजिक दायित्व के तहत स्टेशन परिसर में जनसेवा के कई कार्य किया जाता रहा है। उसी कड़ी में रविवार को भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप को देखते हुए रेल यात्रियों को राहत दिलाने के उद्देश्य से शर्बत पानी की व्यवस्था की गई थी। पांडेय कहा कि उनके संगठन की ओर से इस छोटी सी प्रयास से इस भीषण गर्मी में यात्रियों के सूखे गले को ठंडे पानी व नींबू शर्बत से निश्चित रूप से काफी राहत मिली होगी। उन्होंने कहा कि रेल प्रबंधन के प्रति यात्रियों के विश्वास को और सुदृढ करना ही उनकी संगठन की पहली प्राथमिकता है। जिसके तहत समय समय पर समाज सेवा के क्षेत्र में कई उत्कृष्ट कार्य किया जाता है। यहां यह भी बताना जरूरी है कि टिकट चेकिंग स्टॉफ ऑर्गनाइजेशन अपने दायित्वों के निर्वहन से शेष बचे समय का सदुपयोग समाजसेवा में करते रहा है। ऑर्गनाइजेशन की ओर से गर्मी के दिनों में तपती धूप से स्टेशन पहुंचे यात्रियों को नींबू पानी पिलाने से लेकर धार्मिक अनुष्ठान छठ पूजा में व्रतियों के बीच आम की सूखी लकड़ियां वितरण करने व कंपकपाती ठंड में यात्रियों के लिए स्टेशन परिसर में अलाव की व्यवस्था करने में भी अग्रणी भूमिका निभाती रही है।

### प्राइवेट स्कूल एसो. पाटन ने नावाजयपुर के नये थाना प्रभारी को किया सम्मानित



पाटन (पलामू)। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन पाटन इकाई के अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद, सचिव राजू मेहता, उपाध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने रविवार कों नावाजयपुर थाना के नये थाना प्रभारी के रूप योगदान दिए थाना प्रभारी शतीश कुमार गुप्ता कों शॉल एवं बुके दे कर सम्मानित किया। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान एसोसिएशन को लेकर कई चर्चा की गई। साथ ही अध्यक्ष बीरेंद्र ने सभी स्कूलों को सदैव सहयोग देने की बात कही। विशिष्ट मुलाकात के बाद प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव ने नए थाना प्रभारी को पद ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दी। थाना प्रभारी ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ गांवों/कस्बों में शांति, अमन चैन एवं भाईचारा को बढ़ावा देना होगा। साथ ही पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय रहेगा। लोग किसी भीं तरह का समस्या मे बेझिझक थाना में आकर समस्या रख सकते है।

### आयुष विभाग रामगढ़ में हेल्थ कैंप आज वृद्धजनों का किया जायेगा इलाज

रामगढ़ पलामू। प्रखंड कार्यालय परिसर में दो दिवसीय 16 एवं 17 जून को ऑस्टियोआर्थराइटिस एवं मस्कुलोस्केलेटन विकारों से ग्रसित मरीजों तथा वायोमित्र कार्यक्रम अंतर्गत वृद्धजनों के चिकित्सकीय जांच एवं आयुष पद्धति द्वारा इलाज हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, आयुष विभाग से टैग्ड सहिया व योगा इंस्ट्रक्टर मौजूद रहेंगे। शिविर में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और युनानी चिकित्सा के अलग-अलग काउंटर लगाकर क्षेत्र से आये मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जायेगा तथा नि:शुल्क दवाओं का वितरण भी किया जायेगा। इसके साथ ही शिविर में पुराने असाध्य रोगों का इलाज भी किया जायेगा।

### प्रखर समाजसेवी स्व नंदलाल तिवारी की पत्नी सीता देवी का निधन

हैदरनगर (पलामू)। हैदरनगर चौक बाजार निवासी और प्रखर समाजसेवी स्व नंदलाल तिवारी की 80 वर्षीय धर्मपत्नी सीता देवी का निधन शनिवार की रात 9:40 बजे अचानक हृदय गति रुकने से हो गया। परिजनों के अनुसार, उन्होंने देर शाम नाश्ता और भोजन करने के बाद काफी देर तक दरवाजे पर बैठकर आसपास के लोगों को देखती रहीं। इसके कुछ ही समय बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। स्व सीता देवी अपने पीछे इकलौती पुत्री किरण देवी, दामाद अशोक कुमार पांडेय, नाति उज्जवल पांडेय एवं दो नतिनी को छोड़ गई हैं। उनके निधन की खबर रविवार सुबह जैसे ही बाजार क्षेत्र में फैली, पूरा माहौल शोकाकुल हो गया। दुकानदारों व व्यवसायियों ने अपनी संवेदना प्रकट करते हुए लगभग दो घंटे तक प्रतिष्ठान बंद रखे और शव यात्रा में शामिल होकर अंतिम दर्शन किए। शव यात्रा में जिप सदस्य संगीता देवी, मुखिया संतोष कुमार सिंह, पंसस शैलू जयसवाल, जितेन्द्र सिंह, समाजसेवी डॉ अजय जयसवाल, मनोज मालाकार रौनक सिंह, राजू सोनी, ब्रिज सोनी, अंकित अग्रवाल,संतोष चंद्रवंशी, धर्मेन्द्र कुमार, जितेन्द्र प्रसाद, सुदर्शन लाल, पवन लाल, जितेन्द्र अग्रवाल, नंदलाल प्रसाद, कौशल किशोर, संतन चौधरी, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। इनका अंतिम संस्कार जपला स्थित सोन नदी के तट पर किया गया, जहां भतीजे मनोज कुमार तिवारी ने उन्हें मुखाग्नि दी। गौरतलब है कि उनके पति, स्व नंदलाल तिवारी एक प्रख्यात समाजसेवी थे, जिन्होंने स्थानीय राम मंदिर की सेवा के साथ-साथ बुजुर्गों के बीच प्रेम और आदर का भाव फैलाने में जीवन समर्पित कर दिया था। उनका निधन 9 जुलाई 2014 को वृद्धावस्था में हुआ था। आज भी उनकी पुण्यतिथि श्रद्धा और सामाजिक सहभागिता के साथ मनाई जाती है।

### गरीबों असहायों व जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण



मेदिनीनगर। मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान निरंतर चलते चला आ रहा है। कहा भी गया है कि निष्ठावान होकर कार्य करने में ईश्वर का आशीर्वाद रहता है जिस कारण सफलता भी मिलती है। अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल और दातून बेचने वालों के बीच तथा शनि मंदिर के आसपास बैठे बुजुर्ग दिव्यांग बच्चे सबों के बीच भोजन वितरण किया गया। वे सबों को आस भी लगी रहती है। भोजन ग्रहण करते समय उनके चेहरे की खुशी देख समृद्धि टीम का परिश्रम सफल हो जाता है। मौसम गरम हो या ठंडा जज्बा जब कुछ करने का हो तो सब आसान हो जाता है। फिर भी यह कार्य इतना भी आसान नहीं होता लेकिन सबों के सहयोग से यह पुनीत कार्य संभव होता चला आ रहा है। रोटी देने वाले परिवारों का अभिनंदन। कार्यक्रम को सफल बनाने में बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, शिल्पी गोस्वामी, ममता कुमारी एवं अन्य सभी सदस्यों का योगदान प्रेरणादायी होता है।

### प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

मेदिनीनगर। शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दी एजुकेशनल जोन (तेज) द्वारा रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन ए टू जेड कोचिंग के प्रांगण में किया गया। इस विशेष अवसर पर कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रिकेश प्रसाद ने किया।

# स्व: रतन देवी जैन का सेवा सदन बनाने में बड़ा योगदान : आनंद शंकर

## चेंबर ऑफ कॉमर्स ने समाजसेवी की माता के निधन पर दो मिनट का रखा मौन

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एक बैठक होटल ज्योतिलोक के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सभी सदस्यों ने चेंबर के वरिष्ठ सदस्य शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई समाजसेवी सुरेश जैन, हेमंत जैन की माता रतन देवी जैन जिनके प्रयास से सेवा सदन का निर्माण हुआ की अकस्मात मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर सभी सदस्यों ने अपनी संवेदना प्रकट की।

इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि सुरेश जैन का परिवार हमेशा से सामाजिक रहा है और समाज के हर दुख सुख में खड़ा रहता है। वहीं उनकी माता स्वर्गीय रतन देवी जैन ने सुरेश बाबू के पिता स्वर्गीय प्रकाश चंद जैन के द्वारा शुरू की गई प्रकाश चंद जैन सेवा सदन की योजना को अपने अथक प्रयास से पूरा करने में अपनी योगदान दिया है जो आज शहर के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में वरदान है। बैठक में कुछ दिन पूर्व युवा दवा व्यवसाई सप्त ऋषि भट्टाचार्य की तबीयत खराब होने के बाद रांची में अचानक मृत्यु होने पर भी 1 मिनट का मौन रखा गया और उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। स्वर्गीय सप्त ऋषि भट्टाचार्य सुमित्र भट्टाचार्य जो ग्रामीण बैंक से अभी अभी सेवानिवृत हुए और एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते सेवा सदन में निशुल्क योगदान दे रहे थे उनके छोटे भाई थे। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने रतनलाल प्रकाश चंद जैन परिवार में आये दुख एवं सोमित्रों दादा के परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए बातें रखी और समाज में इन परिवार द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों में दिए गए योगदान को दोहराया। सभा के अंत में अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों की आत्मा के शांति के लिए 1 मिनट का मौन रखा। इस मौके पर चेंबर के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रंकू दुबे, राजदेव उपाध्याय, प्रदीप कुमार बाबूल, अविनाश वर्मा, इंदरजीत सिंह डिंपल, आलोक माथुर, बद्री अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, विक्रांत सिंघानिया, राकेश कुमार, अभय कुमार, सुमित अग्रवाल, साकेत रंजन, श्रवण कुमार चौधरी, प्रेम जायसवाल, सुरेंद्र तिवारी, अमिताभ मिश्रा, विनोद कुमार अग्रवाल, एनके भाटिया, राजहंस अग्रवाल, प्रधान सक्सेना और वरिष्ठ सदस्य गीरू सिंहा समेत काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### चेंबर गौशाला की व्यवस्था में सहयोग करें : अरुणा शंकर



पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक में प्रथम महापौर अरुणा शंकर के अनुरोध पर शहर का एकमात्र श्री गौशाला, बारालोटा की देखरेख में सहयोग करने का निर्णय लिया। बैठक में अरुणा शंकर ने अनुरोध किया था जैसे चैंबर राजा हरिश्चंद्र घाट का इतनी सुंदर ढंग से कोरोना काल से अब तक देख-रेख करता आ रहा वैसे ही शहर के इस एकमात्र गौशाला को भी सुव्यवस्थित करने में अपनी योगदान दे यह एक पुनीत कार्य है। इसमें जो भी आर्थिक सहयोग होगा सदस्यों के साथ में भी मदद करूंगी। इस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई और कहा कि हम सब एक कमेटी बनाकर जैसे राजा हरिश्चंद्र घाट का संचालन कर रहे हैं वैसे ही गौशाला कमेटी के साथ मिलकर उन्हें सहयोग की जाएगी।

#### पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन बनी लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर की मानद सदस्य, कहा

## समाजसेवा के क्षेत्र में नयी ऊर्जा का संचार होगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने जिले के पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन को मानद सदस्यता प्रदान कर एक ऐतिहासिक पहल की है। क्लब की उपाध्यक्ष लायन लिली मिश्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एसपी आवास पर पहुंचकर उन्हें क्लब की सदस्यता प्रमाण पत्र, पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर एसपी रीष्मा रमेसन ने कहा कि लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा दिये गये दायित्व का निर्वहन किया जायेगा। समाजसेवा के क्षेत्र में नई उर्जा का संचार होगा। उन्होंने लायंस क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही लाइन लिली मिश्रा ने बताया कि सदस्यता उद्देश्य केवल एक औपचारिक सदस्यता ही नहीं था, बल्कि यह पुलिस-जन संवाद, विश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि एसपी प्रशासनिक कठोरता के साथ मानवीय संवेदना का अद्वितीय संगम हैं। एसपी रमेसन ने अपने कार्यकाल में आम जनता के साथ जिस सहजता व संवेदनशीलता से संवाद स्थापित किया है, उसकी प्रशंसा जनमानस में की जाती है। जहां एक ओर अपराध, उग्रवाद और तस्करी के विरुद्ध कठोर रुख अपनाने के लिए जानी जाती हैं, वहीं दूसरी ओर गरीब, पीड़ित और वंचित वर्गों के लिए एक भरोसेमंद प्रशासक उभरी है। अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने कहा कि एसपी को क्लब की सदस्यता देकर केवल एक सामाजिक प्रतीक नहीं जोड़ा है, बल्कि हमें अब एक मार्गदर्शक, एक अभिभावक और एक प्रेरणा स्रोत भी प्राप्त हुआ है। समाज सेवा की दिशा में यह कदम हमारे कार्यों को अधिक प्रभावशाली बनायेगा। लायंस क्लब के सदस्यों ने कहा कि समाज और प्रशासन के बीच एक सेतु का काम करेगा, महज दो वर्षों के अल्प कार्यकाल में ही लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर ने समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। क्लब ने स्वास्थ्य शिविरों से लेकर शिक्षा-सहायता, पर्यावरण संरक्षण, आपदा राहत, पशु-पक्षियों की देखभाल जैसे विभिन्न कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। मौके पर डॉ अभय कुमार व डॉ निशांत कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर मुकेश कुमार अग्रवाल, आनंद वर्धन, सचिव निलेश चंद्र, रणजीत मिश्रा मौजूद थे।

## खेल संपूर्ण स्वास्थ्य की गंगोत्री है : अविनाश देव

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य कबड्डी एसोसिएशन द्वारा अंतरराज्यीय टूर्नामेंट का आयोजन रांची के मोरहाबादी मैदान में किया गया है, जहां संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल थे। मौके पर पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश महतो मौजूद थे। खेल के मैदान पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात ट्रॉफी को अनावरण किया गया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए देव ने कहा कि खेल संपूर्ण स्वास्थ्य की गंगोत्री है, जहां जाति, धर्म, भाषा, बोली, ऊंच-नीच अमीरी-गरीबी से ऊपर उठ कर सभी खिलाड़ी अपने लक्ष्य को भेदने में लगे रहते हैं। असली भारत का तस्वीर लोकतंत्र संविधान अनुशासन भाईचारा प्रेम न्याय और एकता अखंडता खेल के मैदान में ही दिखता है। जरूरत है खेल को बढ़ावा और प्रोत्साहन देने कि ताकि खिलाड़ियों के मनोबल बढ़ सके। खेल के दुनिया में कैरियर की अपार संभावना है बशर्ते सरकार थोड़ा और गंभीर रहे। झारखंड के खिलाड़ी तो अंतरराष्ट्री स्तर पर भारत के परचम लहरा चुके हैं, मुझे आशा है भविष्य में और बेहतर कर सकेंगे।

### मेदिनीनगर के आरिफ अख्तर ने पास की नीट परीक्षा



मेदिनीनगर। शहर के पहाड़ी मोहल्ला राहत नगर के रहने वाले आरिफ अख्तर ने नीट परीक्षा पास कर ली है। उसे ऑल इंडिया में 11630 और ओबीसी कैटेगरी में 4945 रैंक आया है। कुल अंक 551 लाकर पलामू का नाम रौशन किया है। आरिफ ने बताया कि लगभाग 3 साल से नीट की तैयारी कर रहे थे। काफी मेहनत के बाद इस वर्ष मेहनत रंग लाई और परीक्षा में सफलता हासिल हुई। आरिफ ने सफलता का श्रेय मां खुशबू निशा और पिता नसीम आलम को दिया। वह घर पर ही रहकर ऑनलाइन क्लास कर तैयारी करता था। आरिफ ने बताया कि वह डॉक्टर बनकर गरीबों को मुफ्त में इलाज करेगा।

## नीट यूजी परीक्षा में एमके डीएवी के चार छात्र हुए सफल

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** 14 जून को देश की प्रतिष्ठित परीक्षा नीट यूजी 2025 का परिणाम घोषित हुआ। इस परीक्षा में मेदीनीनगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के चार छात्रों ने लाखों छात्रों के बीच सफलता प्राप्त कर सभी को गौरवान्वित किया। इन छात्रों में मुस्कान सुपुत्री संजय कुमार अग्रवाल ने कुल 551 अंक प्राप्त कर सामान्य श्रेणी में 5258 वां स्थान प्राप्त किया। शिवानी गिरी सुपुत्री सुनील गिरी ने कुल 554 अंक एवं सामान्य श्रेणी में 1073 वां स्थान प्राप्त किया। अभिषेक रंजन सुपुत्र निरंजन कुमार ने कुल 530 अंक एवं ओ.बी.सी वर्ग में 10961 वां स्थान प्राप्त किया एवं सागर कुमार सुपुत्र दिलीप कुमार गुप्ता ने कुल 512 एवं ओ.बी.सी वर्ग में 16355 वां स्थान प्राप्त किया। अपने छात्रों की शानदार उपलब्धि पर डीएवी परिवार हर्षित एवं उत्साहित है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इन परीक्षाओ में लाखों मेधावी छात्र वर्षों तक परिश्रम कर आंखों में चिकित्सक बनने का सपना लिए परीक्षा देते हैं। उनके बीच स्थान बनाना बेहद दुष्कर एवं गौरव की बात है। इस विद्यालय के छात्रों ने इस मिथक को तोड़ा है कि डालटनगंज में रहकर बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि इन सभी छात्रों को सरकारी विद्यालय में प्रवेश आसानी से प्राप्त हो सकेगा।

### विहिप पलामू की मासिक जिला बैठक संपन्न




मेदिनीनगर। विश्व हिंदू परिषद, पलामू की मासिक जिला बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक और संचालन जिला मंत्री अमित तिवारी ने किया। इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद और इसके आयाम बजरंग दल, मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी की भी सहभागिता रही। इस बार प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग में जिला से बजरंग दल की उपस्थिति संतोषजनक नहीं थी। कारण का समीक्षा कर भविष्य में सुधार करने की आवश्यकता पर विमर्श किया गया। प्रशिक्षण से लौटे प्रशिक्षणार्थियों ने अपना अनुभव भी उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच रखा। प्रखंड बैठक की तिथि तय की गई और सभी प्रखंडों को प्रखंड बैठक 25 जून तक अनिवार्य रूप से आयोजित करने के लिए निर्देश दिया गया। बैठक में विहिप पलामू विभाग मंत्री महेंद्र नाथ, मानद जिला उपाध्यक्ष लाला प्रसाद यादव, महिला उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, सह मंत्री पप्पू सिंह, संगठन मंत्री संतोष प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सह संयोजक हिमांशु पांडेय, सोनू सिंह, विवेक सिंह, सुधाकर गोपाल कृष्ण तिवारी, विकाश कुमार कश्यप, पप्पू लाठ, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, विकाश गुप्ता, सर्वेश आनंद, चैनपुर प्रखंड मंत्री देवराज शर्मा, जनेश गुप्ता, मातृ शक्ति प्रमुख ऊषा राणा, दुर्गा वाहिनी संयोजिका कामिनी सिंह, कनक सिंह, सत्य प्रकाश, विनीत कुमार सिंह, रूपेश कुमार, छतरपुर प्रखंड संयोजक बिट्टू जॉन, पांकी प्रखंड विहिप अध्यक्ष संस्कार सोनी उर्फ गोलू कुमार सोनी, प्रखंड बजरंग दल संयोजक अखिलेश कुमार, नवनीत कुमार तिवारी समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### फोर्थ ग्रेड बहाली में स्थानीयता को प्राथमिकता दे जिला प्रशासन : अमित तिवारी

मेदिनीनगर। पलामू जिला प्रशासन के द्वारा चतुर्थ वर्गीय पदों के लिए निकाले गए नियुक्ति विज्ञापन में दसवीं में प्राप्त अंकों को आधार बनाकर मेरिट लिस्ट बनाने पर पलामू के छात्रों ने कड़ा विरोध जताया है। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी महामंत्री ज्योति पांडेय, श्वेतांक गर्ग, श्रवण गुप्ता गुप्ता, राकेश पाण्डेय आदि ने छात्रों के मांग को जायज ठहराते हुए छात्रों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही। छात्रों ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि चतुर्थ वर्गीय बहाली प्रक्रिया में केवल दसवीं के अंकों से मेरिट ना बनाकर परीक्षा लेकर नियुक्ति प्रक्रिया को संपन्न कराया जाए। भाजपा अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के नौजवानों के साथ धोखा कर रही है। नौजवानों को झांसा देकर सत्ता पाकर हेमंत सरकार नौजवानों के हितों को भूल चुकी है। पांडे ने कहा कि छात्रों की मांग जायज है जिला प्रशासन को नियुक्ति विज्ञापन पर विचार करने की आवश्यकता है नहीं तो भाजपा के द्वारा आंदोलन किया जाएगा। मौके पर छात्रों ने समाहरणालय परिसर में फोर्थ ग्रेड के नियुक्ति विज्ञापन की प्रति को जलाकर अपना रोष प्रकट किया। मौके पर पवन गोस्वामी, सिद्धार्थ, विकास यादव, विकास, प्रभात, अभिषेक, सुशील, रवि रंजन, जयप्रकाश प्रसाद, अभिमन्यु, मनोज, अजय, विकेश, दीपक, हरेंद्र, अरुण, नवनीत, सुमन कुशवाहा, कैसर प्रवीण, किशोर पासवान व छात्र उपस्थित थे।

## अनुसूचित जनजाति/पीवीटीजी लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने के लिए शिविर आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** पंचायत सचिवालय तलेया बभंडी सभागार में जनजातिय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा धरती आबा जन भागीदारी अभियान के लिए जागरुकता हेतु शिविर आयोजित की गई। 15 से 30 जून तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रव्यापी जागरूकता और लाभ अभियान के तहत अनुसूचित जनजाति/ पीवीटीजी लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में पूर्वाह्न 10:30 बजे से शिविर का आयोजन होना था। परंतु आम जनता को इसकी भनक तक नहीं लगी जैसे जैसे अधिकारी को आने की खबर आम जनता को मिली 20-25के संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत नोडल अधिकारी मनिष कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में कुल नौ टेबल जल्दी जल्दी में लगाए गए। कार्यक्रम में शिवनारायण उरांव, दीपक पाण्डेय, पुष्पा तिवारी, पूनम देवी, अशोक वर्मा, रितू पासवान, विवेक सिंह, बृजराज मिश्रा, मुखिया पति अजमल अंसारी उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय कमलापुरी महासभा की प्रथम कार्यकारिणी बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता




**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत समृद्धि मैरिज हाल में अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा की प्रथम कार्यकारिणी बैठक आहूत की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजमणि प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन निरंजन प्रसाद ने किया। संयुक्त बिहार से अलग होने के बाद झारखंड के सभी जिलों व प्रखंड में दायित्व दिया गया। प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र कमलापुरी, कोषाध्यक्ष काशी प्रसाद, चैनपुर इकाई के अध्यक्ष हेमचंद्र प्रसाद, महामंत्री अजय कुमार, महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ मीना गुप्ता, युवा प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार, प्रदेश संरक्षक सुरेश आर्य, उपाध्यक्ष दिलिप कमलापुरी, जितेन्द्र कमलापुरी सभी को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में श्रवण कुमार आर्य, रूपेश कमलापुरी, चंदु गुप्ता, शिवनारायण गुप्ता, मनिष, नीरज, श्याम, आनंद प्रसाद उपस्थित थे।

## नवनिर्मित सड़क के किनारे नहीं भरा गया फ्लैंक

**आये दिन हो रही दुर्घटना**

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



टेम्पो खड़ा करते लोग और सड़क के नीचे उतरा कार।

**विश्रामपुर (पलामू)।** सड़क विकास का वास्तविक पैमाना होता है। सड़क बनने से लोग प्रसन्नचित हो जाते हैं लेकिन संवेदक की लापरवाही व मनमानी कभी-कभी लोगों को संकट में डाल देता है। इसका ताजा उदाहरण बिश्रामपुर ब्लॉक मोड़ से थाना चौक तक लगभग एक माह पहले बना पीसीसी पथ है। यह नवनिर्मित सड़क संवेदक की लापरवाही से स्थानीय लोगों के लिये परेशानी का सबब बन गया है। वहीं वाहन चालकों के लिये अघोषित दुर्घटना क्षेत्र बन चुका है। संवेदक ने सड़क निर्माण के बाद उस पर बालू बिछवा दिया जिसे सड़क खुलने के बाद भी हटवाया नहीं जिसके कारण गाड़ियों के आवाजाही से सारा दिन धूल का गुब्बार उड़ते रहता है। जिसके चलते सड़क किनारे स्थित दुकानों में धूल भर जा रहा है। इससे दुकानदार काफी प्रभावित हैं। संवेदक ने पीसीसी पथ के दोनों किनारे फ्लैंक भी नहीं भरवाया है जिस कारण प्रतिदिन दुर्घटना घटित हो जा रहा है। साइड लेते वक्त गाड़ियां सड़क से नीचे उतर जा रहा है। रविवार को तो सवारी लोड एक टेम्पो पलट गया। हालांकि इस घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं आयी है। स्थानीय लोगों ने मिलकर टेम्पो को सड़क पर खड़ा किया। टेम्पो पलटने और वाहनों के सड़क से फिसल कर नीचे उतर जाने का मामला प्रतिदिन हो रहा है जिस कारण प्रतिदिन सड़क घंटों जाम भी हो जा रहा है। इस संबंध में व्यवसायी संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार लाल ने स्थानीय विधायक व पलामू सांसद को पत्र भी लिखा है। इधर स्थानीय लोगों से शिकायत मिलने पर कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्याशी सुधीर चंद्रवंशी ने कार्यपालक अभियंता विशाल खलखो से मुलाकात किया।

उन्होंने खलखो से संवेदक पर कार्रवाई करते हुये उक्त सड़क से हो रही परेशानी से लोगों को मुक्त कराने का अपील किया। चंद्रवंशी ने कहा कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने पाटन और नावा जयपुर के थाना प्रभारी का किया स्वागत

### नये थाना प्रभारियों से है जनता को काफी उम्मीदें : संजय

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने पाटन के नये थाना प्रभारी शशी शेखर पाण्डेय एवं नावाजयपुर थाना के प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता से मुलाकात कर शुभकामनाएं दिया। सिंह ने दोनो थाना प्रभारियों का स्वागत करते हुए कहा कि इनके जनता को काफी उम्मीदें हैं। पाटन एवं नावाजयपुर में लोगों को उचित न्याय मिले। लोग शान्ति से अपना जीवन यापन करें इसके लिए पुलिस प्रशासन सदैव तत्पर रहे। दोनों थाना प्रभारी से अपेक्षा किया कि गरीबों व जरूरतमंदों को उचित न्याय प्रदान किया जाये। मौके पर पाटन थाना प्रभारी शशी शेखर पाण्डेय एवं नावाजयपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता ने कहा कि लोग अपनी समस्या को बेझिझक आकर रख सकते हैं। पुलिस प्रशासन हमेशा उनके लिए तैयार है। कोई भी असामाजिक तत्वों के लोग सौहार्द बिगाड़ते हैं तो पुलिस को सूचना दें पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। कोई भी व्यक्ति स्वयं आकर थाना में अपनी समस्या को रख सकते हैं। दोनों थाना प्रभारी ने क्षेत्र में अमन-चैन कायम रहे इसका आश्वासन दिया। साथ ही क्षेत्र को अपराधमुक्त व शांतिपूर्ण बनाने की बात कही।

## स्पीड न्यूज

### विधायक डॉ रामेश्वर उराँव के प्रयास से रानीटोंगरी में लगा ट्रांसफार्मर

**लोहरदगा।** कुछ दिनों पूर्व कुडू प्रखंड के ककड़गढ़ पंचायत के ग्राम रानीटोंगरी में वज्रपात कारण शॉर्टसर्किट से ट्रांसफॉर्मर जल गया था एवं विद्युत आपूर्ति में बाधा हो रही थी और ग्रामीणों को घोर अंधेरे का सामना करना पड़ रहा था और विद्यार्थियों के अध्ययन में परेशानी हो रही थी। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विधायक कार्यालय लोहरदगा में लिखित आवेदन दिया था। जिसपर पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उराँव के प्रयास से 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर रानीटोंगरी में लगाया गया और बिजली बहाल की गई। बिजली आते की ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई, और सभी ने विधायक डॉ रामेश्वर उराँव का आभार जताया है । इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सिराजुल अंसारी, एवं पंचायत अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन भी किया गया ।

### चंद्रवंशी समाज में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : मुनींद्र प्रसाद

**लोहरदगा।** चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा लोहरदगा यदुवीर चंद्रवंशी धर्मशाला में मेधावी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित की। जिसमें चंद्रवंशी समाज के वैसे विद्यार्थी जो 10वीं हम 12वीं कक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण कि है ।उन्हें सम्मानित किया गया इस मौके में जिला के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं चंद्रवंशी समाज के अभिभावक मुख्य अतिथि मुनींद्र प्रसाद( मनी बाबू) ने कहा कि समाज में प्रतिभावान व्यक्तियों की कमी नहीं है बस हम अपने प्रतिभा को सही से निखार पाए तो हम अपनी पुरानी इतिहास को दोहरा सकते हैं ।हम नशा पान से अगर दूर हो जाए तो हमारा समाज महाभारत काल में जिस तरह विश्व विजेता था। आज भी हम हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाएगे। अभी भी समाज के बहुत से लोग अच्छे पदों में हैं। हमे उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता । इसी क्रम में जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा हमारा समाज पिछड़ा समाज जरूर है किंतु हमारे समाज में बहुत से अच्छे लोग भी हैं जो अच्छे पदों को सुशोभित कर रहे हैं और देश सेवा में लगे हुए। आज हमारे समाज के लोग डॉक्टर इंजीनियर पुलिस पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी यहां तक की उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के पद को भी सुशोभित कर रहे हैं।

### जिला परिषद सदस्य ने दो योजनाओं का किया शिलान्यास

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार द्वारा रविवार को नवाडीह पंचायत के नवाडीह गांव में पीसीसी सड़क और परहेपाठ पंचायत के दरंगाटोली गाँव में अखाड़ा से लेकर किशोर उराँव के घर तक पक्की नाली का शिलान्यास किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने कहा कि क्षेत्र का चहुमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने दोनों स्थल पर कार्य की गुणावता का खास ख्याल रखने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि किस्को क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर ग्रामीणों के मांग पर कई योजना को स्वीकृति दिलाई गई है। जल्द ही उन योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। इस मौके पर मतिस महतो, संजय उरांव, सोमराज उरांव,जीता पाहन ,बसंती उरांव, शुलेंद्र उरांव, बंदे टाना भगत, दुर्गा उरांव, मंगरो उरांव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### तेज बारिश और बज्रपात से एक मवेशी की हुई मौत, 2 मवेशी घायल

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव में तेज बारिश के साथ हुए वज्रपात से सुषमा देवी की एक मवेशी की मौत हो गई जबकि दो अन्य मवेशी घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर नदिया पंचायत की उप मुखिया विनीता कुमारी घटनास्थल पहुंच पीड़ित परिवार को अंचल प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। घटना के संबंध में सुषमा देवी ने बताया कि घर के बाहर बरगद के पेड़ के पास मवेशी को बंधा हुआ था। जबकि दो अन्य मवेशी को कुछ दूरी पर बांध हो गया था। वज्रपात से एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य मवेशी घायल हो गए हैं।

### विज्ञान प्रशिक्षण में भाग लेने एडीपीओ पुणे रवाना

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला की अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीमती ज्योति खलखो को 15 से 18 जून तक झारखंड सरकार द्वारा विज्ञान प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे भेजा गया है । ज्ञात हो कि विज्ञान शिक्षण और अनुसंधान हेतु यह संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थान है जो पुणे महाराष्ट्र में स्थित है। राज्य सरकार द्वारा राज्य में विज्ञान शिक्षण की गुणवत्ता संवर्धन हेतु इस संस्थान के साथ एकरारनामा करते हुए राज्य स्तर से सभी 24 जिले से शिक्षा पदाधिकारियों को प्रशिक्षण में भेजा गया है। जिसमें गुमला से एडीपीओ ज्योति खलखो का चयन किया गया है । ज्ञात हो कि भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के साथ मिलकर इंस्पायरिंग इंडिया इन रिसर्च, इनोवेशन एंड स्टेम एजुकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे द्वारा झारखंड में विज्ञान शिक्षा के प्रसार तथा नवाचार एवं गुणवत्ता संवर्धन के उद्देश्य से इसे संचालित किया जा रहा है।

# बुजुर्ग माता-पिता का छांव परिवार में बहुत ही महत्वपूर्ण हैः प्रधान जिला जज

## विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर ओल्ड एज होम में कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री ध्रुव चंद्र मिश्र के मार्गदर्शन में जिला के विभिन्न क्षेत्र में पीएलवीयों द्वारा विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा ओल्ड एज होम गुमला में बुजुर्गों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मेडिकल कैंप आयोजित कर बुजुर्गों का चेकअप कर आवश्यकता अनुसार दवा का वितरण किया गया। डालसा टीम द्वारा बुजुर्गों के बीच मिठाइयां ,ओआरएस, बिस्किट बांटा गया। मौके पर प्रधान जिला जज ने कहा कि विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस एक वैश्विक स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम है। जिससे 15 जून को मनाया जाता है। आज के परिवेश में बच्चे बड़े होने पर माता-पिता से दूरी बनाने लगते हैं। जिससे परिवार में बिखराव आता है। बुजुर्ग माता-पिता का छांव परिवार में बहुत ही महत्वपूर्ण है। भारतीय दादा-दादी छोटे बच्चों को भावनात्मक सुरक्षा प्रदान करते हैं। जिसे माता-पिता अपने करियर और व्यक्तिगत लक्षण पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं। परिवार का विकास होता है। वृद्ध व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय नीति और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भरण पोषण और कल्याण अधिनियम की शुरूआत से वृद्धों को आर्थिक और भावनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित होती है। हमारे सर्वोच्च न्यायालय ने भी बुजुर्गों की हितों की रक्षा करने के पक्ष में प्रावधान बनाया है। विधिक सेवा प्राधिकार गुमला आपकी सेवा में बराबर उपस्थित रहता है और आपको जब भी आवश्यकता पड़े आप विधिक सेवा प्राधिकार से सहायता ले सकते हैं। एडीजे द्वितीय श्री मनोज शर्मा ने कहा कि ओल्ड एज होम में बुजुर्ग लोगों के लिए सरकार ने सारा व्यवस्था अच्छे ढंग से किया है इसमें बुजुर्ग आराम से रहें और किसी प्रकार की कठिनाइयां होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार को सूचित कर उनसे सहायता ले सकते हैं। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राम कुमार लाल गुप्ता ने कहा कि जिला जज के निर्देश पर मैं हमेशा वृद्ध आश्रम आते रहता हूं और बुजुर्गों के दुख दर्द सुनते रहता हूं और उसे दूर करने का प्रयास करता हूं और आगे भी वृद्ध जनों की सेवा के लिए मैं तत्पर रहूंगा। सभा को रजिस्ट्रार प्रतिक राज, एलएडीसी के प्रमुख डीएन ओहदार,वुंदेश्वर गोप ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन स्थाई लोक अदालत के सदस्य श्री शंभू सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रकाश पांडे तेतरु उराव एलएडीसु के जितेंद्र सिंह ,इंदु पांडे तथा संस्था के सचिव रिजोईस एरिक, वार्डन ज्योति प्रमिला आदि शामिल थे।



कार्यक्रम को संबोधित करते जिला जज

### लसड़ा गांव में विहिप व बजरंग दल की बैठक संपन्न

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के लसड़ा गांव में विहिप,बजरंग दल एवं मातृ शक्ती दुर्गा वाहिनी खंड समिति पंचायत पीबो के कार्यकताओं की बैठक रविवार को हुई। जिसमें क्षेत्र विस्तार एवं सेवा साप्ताहिक कार्यक्रम और सभी ग्रामीणों को जागरूक रहने के समबन्ध में चर्चा किया गया। बैठक में विहिप बजरंग दल खंड समिति के अध्यक्ष बालेश्वर उरांव, विहिप बजरंग दल खंड समिति के मंत्री अर्जुन सिंह, मातृ शक्ति प्रमुख सबिता देवी एवं समस्त सदस्य उपस्थिति थे।

# सिसई रेफरल अस्पताल में प्रतिनियुक्ति 9 चिकित्सकों में से एक है कार्यरत, 8 हैं गायब

## कांग्रेसियों के अस्पताल निरीक्षण में मिली जानकारी, स्वास्थ्य मंत्री को मामले से कांग्रेसी करायेंगे अवगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिसई।** जिला कांग्रेस महासचिव सह पूर्व 20 सूत्री सिसई प्रखंड अध्यक्ष गंगा उरांव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने रेफरल अस्पताल सिसई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में चिकित्सा प्रभारी ललिता मिंज से मुलाकात कीर कई जानकारी प्राप्त की। चिकित्सा पदाधिकारी नें बताया कि रेफरल अस्पताल सिसई में 9 चिकित्सक प्रतिनियुक्ति हैं। परन्तु वर्तमान में सिर्फ एक चिकित्सा प्रभारी के भरोसे सिसई रेफरल अस्पताल चल रहा है। बाकि चिकित्सक सिसई रेफरल अस्पताल के नाम पर नियुक्त है लेकर दूसरे जगह अपना नीजी काम में लगे हैं। जिसमें दो डॉ. स्वेता मिंज व डॉ. अमित कुमार महतो पढ़ाई के लिए छुट्टी में है। तीन डाक्टर सीमा संगा, अनिता राज, शोभा प्रवीण बिना सूचना के काफी दिनों से गायब हैं। एक डाक्टर संजय जी पूसों में प्रतिनियुक्त हैं।

निरीक्षण के क्रम में दिन के बारह बजे के लगभग आयुष अस्पताल बंद था। जबकि दो आयुष चिकित्सक अस्पताल में कार्यरत हैं। कांग्रेस नेता श्री गंगा उरांव ने कहा कि स्वस्थ विभाग के लापरवाही के कारण सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वारूथ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है। चिकित्सक अस्पतालों में प्रतिनियुक्ति कराकर गायब हो जाते हैं। यह सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात है। क्योंकि कागजों में 9 चिकित्सक दिखाई देते हैं और काम पर मात्र एक ही नजर आता है। जनहित के इस गंभीर मामले को शीघ्र ही विभागीय मंत्री इरफान अंसारी को लिखित रूप से अवगत कराया जाएगा। ताकि चिकित्सा व्यवस्था में सुधार हो सके। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष बिहारी भगत, रामधारी सिंह, जयराम उरांव बनबिहारी जयसवाल सफीक अंसारी रबिंद्र उरांव, गंदुर आदि उपस्थित थे।


चिकित्सा पदाधिकारी से वार्ता करते कांग्रेसी

### नगेशिया किसान समाज के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**गुमला।** नगेशिया किसान समाज जिला कमेटी के द्वारा रविवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में जिले के जारी, चैनपुर, डुमरी, पालकोट, विशुनपुर, रायडीह व भरनो प्रखंड एवं सिमडेगा जिला के पाकरटांड प्रखंड के मैट्रिक व इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के बच्चों को सम्मानित किया गया। जिसमें मैट्रिक में प्रथम पुरस्कार 88 प्रतिशत अंक लाने वाले निकिल किसान को, द्वितीय पुरस्कार 81 प्रतिशत अंक लाने वाली शांति कुमारी व 74 प्रतिशत अंक लाने वाली बिमला कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

## कुआं में गिरने से वृद्धा की मौत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़ईकोना गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। जहाँ घर के पास एक कुएं में गिरने से 82 वर्षीय वृद्ध महिला ब्रिजिट टोप्पो पति स्व. बथोलोमी टोप्पो की मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मिली जानकारी के अनुसार ब्रिजिट टोप्पो जो लंबे समय से बीमार चल रही थी। अक्सर घर के बगल के मैदान में टहलने जाया करती थीं। शनिवार शाम को भी वह इसी क्रम में घर के पास स्थित एक कुएं में जा गिरीं।मृतका के बेटे रोहित टोप्पो ने बताया कि उनकी मां बीमारी के कारण कमजोर थीं और अक्सर मैदान में घूमती थीं। शुक्रवार को जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटीं, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद उनका शव कुएं के अंदर मिला। इस दुखद घटना की सूचना चैनपुर की मुखिया शोभा देवी और जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा को दे दी गई है। पूरे गांव में इस घटना से शोक का माहौल है।

## पुलिस अधीक्षक ने चैनपुर और कुरूमगढ़ थान का किया औचक निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** पुलिस अधीक्षक श्री हारिश बिन जमां ने चैनपुर और कुरूमगढ़ थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर और थानों में रखे गए सभी रजिस्टर, फाइलों का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद एसपी ने संबंधित थाना प्रभारियों को थाना परिसर की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ थानों में रखे सभी अभिलेखों और फाइलों के उचित रखरखाव और उन्हें अद्यतन रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त नक्सल प्रभावित क्षेत्र को देखते हुए वहां प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण का उद्देश्य थानों के कामकाज में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करना तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।


निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मी से जानकारी लेते एसपी

### अमर शहीद ठाकुर जगन्नाथ शाहदेव को जयंती पर किया नमन

**लोहरदगा।** आजादी की पहली लड़ाई के नायक अमर शहीद ठाकुर जगन्नाथ शाहदेव की जयंती रविवार को शहीद चौक लोहरदगा ब्लॉक मोड़ स्थित प्रतीमा स्थल पर मनाई गई।इसकी अध्यक्षता शहीद स्मारक समिति के अध्यक्ष लाल राजेंद्र प्रताप देव ने की। इस अवसर पर नमर्देश्वर नाथ शाहदेव, धनंजय शाहदेव, लाल ओंकार नाथ शाहदेव, अजय चौहान, उदय शेखर सिंह, संजू सिंह, कैलाश मिश्रा सहित नगर के कई प्रबुद्धजन उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। मौके पर अध्यक्ष लाल राजेंद्र प्रताप देव ने कहा कि तत्कालीन छोटा नागपुर की राजधानी लोहरदगा के हेंसापीढ़ी गांव में बन्नू नाथ शाहदेव के पुत्र के रूप में ठाकुर जगन्नाथ सहदेव का जन्म 15 जून 17 95 ईसवी को हुआ था। इनकी 64 गांव की जमींदारी थी। सुचारू रूप से राज काज चलाने के लिए लोहरदगा के किनारे भाग में अपना गणराज बनाकर जयनाथपुर नाम रखे थे। यहां फुलवारी शिवालय तथा गढ़ विप्रा नाम से भूभाग को जाना जाता है। बाद में शहर के बीचो-बीच निवास स्थान बनाए थे, जिसे ठाकुरबारी के नाम से जाना जाता है। अतिक्रमण के बाद अभी भी उसकी रूपरेखा दिखती है। लाल नमर्देश्वर नाथ शाहदेव ने कहा कि 2 अक्टूबर 1858 को बड़का गढ़ के ठाकुर साहब विश्वनाथ शाहदेव, गणपत राय के साथ मेजर इंग्लिश के घेराबंदी से किसी तरह बचकर लोहरदगा क्षेत्र में गुप्त रूप से ठाकुर जगन्नाथ सहदेव के संरक्षण में रहकर अपना संगठन बना रहे थे।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत गुमला जिले में शिविरों का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों में जागरूकता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जनजातीय समुदाय को संतृप्त करने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं मौके पर ही कई लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत, वन अधिकार अधिनियम, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, कृषि, उद्यान, आजीविका मिशन सहित अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई एवं समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। जिला प्रशासन द्वारा यह अभियान 15 जून से 30 जून तक चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जनजातीय ग्रामों में शत-प्रतिशत योजना संतृप्ति सुनिश्चित करना एवं जागरूकता को बढ़ाना है।


सिसई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल शामिल लोग

## करंट लगने से युवक की हुई मौत मोटर से पानी पटाते समय हुआ हादसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के छतरपुर गांव में एक 22 वर्षीय युवक की बिजली के झटके से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब युवक अपने खेत में लगे इलेक्ट्रिक मोटर से पानी पटा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार लिम्पन कुजूर पिता पीटर कुजूर उम्र 22 वर्ष अपने खेत में सिंचाई का कार्य कर रहा था। इसी दौरान इलेक्ट्रिक मोटर में शॉर्ट सर्किट हो गया और लिम्पन उसकी चपेट में आ गया। उसकी पत्नी ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसे भी करंट के झटके लगे। इसके बाद वह दौड़कर घर गई और मुख्य बिजली आपूर्ति काट दी। बिजली आपूर्ति बंद होने पर युवक अचेत हो गया। उसे तत्काल चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। हालांकि इलाज के दौरान ही लिम्पन कुजूर ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना के जवान मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया।


युवक का इलाज करती नर्स

### 15 से 30 जून तक जनजातीय बहुल गांवों में चलेगा अभियान : डॉ ताराचंद

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 से 30 जून तक लोहरदगा जिला के सभी जनजातीय बहुल ग्रामों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का यहां के लोगों को लाभ देने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना है। जिले के 66 पंचायतो में से 63 पंचायत जनजातीय बहुल हैं। इस अभियान के तहत देश के आकांक्षी जिलों में 63,000 से अधिक जनजातीय बहुल गाँवों को आच्छादित किया जाना है। उक्त बातें उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिले के प्रेस को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत कुल 17 मंत्रालयों के समन्वित प्रयासों से 25 योजनाओं पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। जिसमें; बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजिविका आदि में महत्वपूर्ण कमियों को समाप्त करना और जनजातीय क्षेत्रों और समूहों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है। उक्त अभियान के तहत लोहरदगा जिले में कुल 205 ग्रामों को पंचायतवार चिन्हित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत पचास प्रतिशत या उससे अधिक अनुसूचित जनजाति जनसंख्या वाले ग्रामों को लिया गया है। इसका लक्ष्य जनजातिय समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उन्हें सरकारी योजनाओं को लाभ पहुंचाना है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकर्ताओं को दी गयी सड़क सुरक्षा की जानकारी

## सरकार द्वारा संचालित गुड सेमेरिटन से विद्यार्थियों को कराया गया अवगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला के विद्यार्थियों के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में 82 विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपने व यातायात नियमों का उपयोग कर अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने की अपील की। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी विद्यार्थियों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया। सड़क सुरक्षा टीम ने बताया कि दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु बाइक से हो रही है। इससे पता चलता है कि बाइक के गतिसीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट, सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना वाहन चलाने के कारण एवं अल्कोहल सेवन कर व ट्रिपल राइड करने से दुर्घटना होती है। इसलिए बाइक एवं कार आदि वाहन चलाते समय हेलमेट सीट बेल्ट एवं सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना अत्यंत ही आवश्यक है। साथ ही सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने उपस्थित विद्यार्थियों से अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करें और ना ही किसी को करने दें, शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं पीकर चलाने भी ना दें। उन्होंने बताया थोड़ी सी चूक सड़क दुर्घटना का कारण होती है।

सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया गया। उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इन सबको देखते हुए सभी तरह के नियमों का पालन नियमित रूप से किया जाएं तो भविष्य उज्जवल हो सकती है। इसके अलावे गुड सेमेरिटन के बारे में अवगत कराया गया। जैसे मोटरवाहन जनित सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की सहायता करने के उद्देश्य से गोल्डन आवर में अस्पताल पहुचाने में वाले नेक व्यक्ति को प्रोत्साहित करने हेतू दो हजार रुपए मात्र नगद के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की योजना लागू है।

वहीं घायल व्यक्ति को एक घंटा के अंदर गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपए की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिये जाने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावे दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले अस्पताल में अपना नाम दर्ज कराएं, ताकि चिकित्सक प्रमाणित कर सकें कि घायल व्यक्ति को किसने मदद की है। उस मददकर्ता को गुड सेमेरिटन के तहत 2,000 रुपया एवं प्रशस्ति पत्र दी जा सके।


कार्यक्रम में शामिल लोग

## राजयोग के अभ्यास से अपने अंदर छुपी खुशी, प्यार सम्मान और सदभावना को करें जागृतः ब्रह्मा कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला सेवा केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम अंतर्गत तीन दिवसीय योग तपस्या कार्यक्रम रखा गया। गुमला सेवा केंद्र के संचालिका राजयोगिनी शांति दीदी ने मुख्यालय से आए हुए वक्ता प्रोफेसर ब्रह्मा कुमार, डॉक्टर राजेश अरोड़ा का स्वागत किया गया। प्रोफेसर ब्रह्मा कुमार व डॉक्टर राजेश अरोड़ा ने इस कार्यक्रम के दौरान गहन शांति और दिव्य अनुभूति कराया। उन्होंने बताया कि अपने जीवन में हमें जिसने थोड़ा भी दुख दिया है उसे माफ कर अपने मन को हल्का कर दे। राजयोग के अभ्यास द्वारा हम अपने अंदर छुपे खुशी, प्यार ,सम्मान सद्भावना को जागृत रखें। जिससे हम असीमित खुशी का अनुभव सदा करते रहेंगे। सभी ने सर्वोच्च सत्ता परमात्मा के नाम पर पत्र लिखे और एक नई सुखद अनुभूति के साथ जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त की । मौके पर सैकड़ो की संख्या में सदस्यों समेत जिला उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडे जी ,चार्टर्ड अकाउंटेंट विनोद बांका जी, व्यवसायी संजय अग्रवाल, फाइनेंस एडवाइजर अशोक साहेवाल, बीके ममता, बीके आशा बीके अंजिता ,बीके अमृता, बीके अनीता बीके मंगल, बीके शिव इत्यादि सहभागी रहे। वहीं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला शाखा की संचालिका राजयोगिनी शांति दीदी की मार्गदर्शन में नर्सिंग कौशल कॉलेज गुमला में कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वक्ता प्रोफेसर ब्रह्माकुमार डॉक्टर राजेश अरोड़ा ने नर्सिंग के क्षेत्र में मूल्य और नैतिकता का समावेश विषय पर छात्राओं को बताया कि मरीजों की सेवा खुशी और सेवा भाव से किया जाना चाहिए।


कार्यक्रम में शामिल अतिथि व अन्य

खबर मन्त्र

रांची. सोमवार. 16 जून 2025






## नौ सेना का बल

भारतीय रक्षा बलों की ताकत को और मजबूत करने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल की मीटिंग में करीब 54,000 करोड़ की लागत वाले 8 बड़े रक्षा सौदों को मंजूरी दी गई है। ये सभी सौदे भारत में ही बनाए गए हथियारों और उपकरणों से जुड़े हैं। सेना के लिए, सरकार ने टी -90 टैंकों के लिए नए और ज्यादा ताकतवर 1350 हॉर्स पावर इंजन की खरीद को हरी झंडी दी है। अभी इन टैंकों में 1000 एचपी इंजन है, लेकिन नए इंजन लगने से इन टैंकों की ताकत और स्पीड, खासकर ऊंचाई वाले इलाकों में, काफी बढ़ जाएगी।

नौसेना की ताकत बढ़ाने के लिए, डीएसी ने भारत में ही बने वरुणास्त्र टॉरपीडो खरीदने की मंजूरी दी है। ये टॉरपीडो दुश्मन की पनडुब्बियों को निशाना बनाने में बेहद असरदार हैं। इनकी खरीद से नौसेना की सुरक्षा क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। वायुसेना के लिए भी ऊअउ ने खास विमान प्रणाली एईडब्लू एंड सी की खरीद को मंजूरी दी है। ये सिस्टम आसमान से दुश्मन की हर गतिविधि पर नजर रख सकते हैं और बाकी हथियारों की ताकत को कई गुना बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा, एक और अहम फैसले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ने करीब 7,000 करोड़ की लागत से भारतीय सेना के लिए अत्याधुनिक एटीजीएस तोपें खरीदने की मंजूरी दी है। ये तोपें पूरी तरह से भारत में डिजाइन और तैयार की गई हैं। इससे देश में रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया को और बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने 2025 को ईयर ऑफ रिफोर्म के तौर पर मनाने का फैसला लिया है। इसी के तहत रक्षा खरीद प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम करने के लिए नए दिशानिर्देश भी जारी किए गए हैं। इससे पूरी प्रक्रिया और तेज और असरदार होगी।

## आज का राशिफल

**मेष : बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7**

**वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5**

**मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8**

**कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9**

**कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9**

**तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7**

**धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8**

**मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8**

**कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8**

**मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com


R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मोदी सरकार के 11 साल : नये भारत का अमृतकाल


**विकसित भारत का बेस बनाया**
***संकल्प, साधना और समर्पण का स्वर्णिम कालखंड : शाह।***
***मोदी का नेतृत्व अकल्पनीय-अद्वितीय- जेपी नड्डा।***
***रक्षा मंत्री बोले- मोदी के नेतृत्व में भारत का अभूतपूर्व विकास।***



**नरेंद्र** दामोदर दास मोदी ने 11 साल पहले संसद के चरणों में नमन करते हुए जो संकल्प व्यक्त किया था, उनमें भी नये भारत के निर्माण के साथ-साथ उनकी भविष्य की यात्रा के संकेत थे। उन्होंने अपने संकल्पों की सिद्धि के साथ देश को लगातार आगे बढ़ाया है और राष्ट्र व समाज के उत्थान के लिए अभूतपूर्व निर्णय लिये। सबका साथ सबका विकास गरीब कल्याण की अनूठी मिसाल पीएम मोदी के कार्यकाल की यह समृद्ध यात्रा राष्ट्र के विकास, मूलभूत समस्याओं के समाधान और वैश्विक छवि को ऊपर उठाने की रही। 9 जून को पूरा हुए मोदी सरकार 11 साल नये भारत का अमृतकाल भी कहा जा रहा है। इन वर्षों में भारत में कई बड़े बदलाव हुए। कई ऐतिहासिक योजनाएं शुरू की गयीं, जिससे देश प्रगति की राह पर निकल पड़ा। आमजन के जीवन की तस्वीर बदल गयी। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को मजबूत किया। इसकी सटीकता और संयम ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने खुलकर तारीफ की। मोदी ने पहली बार 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। पिछले साल, उन्होंने तीसरी बार चुनाव जीतने के बाद 9 जून को लगातार तीसरी बार पीएम के रूप में शपथ ली थी। इन वर्षों में भारत में कई बड़े बदलाव हुए। कई ऐतिहासिक योजनाएं शुरू की गयीं, जिससे देश प्रगति की राह पर निकल पड़ा। आमजन के जीवन की तस्वीर बदल गयी।

### सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण रहा मंत्र

पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की 11 साल यह यात्रा सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मंत्र पर आधारित रही। मोदी सरकार में भारत ने आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक मंच पर उल्लेखनीय प्रगति की है। 2014 में भारत आर्थिक मोर्चे पर 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, जो चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने निवेश और नवाचार को बढ़ावा दिया। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिये 34 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाभार्थियों तक पहुंची, जिससे भ्रष्टाचार कम हुआ। स्वच्छ भारत अभियान ने 11.72 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया, जबकि जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरों को नल जल कनेक्शन प्रदान किया। महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर रहा, जिसमें 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिलाओं को दिये गये और उच्च शिक्षा में उनकी भागीदारी 28 फीसदी बढ़ी। आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया। विदेश नीति में भारत की नेबरहुड फर्स्ट नीति और वैश्विक मंचों पर बढ़ती साख ने देश को एक मजबूत वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित किया।



**अविनाश ठाकुर**
**(संपादक)**

### दिखायी दुनिया को अपनी ताकत

अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण, भारत में नागरिकता कानून (सीएए) बनाना, तीन तलाक जैसे अमानवीय कानूनों को खत्म करना, मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए वक्फ संपत्ति का उपयोग करने हेतु वक्फ संशोधन विधेयक लाना जैसे निर्णय सरकार के संकल्प के कारण ही हो सके। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक में भी मोदी सरकार संकल्प दिख। बालाकोट के बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पूरी दुनिया को भारत की ताकत दिखायी। पहलगाम में आतंकियों ने बहनों के सामने उनके सिंदूर पोंछ दिये थे। पीएम मोदी के आह्वान पर भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सिद्ध किया कि यह नया भारत है, जो राष्ट्र के सम्मान, नागरिकों की सुरक्षा और मानवता के लिए घर में घुसकर भी मारना जानता है।

### दुश्मन को घर घुस कर मारा

पाकिस्तान के आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को 26 निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी। भारत ने इस कायराना हमले का जवाब कूटनीतिक और सैन्य तरीके से पाकिस्तान को दिया। 07 मई को भारत ने हमले के पीछे छिपे आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत की।

भारत ने लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन के ठिकानों को निशाना बनाकर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में नौ प्रमुख आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया और 100 से अधिक आतंकियो को मार गिराया। भारत ने 07, 08 और 09 मई 2025 को भारतीय शहरों और सैन्य ठिकानों पर पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइल हमलों के जवाब में लाहौर की वायु रक्षा प्रणालियों को निष्क्रिय करने सहित पाकिस्तान की वायु रक्षा क्षमताओं को बेअसर करने के उद्देश्य से कामिकेज ड्रोन तैनात किये। भारत की वायु रक्षा प्रणालियों ने आने वाले सभी खतरों को सफलतापूर्वक रोक दिया। इसके अलावा देश की सुरक्षा हित में भारत की दूसरी अरिहंत श्रेणी की पनडुब्बी, आईएनएस अरिघाट, 29 अगस्त, 2024 को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना में शामिल की गयी।

### जवाबी हमला मील का पत्थर

9 और 10 मई 2025 की रात को भारत का जवाबी हमला ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुआ, जब पहली बार किसी देश ने परमाणु हथियार संपन्न देश के हवाई ठिकानों पर सफलतापूर्वक हमला किया। तीन घंटे के भीतर भारत ने नूर खान, रफीकी, मुरीद, सुक्कुर, सियालकोट, पसरूर, चिनियन, सरगोधा, स्कार्दू, भोलारी और जैकोबाबाद सहित 11 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। भारत ने पाकिस्तान की 20फीसदी वायु सेना की संपत्ति को नष्ट कर दिया। वहीं चीन के साथ भी एक समझौते पर पहुंचे, जिसके बाद दिसंबर में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने घोषणा की कि सैन्य वापसी 'पूरी तरह से हासिल हो गई है' और व्यापक द्विपक्षीय आदान-प्रदान पर चर्चा की जा रही है। सालों से चल रहा सैन्य गतिरोध समाप्त हो गया।

### वैश्विक सम्मान

ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को मजबूत किया। सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ जैसे मंचों पर भारत का पक्ष रखा, जिसने वैश्विक कूटनीति में भारत की स्थिति को और सशक्त किया। इनमें शशि थरूर और ओवैसी जैसे धुर भाजपा विरोधी नेता भी थे, जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत और मोदी सरकार की ओर विश्व मंच पर पाकिस्तान को बेनकाब करने में बड़ी भूमिका निभायी। सभी नेताओं ने ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत किया, जिससे इसे एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में मान्यता मिली।

### दुनया में भारत की बढ़ी साख

मोदी के नेतृत्व में तीसरे कार्यकाल का पहला साल (जून 2024-जून 2025) भारत के लिए रणनीतिक, सामाजिक और वैश्विक क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा। ऑपरेशन सिंदूर, वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 और वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती साख ने इस अवधि को परिभाषित किया। इसने देश को विकसित भारत के पथ पर और मजबूती से अग्रसर किया। मोदी सरकार ने सरकार ने मेक इन इंडिया के तहत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया। ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों के उपयोग की झलक दिखी। टेक्नोलॉजिकल संप्रभुता पर जोर देते हुए, स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास को प्राथमिकता दी गयी।

### 11 साल के 11 साल ऐतिहासिक फैसले

उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना , जन धन योजना, पीएम मुद्रा और स्टैंड अप योजना, वय वंदनयोजना, किसान सम्मान निधि, पीएम कौशल विकास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, सौभाग्य योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान योजना एवं पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना। आयुष्मान भारत योजना, जिसने 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया। इस योजना ने 6 करोड़ से अधिक लोगों का इलाज करवाकर उन्हें वित्तीय संकट से बचाया। दूसरी स्वच्छ भारत अभियान ने 11.72 करोड़ शौचालय बनाकर खुले में शौच को लगभग समाप्त किया गया। इससे ग्रामीण स्वच्छता और महिलाओं की गरिमा बढ़ी।


तीसरी डिजिटल इंडिया ने यूपीआइ के माध्यम से भारत को वैश्विक डिजिटल भुगतान का नेतृत्वकर्ता बनाया, जिससे 2025 तक 1.3 ट्रिलियन मासिक लेनदेन दर्ज किये। चौथी मेक इन इंडिया ने विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा दिया, जिससे भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। पांचवीं, जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरों को नल जल कनेक्शन प्रदान किया, जिससे स्वच्छ पेयजल की पहुंच बढ़ी।

(जारी)


# धर्म का एक दशक: मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण

**जनवरी** 2024 में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ। सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्रीराम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी। यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यह मंदिर शान से खड़ा था। कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया। यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था। इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया। यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आएगी।

2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है, बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है।आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर पहुंचने में मदद मिली।



समानांतर रूप से, सरकार ने संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं को संरक्षित करने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उस्ताद एवं हमारी धरोहर जैसी योजनाओं के तहत लुप्तप्राय लोक कलाओं और शिल्पों का समर्थन करने के लिए मिशन शुरू किए।



**- गजेन्द्र सिंह शेखावत**

> तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दशार्ती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया।

भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नई जान आ गई। 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था, बल्कि एक गाथा को पुनः प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेल लंबे समय से ओझल हो रहे थे। उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओर बदलाव का भी प्रतीक था।

तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दशार्ती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया। जब नेता चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों और पत्थर के रथों के बीच चले, तो भारत ने न केवल भूगोल, बल्कि इतिहास और न केवल प्रोटोकॉल, बल्कि विरासत को भी प्रस्तुत किया। यह अपने सबसे सूक्ष्म और सबसे मजबूत रूप में सॉफ्ट पावर था।

2023 में जी-20 की अध्यक्षता एक और सांस्कृतिक उपलब्धि साबित हुई। दिल्ली के डिप्लोमेटिक हॉल तक सीमित न रहकर, यह शिखर सम्मेलन सांस्कृतिक पहचान का अखिल भारतीय उत्सव बन गया। आदिवासी कला प्रदर्शनों से लेकर शास्त्रीय प्रदर्शनों तक, भारत ने न केवल अपनी नीतिगत गहराई, बल्कि अपनी आत्मा का भी प्रदर्शन किया। हर प्रतिनिधिमंडल भारत के रंगों, व्यंजनों, शिल्प और चेतना में डूबा हुआ था। संदेश स्पष्ट थाः भारत भूतकाल की सभ्यता नहीं है - यह जीवंत, सशक्त और आत्मविश्वास से परिपूर्ण वैश्विक सभ्यता है।

इन वर्षों के दौरान, 600 से अधिक चोरी की गई कलाकृतियां विदेशी संग्रहालयों और संग्रहकताओं से वापस लाई गईं, जिनमें मूर्तियां, शिलालेख और पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की वापसी न केवल कला की बल्कि सम्मान की बहाली थी। इसी तरह, गुरु गोविंद सिंह के वीर साहिबजादों की शहादत को याद करने के लिए वीर बाल दिवस की स्थापना की गई, जबकि जनजातीय गौरव दिवस ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय केन्द्र में लाया।

महामारी भी सांस्कृतिक लौ को मद्धिम नहीं कर पाई। वर्चुअल कॉन्सर्ट, डिजिटल म्यूजियम टूर और ह्णमन की बातह्व के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया कि कला, कहानियां और सांस्कृतिक गौरव लॉकडाउन के एकांत में भी पुष्पित-पल्लवित होते रहें। ह्वविकास भी, विरासत भीह्व के नारे जैसे अभियान में ये सभी समाहित हो गए। यह एक आह्वान है जो आर्थिक विकास को सांस्कृतिक गौरव के साथ-साथ चलने पर जोर देता है। मोदी सरकार के तहत, यह नारा केवल बयानबाजी नहीं था। इसने एक नई दृष्टि को परिभाषित किया। एक दृष्टि, जिसमें जीडीपी वृद्धि, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा आधुनिकीकरण, मंदिर जीर्णोद्धार, आदिवासी गौरव और सभ्यता की गाथा समाहित थे।

भारत आज अपनी पहचान के इर्द-गिर्द नहीं घूमता। बिना किसी पछतावे और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर यह आगे बढ़ता है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद प्रगति की बाध्यकारी शक्ति के रूप में उभरा है, जिसे कभी प्रतिगामी के रूप में खारिज कर दिया गया था। भाजपा के वैचारिक कम्पास में, संस्कृति केवल एक सहायक भर नहीं है, बल्कि धुरी है।इन ग्यारह सालों में मोदी युग ने केवल सांस्कृतिक नीति को ही ध्यान में नहीं रखा है, बल्कि इसने सांस्कृतिक चेतना को भी जागृत किया है। जो पुनर्स्थापना के तौर पर शुरू हुआ था, वह पुनरुत्थान बन गया। जिन्हें कभी अतीत की स्मृतियों के तौर पर उपेक्षित किया जाता था, वे सभी अब राष्ट्रीय पहचान के केंद्र बन गए हैं। राम मंदिर और सेंगोल हमेशा सांकेतिक प्रतीक बने रहेंगे, लेकिन विरासत की गहराई सामूहिक अहसास में निहित है।

## लेटर टू एडिटर

### जीवों की चिंता

जंगली जानवर रहवासी बस्तियों के निकट इसलिए आते हैं क्योंकि उनके जंगलों में पानी, आहार और विचरण क्षेत्र की कमी हो रही है। जंगल के आसपास शोरगुल और छेड़छाड़ से उनका स्वभाव गुस्सैल हो जाता है, जिससे वे हमले कर सकते हैं। तेंदुए-बाघ जैसे जानवरों से संघर्ष में जान बचाने वालों को तात्कालिक सहायता बढ़ानी चाहिए। कुओं पर मुंडेर व जाली लगाकर दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी आवश्यक है। जंगल और जानवरों की देखभाल हम सबका कर्तव्य है।

**संजय वर्मा,रांची**

### नैतिक पतन

फरीदाबाद में एक पिता द्वारा अपने चार बच्चों संग आत्महत्या करना बेहद हृदयविदारक है। निजी तनाव और शक के चलते मासूमों की ज़िंदगी छीन लेना अमानवीय है। बच्चे न झगड़े समझते हैं, न रिश्तों की जटिलता। ऐसे कृत्य की परिणति पारिवारिक विवाद नहीं, हत्या है। यह हत्या और नैतिक चेतना का पतन है।

**विक्रम बिजराणियां, सुरसू अनगड़ा**

### गर्मी का प्रकोप

बढ़ती गर्मी आज मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण, कृषि और जल संसाधनों के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान जैसे राज्यों में लू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी है।

**- रवि रांची**

## X ट्वीट

मैंने विधानसभा में आवाज उठाई थी की 17 हजार करोड़ वाले भारी भरकम बजट का क्या फायदा जब अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के बच्चे इन स्कूलों में ना पढ़े ? लगभग एक लाख शिक्षकों के पद भी घटा दिए गए हैं।

**- जयराम महतो, विधायक**

## स्पीड न्यूज

### जंगल में मिला महिला का शव



बरकट्ठा।बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बरकनगांगो गांव के समीप एक सुनसान जंगल में रविवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने एक गड्ढे से महिला का सड़ा-गला शव बरामद किया। यह शव जंगल में स्थित एक तालाब की मेढ़ के पास एक गड्ढे में छिपाकर नमक डालकर दफनाया गया था। सूत्रों के मुताबिक, कुछ महिलाएं जंगल की ओर गई थीं तभी उन्हें तेज दुर्गंध महसूस हुई और गड्ढे से बाहर झांकते कपड़े दिखाई दिए। शंका होने पर उन्होंने शोर मचाया और ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थानाप्रभारी गौतम उरांव के नेतृत्व में गड्ढे की खुदाई करवाई गई, जिसमें कपड़े में लिपटा महिला का सड़ा शव बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद शव को सुनियोजित ढंग से छिपाने की मंशा से नमक डालकर गड्ढे में दबाया गया था ताकि जल्दी सड़े और पहचान न हो सके। शव दो दिन पुराना माना जा रहा है। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है। आसपास के थाना क्षेत्रों को सूचना दे दी गई है और शव को पोस्टमार्टम के बाद शीतगृह में रखने की प्रक्रिया चल रही है। महिला की हत्या कर दफनाने की यह घटना क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल पैदा कर चुकी है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द अपराधियों की होगी गिरफ्तारी।

### खेत में मिला प्रतिबंधित मवेशी का हड्डी

बरकट्ठा। थाना क्षेत्र के गैड़ा पंचायत के बसरामो में गन्ने के खेत में ढेर सारा प्रतिबंधित मवेशी के हड्डी को फेंका हुआ मिला। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फेंके गए हड्डी को देखा। पुलिस के अनुसार हड्डी किस जानवर का यह पता नहीं है। स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता कि प्रतिबंधित मवेशी की हड्डी है। इस मामले को लेकर गांव में गांपंचायत कर मामले को शांत और सुलह कर लिया गया। खेत में हड्डी मिलने के बाद मामला तो लोगों ने सुलझा लिया। लेकिन इसके बावजूद लोगों में रोष है। पुलिस के मुताबिक हड्डी फेंका हुआ देखा गया। लेकिन लोगों से सहमति से मामले को सुलह कर लिया गया।

### बरही में नशाखोरी के खिलाफ अभियान



बरही। नशाखोरी को रोकने और इसके दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बरही में 10 जून से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रविवार को एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में बरही चौक, रसोईया धमना और बरहीडीह में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अंचल निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार और बरही महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप समेत दर्जनों पुलिस बल मौजूद थे। इस दौरान एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने नशाखोरी, उसके दुष्प्रभाव, युवाओं पर पड़ने वाले सामाजिक और मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशाखोरी न सिर्फ व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि इसका नकारात्मक प्रभाव परिवार और समाज पर भी पड़ता है। जिसको लेकर उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नशा खरीदने और बेचने वालों की सूचना प्रशासन को दें, ताकि तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। जोनल पुलिस इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों, खासकर युवाओं और पर्यटकों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना है, ताकि एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज की नींव रखी जा सके। प्रशासन ने लोगों को जागरूक करने के लिए वाहनों पर पोस्टर चिपकाए।

### चरही पंचायत में भाजपा की बैठक

चरही। चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत स्थित मंदिर परिसर में रविवार को भाजपा द्वारा विकसित भारत का अमृतकालर विषय पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरिश श्रीवास्तव (सह प्रभारी, डांडी) और पूर्व मंडल अध्यक्ष वकील महतो उपस्थित थे। प्रभारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों की उपलब्धियों—सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण—पर कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विकसित भारत के सपने को साकार करने में कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि कुमार ने की। इस दौरान किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुरारी सिंह, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, अजीत सिंह, महादेव विश्वकर्मा, रमेश यादव, सत्येंद्र नारायण सिंह समेत कई प्रमुख नेता और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को प्रेरित कर आगामी चुनावों के लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना था। पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### केंद्र का 11 साल बेमिसाल : मनोज

बरही। विधायक आवास पर रविवार को ह्वविकसित भारत का अमृतकाल अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें भाजपा विधायक मनोज कुमार यादव और जिला उपाध्यक्ष आनंद देव ने केंद्र सरकार की 11 वर्षों की पलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन रमेश ठाकुर ने किया और अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी ने की। विधायक यादव ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहे राष्ट्र निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा बताया। उन्होंने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका की सराहना की। आनंद देव ने आत्मनिर्भर भारत, तकनीकी प्रगति और राष्ट्रवाद को केंद्र की प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि यह समय सिर्फ सत्ता का नहीं बल्कि जनसेवा और विकास का है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जीप सदस्य प्रीति गुप्ता, मुखिया मोतीलाल चौधरी, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, नागेश्वर रजक, आकाश जायसवाल, सचिन यादव सहित कई स्थानीय नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम के जरिए कार्यकर्ताओं को जनजागरण के लिए प्रेरित किया गया।

# बिजली विभाग के खिलाफ सांसद ने खोला मोर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग में बिजली की आंख-मिचौली को लेकर कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल आज**



हजारीबाग। लोकसभा क्षेत्र में लगातार बिजली की खराब स्थिति से त्रस्त जनता की पीड़ा को देखते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने सोमवार को हजारीबाग शहर के जुलू पार्क स्थित बिजली विभाग कार्यालय के समक्ष हल्ला बोल और प्रचंड विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। श्रीजायसवाल ने कहा कि बीते पखवाड़े से बिजली की आंख-मिचौली ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। खासकर ग्रामीण इलाकों में घंटों अघोषित बिजली कटौती से जनता बेहाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी केवल झूठे वादे कर रहे हैं, सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे। सांसद ने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम सभी मिलकर अंधेरे के खिलाफ आवाज बुलंद करें। जब तक बिजली आपूर्ति में ठोस सुधार नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। गौरतलब है कि बीते गुरुवार को जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के साथ बिजली विभाग पहुंचे थे। उन्होंने विभाग को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन स्थिति जस की तस बनी रही। अब 16 जून को हल्ला बोल कार्यक्रम के जरिए सांसद जनता के साथ मिलकर बिजली विभाग का घेराव करेंगे। इस पहल को हजारीबाग और रामगढ़ के शहरी व ग्रामीण इलाकों से जबरदस्त समर्थन मिलने की उम्मीद है।

# संसाधन के अभाव में छात्र पढ़ाई नहीं छोड़ें

## विधायक रोशन चौधरी ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को दिया पुस्तक

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा थाना चौक स्थित निःशुल्क पुस्तक एवं कपड़ा बैंक में रविवार को जरूरतमंदों विद्यार्थियों के बीच समारोहपूर्वक निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया। पुस्तक वितरण कार्यक्रम में बड़कागांव के विधायक रोशनलाल चौधरी, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व सिंडिकेट मेंबर प्रो. सुरेन्द्र सिन्हा एवं एस्पायर कोचिंग सेंटर के निदेशक रजेश कुमार उपस्थित थे।

अतिथियों ने क्षेत्र के जरूरतमंद विद्यार्थियों के बीच निःशुल्क पुस्तक का वितरण किया। रोशनलाल चौधरी ने कहा कि कपड़ा एवं पुस्तक बैंक कई वर्षों से क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के बीच पुस्तक एवं कपड़ा का वितरण कर रहा है। इस बैंक के स्थापना समय से ही उन्हें यहां आने का सौभाग्य मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है, इसके बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। श्री चौधरी ने कहा कि संसाधन के अभाव में विद्यार्थी अपनी पढ़ाई न छोड़ें। प्रो सुरेंद्र सिन्हा ने कहा कि कपड़ा एवं पुस्तक बैंक के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण करना अपने आप मंत सौभाग्य की बात है। मौके पर बैंक के संरक्षक भुवनेश्वर मेहता, संस्थापक अनामिका श्रीवास्तव, संस्थापक पंकज कुमार, संस्थापक विश्वरंजन सिन्हा, समाजसेवी अजित सिन्हा, समाजसेवी प्रहलाद पांडेय, राहुल यादव, अभिषेक मिश्रा, प्रियंका कुमारी, काजल कुमारी, वर्षा कुमारी, अंतरा कुमारी, निशा कुमारी, खुशी कुमारी, वैष्णवी कुमारी, सुमित कुमार, शिवम श्रीवास्तव, प्रिया कुमारी, अनुष्का कुमारी, सिद्धि कुमारी, आर्यन कुमार आदि मौजूद थे।

### नयामोड़ में सरना फ्यूल्स स्टेशन खुला



कुजू। झामुमो केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने रविवार को आरा-नयामोड़ हीरक मार्ग पर सरना स्थल के समीप रविवार को सरना फ्यूल्स स्टेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उक्त स्थल पर फ्यूल स्टेशन के खुलने से लोगों को पेट्रोल व डीजल लेने में काफी सुविधा होगी। फ्यूल्स स्टेशन संचालक अलख उर्फ सोनाराम मांझी ने कहा कि सरना फ्यूल्स स्टेशन में पेट्रोल, डीजल सहित बैटरी चालित वाहनों के लिए तीन चार्जिंग पाइंट की सुविधा उपलब्ध है। वहीं ग्राहकों के लिए निःशुल्क पानी,टायरों में हवा, शौचालय आदि उपलब्ध है इससे पूर्व मंत्री फागू बेसरा का स्वागत बूके देकर किया गया। मौके पर अल्लाउद्दीन, सागिर हुसैन, बालगोविंद किस्कु, सोनाराम मांझी, पन्ना लाल मुर्मू, एतो बास्के, सुधीर हेम्ब्रम, करमचंद मांझी, विजय राम बबनी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# 22 जून को बलिदान दिवस मनायेगा आजसू

खबर मन्त्र संवाददाता




कुजू। मांडू विधानसभा स्तरीय आजसू पार्टी की बैठक कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मांडू प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष रामवृक्ष महतो व संचालन डाड़ी प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो शामिल हुए। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए 22 जून को हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में आजसू पार्टी का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। जिसमें मांडू विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों वाहन में कार्यकर्ता रवाना होंगे। जिसे लेकर ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक संयोजक एवं प्रभारी को विशेष दिशा निर्देश दिया गया। तिवारी महतो ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बदौलत ही आजसू पार्टी है। सभी का मान-सम्मान का ध्यान रखा जायेगा। मौके पर नरेश महतो, रामभजनलाल महतो, तेजनाथ महतो, भोला तूरी, तपेश्वर महतो, जयकिशोर महतो, शक्ति महतो, लालचंद महतो, बिरजूनाथ महतो, रघुनाथ महतो, युगेश्वर महतो, सुरेश कुशवाहा, सुरेंद्र कुमार महतो, नरेश प्रसाद साहू, सहदेव मांझी, बैजनाथ राम, राजेश शर्मा, सरिता सिंह, मदन महतो, बैजनाथ राम, हेमनी देवी, आशा देवी, रेखा देवी, कुमारी नीलम, अनिता पाठक, रीना देवी, शीला देवी, इशिका गिरि, पुरन गंझू, विनोद कुमार यादव, फुलेश्वर साव, इंद्रलाल महतो, मुकेश कुमार महतो, राजकुमार महतो, सुदर्शन भुईयां आदि शामिल थे।

### विद्यालय की सफाई पर दें ध्यान

कुजू। बालिका उच्च विद्यालय कुजू में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सरकार से प्राप्त अनुदान राशि का वितरण व खर्च पर विचार करते हुए निर्णय लिया गया। विधायक तिवारी महतो ने कहा कि स्कूल की सफाई पर ध्यान दें। बैठक में विधायक सह प्रबंध समिति के अध्यक्ष निर्मल महतो, सचिव अनीश कुमार गुप्ता, शिक्षाविद सदस्य भोला प्रसाद, परिषद प्रतिनिधि पब्लिक उच्च विद्यालय कुजू के प्रधानाध्यापिका गीतांजलि कुमारी, प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, शिक्षक प्रतिनिधि भुवनेश्वर महतो शामिल हुए।

### रातू ओवरब्रिज नाम का ज्ञान रंजन रखा जाये: अरूण सिन्हा



रामगढ़। रातू रोड से फोरलेन ओवरब्रिज को जोड़ने के लिए बन रहे मार्ग का नाम झारखंड अलग राज्य आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पूर्व सांसद स्व ज्ञान रंजन के नाम पर रखा जाए। यह मांग रविवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने की। उन्होंने बताया कि स्व ज्ञान रंजन की अलग झारखंड आंदोलन में बहुत बड़ी भूमिका है। अलग झारखंड के निर्माण में उनकी भूमिका काफी अहम थी। बताया कि स्व ज्ञान रंजन ने अरूण कुमार सिन्हा, सावना लकड़ा, केशव महतो कमलेश, अनादि बर्न, गुलफान मुजबी, स्व सत्येन्द्र जायसवाल, आभा सिन्हा, सरफराज अहमद, प्रतिभा पांडे, स्व अरूण पांडे, स्व आरपी राजा, मंजूर अहमद अंसारी, भूम साहू, स्व सत्यदेव तिवारी, प्रदीप तुलस्यान, शैलेश सिंहा, खोगेन्द्र साव, भीम साव, ब्रजकिशोर गांधी आदि लोगों के साथ अलग झारखंड राज्य के लिए लगातार अभियान चलाया। इस क्रम में पटना में अलग झारखंड निर्माण की मांग को पटना सचिवालय का घेराव किया। जिसमें पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया गया। लाठी चार्ज में प्रदर्शन में शामिल कई लोग घायल हो गए। श्री सिन्हा ने कहा कि ज्ञान रंजन एक दूर दृष्टि वाले व्यक्ति थे जो झारखंड निर्माण की आवश्यकता को भलिभांति समझते थे। इसलिए अपने सहयोगियों के साथ उन्होंने लगातार अलग झारखंड राज्य निर्माण के लिए अभियान चलाया। अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि अलग झारखंड राज्य के निर्माण में पूर्व सांसद स्व ज्ञान रंजन की भूमिका को ध्यान में रखकर मैं कांग्रेस पार्टी से भी मांग करता हूं कि रातू रोड से फोरलेन ओवरब्रिज को जोड़ने के लिए बन रहे मार्ग का नाम उनके नाम पर रखा जाए। उनकी लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि और सम्मान होगा।

# शालीग्राम सिंह की पुण्यतिथि पर गरीबों को कराया भोजन

**राष्ट्रीय सेवा मंच ने 150 लोगों को खिलाया खाना**

खबर मन्त्र संवाददाता




भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय सेवा मंच के बैनर तले भुरकुंडा रिवर साइड बीटीटीआई निवासी स्व. शालीग्राम सिंह की 22वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र संजय सिंह, मृत्युंजय कुमार, डॉ. सुमित कुमार और संजीत कुमार ने साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में 150 गरीबों को भोजन कराया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. शालीग्राम सिंह के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों के बीच पुरी-सब्जी और लड्डू का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षों से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच उद्देश्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, उदयभान दुबे, रिंकू वर्णवाल, कारू यादव, शिवकुमार यादव, रंजीत यादव, लालू उरांव, लखन राम, शुक्ला करमाली, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### सर्वोदय निकेतन का नीट में शानदार प्रदर्शन



कुजू। शिवपुरी कॉलोनी स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने चिकित्सा सेवा हेतु जरूरी अर्हता परीक्षा नीट 2025 में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रकृति प्रिया जो कि सत्र 2024–25 की 12वीं की परीक्षा में 94 फीसदी अंकों से विद्यालय टॉपर भी रह चुकी हैं, उन्होंने नीट 2025 की परीक्षा में 1293 जनरल रैंक प्राप्त की है। इन्होंने 720 में से 601 अंक प्राप्त किए। इनको औसतन सभी विषयों में 99.89 परसेंटाइल अंक प्राप्त हुए। वहीं इस वर्ष की 12वीं की परीक्षा 92फीसदी अंकों से स्कूल टॉपर आदित्य रंजन ने भी अपने प्रथम प्रयास में ही नीट परीक्षा में 720 में से 549 अंक प्राप्त कर 12512 की जनरल रैंकिंग प्राप्त की है। इनको भी औसतन 99.41 परसेंटाइल अंक प्राप्त हुए हैं। बच्चों के शानदार प्रदर्शन से उनके माता-पिता सहित समूचे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विद्यालय निदेशक नरसिंह कुमार ने कहा कि विद्यालय प्रशासन बच्चों की शिक्षा और अनुशासन पर प्रमुख रूप से जोर देता है जो कि बाद में बच्चों के भविष्य को संवारने में सहायक होता है। वहीं विद्यालय प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने भी कहा कि विद्यालय से प्रत्येक वर्ष कुछ बच्चे मेडिकल की परीक्षा उर्तीर्ण कर एमबीबीएस कोर्स में नामांकन लेते हैं, उसी कड़ी में इस वर्ष इन बच्चों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने सफल विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को बधाई दी।

### सेंट्रल सौंदा में मोदी सरकार के सुशासन पर चर्चा



भुरकुंडा (रामगढ़)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार की शाम भाजपा भुरकुंडा मंडल द्वारा सेन्ट्रल सौंदा पंचायत भवन में संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा और संचालन महेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं भाजपा रामगढ़ के महामंत्री राजू चतुर्वेदी, सहसंयोजक रमेश वर्मा, मंडल कार्यक्रम संयोजक अमरेश सिंह एवं सहसंयोजक ज्योति सिंह सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों के सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी नीतियों की सराहना करते हुए विकसित भारत के लक्ष्य 2047 तक पहुंचने के लिए सभी को सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। सभा के अंत में 12 जून को अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना के मृतकों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत की मुखिया कांति देवी, भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बाबला, छोटानागपुर प्रमंडलीय प्रभारी योगेश दांगी, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, राजन पांडेय, राजू मल्होत्रा, फुलेंद्र सिंह, संजय रॉय, मुकेश ठाकुर, मनीष बख्शी, शशिभूषण सिंह, रंजीत सिन्हा, तारकेश्वर पांडे, मुनमुन सिंह, राजू प्रजापति और अखलेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

### सीपीएम में आंतरिक लोकतंत्र जीवंत : रामचंद्र



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीपीएम की जिला स्तरीय जेनरल बॉडी बैठक रविवार को भुरकुंडा पार्टी कार्यालय में हुई। इसकी शुरूआत जिला सचिव राजेन्द्र सिंह चंदेल के नेतृत्व में पार्टी का लाल झंडा फहराकर की हुई। इसके बाद शहीद वेदी पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य व रामगढ़ जिला प्रभारी संजय पासवान ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी अन्य दलों से अलग है, जिसका उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक बदलाव लाकर शोषणविहिन समाज की स्थापना करना है। उन्होंने कहा कि एक ऐसा समाज जिसमें भूख, बेरोजगारी और गरीबी न हो, सभी को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की गारंटी मिले, केवल समाजवादी व्यवस्था से ही संभव है, जिसके लिए पार्टी सतत संघर्षशील है। इस मौके पर धनेश्वर महतो, अशोक सिंह, राजू विश्वकर्मा, कन्हैया रविदास, नजमा खातून, देवनाथ महली, परमेश्वर उरांव, संतोष कुमार सिंह, शशिकांत दुबे सहित अनेक नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बलकुदरा में पुल का विधायक ने किया शिलान्यास



भुरकुंडा (रामगढ़)। डीएमएफटी योजना के तहत पतरातू प्रखंड के बलकुदरा स्थित प्राचीन मंदिर के पास बड़े पुल के निर्माण कार्य का शुभारंभ रविवार को बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी द्वारा किया गया। शिलान्यास समारोह में विधायक ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़ते हुए कार्य का शुभारंभ किया और शिलापट्ट का अनावरण किया। विधायक श्री चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस पुल के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी और क्षेत्र का समुचित विकास सुनिश्चित हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान जिला पार्षद सह सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली, भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, अमित साहू, राजेंद्र मुंडा, संजय साहू, मुकेश यादव, मनोज यादव, राजू मुंडा, बादल कुमार, दिलीप प्रसाद, संजय प्रसाद, रविंद्र यादव, शशि कुमार, प्रमोद साहू, अशोक प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, रंजीत यादव, देवनारायण मुंडा, विक्की यादव, देवेंद्र सिंह, रविंद्र महतो, सुनील, मंडल मंत्री अनिल रजवार, मुकेश यादव, संजय साव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

### कटकमसांडी में 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित

कटकमसांडी। पंचायत के सभागार भवन में रविवार को भाजपा पश्चिमी मंडल द्वारा 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। अजय साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के शासन को ऐतिहासिक और बेमिसाल बताया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से लेकर वैश्विक मंच तक, मोदी सरकार ने भारत को एक मजबूत पहचान दी है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष संविधान का इस्तेमाल सिर्फ राजनीति के लिए कर रहा है। बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने का मंत्र भी दोहराया गया—बूथ जीतो, चुनाव जीतो। जिला मंत्री रीतलाल यादव ने जम्मू-कश्मीर में विश्व के सबसे ऊंचे रेल पुल को मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। प्रेम प्रसाद ने कहा कि केंद्र की योजनाएं जैसे उज्ज्वला, आयुष्मान, जल जीवन मिशन ने आम जनता के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है।

# 15 से 30 जून तक चलेगा पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय से प्राप्त मार्गदर्शन पर जनजातीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत जिले में हो चुकी है। वहीं उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि जिले में जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से संचालित प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के सफल संचालन और आम लोगों के बीच जागरूकता को लेकर 15 से लेकर 30 जून तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जनजातीय गांवों में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में अंतिम व्यक्ति तक सरकार की हर योजनाओं का लाभ दिलाना है। वहीं उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी बीडीओ एवं पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किया गया है। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को लेकर जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके लिए उन्हें निर्देश दिया



कि विभागीय समन्वय, जन सहभागिता और अनुश्रवण अहम है। कहा कि इन दोनों अभियानों का उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य गावों और आकांक्षी क्षेत्रों में जनजातीय परिवारों के लिए परिपूर्णता कवरेज अपनाकर जनजातीय समुदायों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार करना और इन्हें केंद्र व राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभ दिलवाना है। वहीं उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन के लिए बीडीओ सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर कैंप का आयोजन कराएंगे। पंचायत स्तर के कर्मी गांव-गांव जाकर इसका व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे।

### लाभुकों को इन योजनाओं का मिलेगा लाभ

पहचान एवं बुनियादी दस्तावेज के तहत जाति प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के तहत राशन कार्ड एवं पोषण अभियान, स्वास्थ्य एवं बीमा योजना के तहत आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, टीवी मुक्त भारत, मिशन इंद्रधनुष।

**वित्तीय समावेशन एवं आर्थिक :** सशक्तिकरण के तहत प्रधानमंत्री जनधन योजना, स्टार्ट-अप योजना, मुद्रा योजना, वन धन योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना। कृषि एवं आजीविका के तहत किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान एवं मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण के तहत वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना।

**यहां लगेंगे शिविर :** अनुसूचित जनजाति ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें असनातरी में आज शिविर लगाया जायेगा। वहीं 17 जून को बानुमुरहा गांव, 18 जून को डगरनवां गांव, 19 जन को बन्दरचौकवा गांव, 20 जून को कटियो, 21 जून को नवाडीह, 23 जून को परसावाद, 24 जून को पिछरी, 25 जून को सिमरकुण्डी, मरकच्चो मध्य पंचायत अंतर्गत 26 जून को मरकच्चो और मुर्कमनाई पंचायत अंतर्गत 28 जून 2025 को बरियारडीह गांव में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावे आज डोमचांच प्रखंड अंतर्गत धरगांव पंचायत के शेरसिंगा गांव में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## उरवां एडवेंचर पार्क का डीसी ने किया निरीक्षण



**कोडरमा।** डीसी ऋतुराज ने शनिवार को तिलैया डैम स्थित उरवां एडवेंचर पार्क का निरीक्षण करते हुए परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर राज्य स्तरीय परियोजना प्रबंधन इकाई की टीम भी उपस्थित थी। डीसी ने एडवेंचर पार्क की प्रोजेक्ट रिपोर्ट की समीक्षा की। वहीं आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान डीसी ने तिलैया डैम क्षेत्र के विकास पर जोर दिया। बैठक में एडवेंचर पार्क के साथ-साथ झील रेस्टोरेंट के विस्तार व उन्नयन पर भी चर्चा की। इस दौरान पर्यटन के विकास समेत युवाओं के लिए रोजगार सृजन पर भी चर्चा की। वहीं डीसी ने कहा कि विकास कार्यों से स्थानीय लोगों को लाभ मिले। वहीं क्षेत्र को पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने का प्रयास हो। बैठक में पर्यटन सुविधा, कौशल विकास प्रशिक्षण, स्थानीय सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन बनाये रखने पर भी चर्चा की गयी, मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## मां दुर्गा मंदिर में दो दिवसीय अखंड कीर्तन का समापन



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कलीडीह स्थित दुर्गा मंदिर में शनिवार से आयोजित दो दिवसीय अखंड कीर्तन का समापन रविवार को संकीर्तन और प्रसाद वितरण के साथ कर दिया गया। कीर्तन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भक्ति रस में सराबोर होकर ईश्वर की आराधना की। कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार की सुबह मंगलाचरण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई थी। दिन-रात बिना रुके चले इस अखंड कीर्तन में कई भजन मंडलियों ने भाग लेकर अपने सु-मधुर भजनों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। समापन के अवसर पर हवन-पूजन और आरती का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया, इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों ने सहयोग के लिए सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। मौके पर चन्द्रिका प्रसाद यादव, धनेश्वर प्रसाद यादव, संजय प्रसाद यादव, सूरज कुमार, अनूप प्रसाद, रणधीर यादव, राजकुमार प्रसाद, सुजीत प्रसाद यादव, पवन प्रसाद यादव, शशिभूषण प्रसाद यादव, नकुल प्रसाद यादव, पप्पू यादव, रामेश्वर प्रसाद, मल्लू प्रसाद यादव, सुरेंद्र प्रसाद यादव, दीपेश कुमार समेत कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते नाबालिग लड़की को सुरक्षित वापस लाने की कार्रवाई



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** आरक्षी सोनू कुमार और महिला आरक्षी नीतू कुमारी ने प्लेटफार्म नंबर 4/5 पर गश्त करते समय एक नाबालिग लड़की को गुमसुम अवस्था में देखा। वह प्लेटफार्म नंबर 4 पर न्यू फुट ओवर ब्रिज के नीचे बैठी थी। पूछताछ करने पर लड़की ने अपना नाम लाली कुमारी (काल्पनिक) बताया, जिसकी उम्र 15 वर्ष है और वह बोकारो झारखंड की निवासी है। उसने जानकारी दी कि वह मां की डांट से नाराज होकर घर से भागकर कोडरमा स्टेशन आ गई। इसके बाद, नाबालिग लड़की को समझा-बुझाकर रेसुब पोस्ट कोडरमा लाया गया, जहां उसे महिला आरक्षी नीतू कुमारी के संरक्षण में रखा गया। उसकी देखरेख एवं उचित कार्रवाई के लिए चाइल्ड लाइन कोडरमा को सूचित किया गया। कुछ समय बाद, चाइल्ड लाइन के सदस्य पोस्ट पर पहुंच कर नाबालिग लड़की को सुरक्षित रूप से आगे की कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया गया।

## डालसा कोडरमा से एलएडीसीएस की टीम पहुंची वृद्धा आश्रम, वृद्ध जनों की कराई गई स्वास्थ्य जांच



**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में रविवार को झुमरीतिलैया स्थित वृद्धाश्रम में डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागण पहुंचे और वहां रह रहे वृद्धिजनों की सुध ली। मौके पर सभी वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच भी कराई गई। इस अवसर पर एलईडीसीएस के अधिवक्ताओं ने कहा कि गरीबों असहायों की मदद के लिए डालसा हमेशा तत्पर है। उन्होंने कहा कि निर्धन एवं असहायों की मदद के लिए डीएलएसए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहा है। मौके पर चीफ एलएडीसी नवल किशोर, अरुण कुमार ओझा, डॉ. मेघा शाहा, स्वास्थ्य कर्मी ज्योति चौधरी, पारालीगल वालंटियर सुभाष मिस्त्री, टिंकू कुमार आदि उपस्थित थे।

# तनिष्क कोडरमा में बेंगल मेला का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** तनिष्क कोडरमा में बेंगल मेला का शुभारंभ किया गया। इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में ओनाम प्रिया चंद्रवंशी उपस्थित थीं। साथ में फ्रेंचाइजी विमल फोगला, खुशबू फोगला और हर्ष जलान भी मौजूद थे।

बेंगल मेला में नवीनतम और आकर्षक बेंगल्स के डिजाइन प्रदर्शित किए गए हैं। इस महोत्सव में ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के बेंगल्स की विस्तृत श्रृंखला देखने को मिलेगी, जिसमें मनमोहन डिजाइन और नए कलेक्शन शामिल हैं।

मुख्य अतिथि ओनाम प्रिया चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा, तनिष्क जैसा बड़ा ब्रांड कोडरमा जैसे शहर में आना बहुत बड़ी बात है। इससे लोगों को बहुत सुविधा होगी और वे शादी या किसी भी महोत्सव में अच्छी खरीदारी कर सकते हैं।

विमल फोगला ने कहा, हमें खुशी है कि तनिष्क कोडरमा में बेंगल मेला का आयोजन किया गया है। हमें उम्मीद है कि ग्राहकों को हमारे संग्रह में से कुछ पसंद आएगा। खुशबू फोगला ने कहा, हमारे स्टोर में विभिन्न प्रकार के बेंगल्स उपलब्ध हैं, जो ग्राहकों की पसंद के अनुसार हैं।


हर्ष जलान ने बताया, अभी हमारे स्टोर में पुराने सोने के बदले नए सोने पर दो कैरेट का एक्स्ट्रा बेनिफिट दिया जा रहा है। साथ ही साथ बहुत सारे नए कलेक्शन भी उपलब्ध हैं।

बेंगल मेला में सैकड़ों की संख्या में ग्राहक मौजूद थे। ग्राहकों ने नवीनतम बेंगल्स के डिजाइन और आकर्षक ऑफर्स की प्रशंसा की। तनिष्क एक प्रमुख ज्वैलरी ब्रांड है, जो अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और आकर्षक डिजाइनों की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है।

बेंगल मेला आगामी 15 दिनों तक चलेगा, जिसमें ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के बेंगल्स और आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठाने का अवसर मिलेगा।

## रामलीला के सातवें दिन राम-शबरी भेंट, सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध का हुआ मंचन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मरचोई स्थित मनोकामना सिद्धपीठ मां भगवती मंदिर प्रांगण में लगातार रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इसके तहत बीती रात सातवें दिन कलाकारों ने राम-हनुमान मिलन, बाली-सुग्रीव संवाद, बालि वध की लीला का मंचन किया। इस दौरान राम-हनुमान मिलन की लीला ने दर्शकों की आंखें नम कर दी। सबसे पहले मेहमानों द्वारा रामायण जी की आरती उतारकर रामलीला के मंचन की शुरुआत करवाई गई। वहीं रामलीला के संचालक पंडित सुरेश कुमार ने बताया कि सबसे पहले सीता की खोज में राम वन-वन घूमते हुए ऋष्यमूक पर्वत पर पहुंच गए हैं। वहां पर राम और लक्ष्मण को देखकर सुग्रीव के मन में शंका हो रही है। दोनों भाइयों के बारे पता लगाने के लिए हनुमान को भेजते हैं। इस पर हनुमान ब्राह्मण का रूप धरकर गए। इसके बाद प्रभु राम ने अपना परिचय दिया और वन में भ्रमण करने के कारणों के बारे में बताया। इसके बाद प्रभु राम को पहचानकर हनुमान ने उनके चरण पकड़ लिए। यह दृश्य देखकर दर्शक भावुक हो गए। इसके बाद रामलीला मंच पर वानर राज बाली का दरबार दिखाया जाता है, जहां हनुमान द्वारा राम-लक्ष्मण की सुग्रीव से मुलाकात का वृतांत सुनाता है। इतनी ही देर में बाली के महल के बाहर आकर सुग्रीव उसे युद्ध के लिए ललकारता है। दोनों भाईयों में गदा युद्ध होता है। श्री राम अपने धनुष से बाली को मार देते हैं। वहीं मुख्य अतिथि आचार्य विजय पाण्डेय ने कहा कि रामलीला हमारी धरोहर हैं, यह संयुक्त परिवार, बड़े-छोटे का सम्मान सिखाती है, इसका हर प्रसंग जीवन में सीख देती है। वहीं रामलीला मंडली के संचालक पंडित सुरेश कुमार ने आचार्य विजय पाण्डेय, मुखिया उत्तम सिंह, पूर्व मुखिया सुनील सिंह, धीरज सिंह, बालमुकुंद पाण्डेय, अभय सिंह, मनोज सिंह, मनोज भगत, रामरतन सिंह, आशीष अलंकार, रामविलास डॉक्टर, रंजीत सीबीआई, दिलीप सिंह को श्रीराम नाम का पट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मौके पर अजय कुमार, मोहन सिंह, अमरेंद्र पाण्डेय, राजाबाबू, ओमकार सिंह, सीरी सिंह, मुरारी सिंह, प्रभाकर सिंह, आनंदी सिंह, विनय सिंह, बबलू सिंह, आदित्य सिंह, कुंदन सिंह, सोनू सिंह, मंटू सिंह, सोनी पाण्डेय समेत कई लोग मौजूद थे।

## कंपनी के इंजीनियर के खिलाफ थाने में आवेदन

- झूठे केस में फसाने और जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुमो वार्ड 20 और 21 के निवासी मनोज कुमार दास और अन्य ग्रामीणों ने तिलैया थाना में शहर में पानी पाइपलाइन बिछाने वाली कंपनी के इंजीनियर प्रवीण कुमार सिन्हा के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना में दिये गये आवेदन में कहा गया है कि कंपनी द्वारा झुमरीतिलैया शहरी इलाकों के विभिन्न वार्डों में जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाया जा रहा है। इसी को लेकर जिस जिस इलाके में पहले से पीसीसी रोड बना है, उसको तोड़कर पाइपलाइन बिछाया जा रहा है और फिर जैसे तैसे सड़क की मरम्मती का कार्य कर दिया जा रहा है। जिससे घटना दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहेगी। झुमरीतिलैया नगर परिषद के वार्ड नंबर 20, 21 में इस कंपनी के द्वारा सड़क मरमती का कार्य किया जा रहा था, जिसमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर लीपा पोती मात्र की जा रही थी। इसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। खासकर समाजसेवी मनोज कुमार दास ने जब इस बात का विरोध किया तो कंपनी के जेई प्रवीण कुमार सिन्हा के द्वारा उसे झूठे केस में फसाने और जान से मारने की धमकी दी गई। इसी के विरोध में रविवार को ग्रामीणों ने मनोज कुमार दास की अगुवाई में तिलैया थाना में आवेदन दिया है। बता दे कि इसके पूर्व भी ग्रामीणों के द्वारा इसी मामले को लेकर उपायुक्त को भी एक ज्ञापन सोपा गया था। दोनों आवेदनों में सुनीता देवी, सरस्वती देवी, गीता देवी, विमला देवी, गीता देवी, मुनिया देवी, सरिता देवी, चिंता देवी, राजेंद्र दास, पप्पू कुमार दास, सुरेश दास, उमेश दास, दयानंद वर्मा, कारू दास, दीपक दास, सुनील कुमार दास, राजकुमार दास और किशोर दास के अलावा लगभग 50 ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। इधर मनोज कुमार दास ने बताया की अगर मामले पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## खबर एक नजर में

### जोरी थाना परिसर में लगा मध्यस्थता शिविर, दर्जनों मामलों का निष्पादन



**हंटरगंज (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देशानुसार रविवार को वशिष्ठ नगर जोरी थाना परिसर में नि:शुल्क मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के जोरी कला, करैलीबार, पंचायत के फुलवरिया होसिल पैनीकला, दंतार, बड़की सलैया आदि गांवो से आवदेन लेकर आए लोग जमीनी विवाद, गाली गलौज, घरेलू विवाद को एक-एक पक्ष की बातों को सुनने के बाद मध्यस्थता कर निष्पादन किया गया। इस दौरान थाना सब इंस्पेक्टर चन्दन कुमार, प्रमोद कुमार और पीएलवी संदीप कुमार के द्वारा बताया गया कि विवाद के निपटारे के लिए समय व अर्थ बचत के लिए मध्यस्थता शिविर को अपनाएं। मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के निपटारे में दोनों पक्ष की जीत है। उन्होंने कहा कि भेदभाव से रहित शिविर त्वरित न्याय का नारा है और सबको सुलभ न्याय मिल जाए यही उद्देश्य है। इससे जहां एक तरफ पक्षकारों को त्वरित न्याय पाने का अवसर मिलता है। वहीं दोनों पक्षकारों के बीच आपसी संबंध भी हमेशा के लिए बेहतर बने रहते हैं। न्याय पाने का यह एक ऐसा माध्यम होता है जिसमें दोनों पक्षकारों की जीत होती है। मौके पर विभिन्न गांवों से दर्जनों लोग मौजूद थे।

### वरिष्ठ नागरिक दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के मायाडीह गांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव महोदय के तत्वावधान में वरिष्ठ नागरिक दिवस के मौके पर पीएलबी पवन कुमार व कुमारी शारदा भारती द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बुजुर्गों से मिलकर उन्हें उनके अधिकार और सम्मान की बात बताई गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए सरकारी योजनाओं में मिलने वाले विशेष सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर बुजुर्गों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क करने के लिए उत्प्रेरित किया गया। इस दौरान बुजुर्गों को पेंशन योजना की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाले विशेष लाभ के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। इस मौके पर सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। पीएलबी ने बताया कि यह दिन समाज में वरिष्ठ नागरिकों के योगदान का सम्मान करने का दिन है। वरिष्ठ नागरिकों ने जीवन के सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। परिवारों को बढ़ाने और व्यवसायों के निर्माण से लेकर सेना और अग्रणी सरकारों में सेवा करने तक उन्होंने अपने ज्ञान को युवा पीढ़ियों तक पहुंचाया है। इस मौके पर काफी संख्या में समाज के वरिष्ठ नागरिक मौजूद थे।

### आकस्मिक बिजली कड़कने से एक बच्चे की मौत

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के सलगा गांव में बिन बरसात के बिजली कड़कने से एक 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। जिससे पूरे गांव व प्रखंड में मातम पसर गया है। बता दें कि सलगा गांव निवासी रामकुमार पांडेय का छोटा पुत्र शेखर उर्फ सोनटिया 12 वर्षीय घर के पास में ही खेल रहा था कि अचानक बिजली कड़की और बिजली कड़कने की आवाज से बच्चा बेहोश हो गया। आनन-फानन में माता-पिता द्वारा इलाज के लिए गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया एवं वहां से बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से घर में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। तो वहीं पूरे प्रखंड में मातम पसर गया है। लोगों का कहना है ऐसी घटना किसी के साथ ना हो। चाहे लाख बुरा इंसान क्यों ना हो।

### सलगी में हाथी ने मचाया उत्पात, चारदीवारी गिरायी एवं घर का दरवाजा तोड़ा



**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के सलगी टुंडाग गांव में बीते शनिवार की रात एक हाथी ने गांव में काफी उत्पात मचाया। सुभाष कुमार सिंह एवं सुनील कुमार के घर की चार दिवारी पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया एवं घर का दरवाजा तोड़ दिया। घर के परिजनों ने घर के अंदर दुबक कर किसी तरह जान बचाई। भुक्तभोगीयों ने बताया कि फोन से गांव वालों को घर में हाथी घुसने की सूचना दी तो गांव वालों ने हल्ला कर के और लुकवारी जला कर भगाया। पूरे गांव में भय का माहौल है कि हाथी फिर दुबारा वापस ना आ जाए। गांव वालों ने वन विभाग से हाथी से गांव की रक्षा करने एवं नुकसान की भरपाई करने की मांग की है।

### अज्ञात वृद्ध का शव बरामद, पहचान में जुटी पुलिस

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के बोडामोड़ गांव स्थित नर्सरी से अहले सुबह एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही हंटरगंज पुलिस इंस्पेक्टर पप्पु कुमार शर्मा, एसआई पुरुषोत्तम अग्निहोत्री, नितेश प्रसाद एसआई पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति की अब तक पहचान नहीं हो पायी है। ग्रामीणों के अनुसार प्रथम दृष्टया उक्त व्यक्ति मानसिक विक्षिप्त प्रतीत हो रहा है, जो पिछले करीब 5 दिनों से बोडामोड गांव में इधर उधर मांगकर खाना खा रहा था। जिससे वह काफी परेशान था। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि फिलहाल, शव को पोस्टमार्टम के बाद सुरक्षित रखा जायेगा, ताकि कोई परिजन या जानने वाला आकर पहचान कर सके। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है और आसपास के थानों को भी सूचना दी गयी है। साथ ही स्थानीय लोगों से भी वृद्ध की पहचान करवाने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की है कि यदि इसकी पहचान होती है तो तुरन्त हंटरगंज थाना को सूचना दें।

### वज्रपात से एक मवेशी की मौत

**चतरा (सिमरिया)।** थाना क्षेत्र के कसारी पंचायत अंतर्गत सिंदरी बार गांव में रविवार को हुए असामयिक वज्रपात से एक मवेशी की मौत हो गई है। मवेशी इसी गांव निवासी महराज उरांव का था। महराज उरांव ने कहा कि मैं किसान हूं बरसात का दिन है खेती-बारी करने में काफी परेशानी हो रही है। भुक्तभोगी ने अंचल अधिकारी को आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है। मालूम हो कि महराज उरांव अपने जानवर को लेकर चराने की लिए जंगल की ओर गया हुआ था। हालांकि और भी जानवर साथ में चर रहे थे।

# सेक्रेड हार्ट की बेटियां राष्ट्रीय मंच पर बनीं प्रेरणा की मिसाल

## परी व तनिशा ने मेट्रोमैन डॉ. ई. श्रीधरन की विरासत पर प्रभावशाली विचार रखे : निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल झुमरीतिलैया की दो मेधावी छात्रा कक्षा 10 की परी कुमारी और कक्षा 11 की तनिशा शर्मा ने न केवल अपने विचारों से श्रोताओं का मन मोहा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपने विद्यालय और शहर का नाम भी रोशन किया। इन दोनों छात्राओं को लीजेंड्स से सीखें नामक देशव्यापी लाइव डिबेट सीरीज में आमंत्रित किया गया, जिसका आयोजन गरीब की गुलक फाउंडेशन द्वारा किया गया।

इस प्रेरणादायक श्रृंखला का संचालन लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप खेरे करते हैं, जिसमें हर माह भारत के महान व्यक्तित्वों के जीवन और कार्यों पर छात्रों को विचार रखने का अवसर मिलता है। इस माह का विषय था मेट्रोमैन डॉ. ई. श्रीधरन का जीवन और उनकी विरासत, जिनकी दूरदृष्टि और नेतृत्व ने भारत को दिल्ली मेट्रो, कोकण रेलवे जैसे ऐतिहासिक परिवहन प्रोजेक्ट्स दिए।

परी को पैनल स्पीकर और तनिशा शर्मा को गेस्ट स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया गया। इन दोनों छात्राओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ न केवल डॉ. श्रीधरन के जीवन की गहराई को समझाया, बल्कि यह भी बताया कि आज की पीढ़ी उनके नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति से क्या सीख सकती है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि परी और तनिशा ने यह साबित कर दिया कि हमारी बेटियां भी विचारों की रोशनी से देश और समाज को दिशा देने में समर्थ हैं। हमें गर्व है कि हमारा विद्यालय न केवल परीक्षा परिणामों में, बल्कि मंचीय प्रस्तुतियों में भी अग्रणी है।

वहीं निदेशक प्रमोद कुमार ने कहा कि विद्यालय के इस प्रयास ने यह संदेश दिया कि सीखना केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, सच्चा ज्ञान तब है जब विद्यार्थी अपने विचारों से समाज को दिशा दे सकें। इस कार्यक्रम का जूम पर लाइव प्रसारण किया गया, जिसे विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने गर्व के साथ देखा। जब इन दोनों छात्राओं ने अपने विचार रखे, तो पूरे स्कूल समुदाय की आंखों में गर्व और हृदय में उमंग थी।

## पानी भरी बाल्टी में डूबने से 18 माह के मासूम की मौत

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मरचोई में रविवार की दोपहर एक 18 माह के बच्चे की पानी भरी बाल्टी में डूबने से मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार बच्ची अकेली खेल रही थी। तभी खेलते-खेलते वह औंधे मुंह पानी से भरी बाल्टी में गिर गयी और दम घुटने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मृतक मरचोई निवासी अनुज पाण्डेय की नतनी व शिवानी कुमारी की पुत्री थी। मृतक के ननिहाल वाले परिजनों ने बताया कि घर में कोई नहीं था, इसी दौरान बच्ची खेल रही थी और खेलने के दौरान औंधे मुंह बाल्टी में गिर गयी, जिससे उसकी मौत हो गयी। कुछ देर बाद घर का एक बच्चा पानी पीने आंगन में गया तो उसकी नजर बाल्टी में डूबे बच्चे पर पड़ी, उसने शोर मचाया। आवाज सुनकर घर व दरवाजे पर बैठे लोग दौड़े। बच्चे को बाल्टी से निकाला गया तब तक देर हो चुकी थी। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अवैध रूप से नकली अंग्रेजी शराब बनाने वाले गिरोह का प्रशासन ने किया भंडाफोड़

- 95 कार्टून नकली शराब, 35 लीटर स्पिरिट सहित अन्य सामग्री जब्त, एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारंगी गांव से नकली शराब बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ गिद्धौर प्रशासन ने रविवार को किया है। साथ में अन्य सामग्री जब्त कर एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक चतरा को मिली गुप्त सूचना के अनुसार गिद्धौर थाना के ग्राम मरंगी में दयाल मुंडा के मकान में अवैध रूप से नकली अंग्रेजी शराब का निर्माण एवं व्यापार किया जा रहा था। इस संदर्भ में गिद्धौर थाना प्रशासन ने एक छापामारी टीम गठन कर छापामारी अभियान चलाया और भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब एवं शराब बनाने की सामग्री जब्त किया है। जब्त सामग्री ईंपायर ब्लू कंपनी की 375 मि.ली. व्हिस्की 95 कार्टून में कुल 2280 बोतल, 35 लीटर का ब्लू रंग जार में 22 पीस जिसमें प्रत्येक जार में स्पिरिट जैसा पदार्थ, एक सफेद जार 5 लीटर का जिसमें तरल पदार्थ क्वांटिटी लिक्विड, दो प्लास्टिक का बोतल, एक हरा रंग का स्प्राइट का बोतल 750 मि.ली. का जिसमें तरल पदार्थ जैसा केमिकल रोमांस जर्मनी कंपनी का अल्कोहल मीटर, दो पीस प्लास्टिक का बना लंबा टिप, एक पीस सीरीज, एक पीस ईंपायर ब्लू कंपनी का व्हिस्की का स्टीकर, कुल तीन बंडल अंपायर ब्लू कंपनी का व्हिस्की का स्टीकर जिस पर फॉर सेल इन पंजाब ऑन लिखा हुआ सहित अन्य सामग्री जब्त किया है। छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक कुमार गौतम, पुलिस अवर निरीक्षक सोनी खलको, पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक विद्यानंद शर्मा, सहायक

# स्व: लादू बाबू का शहादत दिवस में लोगों ने दी श्रद्धांजलि

- स्वः लादू बाबू अमर रहे के लगाए गये नारे
- प्रमोद साहू ने कहा स्व लादू बाबू सभी समाज के लोगों के न्याय के लिए हमेशा उपलब्ध रहते थे


श्रद्धांजलि देते हुए लोग।


श्रद्धांजलि में शामिल अतिथि।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** शौण्डिक जयसवाल समाज द्वारा आयोजित स्वर्गीय प्रहलाद प्रसाद उर्फ लादू बाबू के शहादत दिवस में हजारों की संख्या में रविवार को बुधबाजार स्थित शिव मंदिर के सभागार में में संपन्न हुई। सभा की अध्यक्षता रामनाथ गुप्ता, निर्मल शर्मा, नरेश प्रसाद ने की। सभा का संचालन महेंद्र प्रसाद साहू व रमेश प्रसाद ने किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर स्वः प्रहलाद प्रसाद उर्फ लादू बाबू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। तत्पश्चाप स्व लादू बाबू व हवाई जहाज दुर्घटना में 278 लोगों के मौत पर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। इस सभा में स्वः प्रहलाद प्रसाद उर्फ लादू बाबू के दसवां शहादत दिवस श्रद्धांजलि समारोह को सर्वप्रथम संबोधित करते हुए अमित कुमार गुप्ता ने गगनचुंबी नारा लगाते हुए स्व लादू बाबू अमर रहे का नारा लगाया और कहा की लादू बाबू सभी वर्ग के लिए एक समान थे। वह सामाजिक व्यक्ति थे वे हमेशा लोगों के साथ न्याय करते थे। वह हर समय समाज के लिए खड़ा रहते थे। हमें उनके अच्छे विचारों को संस्मरण कर उसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उनके अच्छे कार्यों के कारण ही आज वह लोगों के दिलों में राज कर रहे हैं। आगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निर्मल शर्मा ने कहा कि स्वः लादू बाबू को आज चंदवा के सभी वर्गों में उनका नाम सर्वोपरि लिया जाता है। आज उनके अच्छे कार्यों के कारण ही हम सब एक जगह एकजुट हुए हैं। हमे उनके बलिदान को याद रखना चाहिए।

उनका जीवन आने वाले लोगों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। वही रवि डे ने कहा की स्व लादू बाबू जैसे जिस स्थिति में रहते थे वैसे ही समाज सेवा के लिए निकल पड़ते थे रात दिन भी नहीं देखते थे किसी को थाना पुलिस कचहरी नही जाना पड़ता था घर में ही बैठकर मामला सुलझा देते थे। गरीबों के लिए किसी मसीहा से कम नहीं थे। इसके अलावा सत्येंद्र प्रसाद यादव ने कहा की लोग यूं ही किसी को ऐसे याद नहीं करते उनके द्वारा अच्छे कार्यों व कर्मों के फल के कारण ही इतने लोग आज इस कार्यक्रम में यहां मौजूद है। आज भले ही वे हम लोगों के बीच नहीं है फिर भी वे नेक कार्यों के वजह से वह सभी के दिलों में जीवित है। इसके अलावा कई वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के धन्यवाद ज्ञापन में शौण्डिक जयसवाल के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा की सभी समाज के लोगों का आभार स्व लादू बाबू साहू समाज के है जरूर पर वे सभी समाज के लोगों के लिए न्याय के लिए हमेशा उपलब्ध थे, निजी स्वार्थ के लिए गलत लोगों का साथ कभी नहीं दिए, जब समाज के सभ्य लोग चुप रहेंगे तो असभ्य आपके सिर पर चढ़ेंगे लादू बाबू आज समाज के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है हमे भी उनके अच्छे कार्यों को आत्मसात करने की जरूरी है।

इस मौके पर रांची से आए झारखंड प्रदेश सूंड़ी समाज के पदाधिकारी गण सम्मिलित हुए जिसमे योगेंद्र प्रसाद, संजय प्रसाद, प्रदीप कुमार प्रसाद, सचिन प्रसाद, रामयुगेश्वर साहू वही चंदवा प्रखंड से स्व लादू बाबू के धर्मपत्नी अनिता देवी, राजेश चंद्र पांडे, नरेंद्र अग्रवाल, अजय शर्मा, संतोष प्रसाद साहू, रवि कुमार डे, सत्येंद्र प्रसाद साहू, चंद्रदीप प्रसाद, रामकरण साहू, अजय प्रसाद, दिनेश प्रसाद, रमेश प्रसाद, डॉ अनिल कुमार, सुबोध जयसवाल, हरिप्रसाद, सूर्य नारायण साहू, श्याम सुंदर साव, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, राजकुमार जायसवाल, दिलीप प्रसाद, सुबोध कुमार, प्रशांत कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, प्रमोद जायसवाल, शंभू प्रसाद, आमोद प्रसाद साहू, विनय कुमार, अरुण कुमार, मुरली प्रसाद, जमुना प्रसाद जायसवाल, परमानंद जायसवाल, सत्यवान कुमार, राजेश प्रसाद, दिलीप प्रसाद, अजय कुमार, सुधीर प्रसाद, मोहनीश कुमार, संटू कुमार, शिवप्रसाद साव, संजय कुमार, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने किया मनरेगा के तहत सड़कों का शिलान्यास बोले... अब हर टोले तक पहुंचेगी तरक्की की राह


कार्यक्रम में मौजूद विधायक, जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार को बरवाडीह प्रखंड प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत पेट्रोल पंप के समीप मनरेगा योजनांतर्गत 30 मिट्टी-मोरम सड़कों का शिलान्यास किया। इन पथों का निर्माण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत किया जाना है। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि, बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, बीपीओ तथा कार्यालय के अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद चार शिलापट्टों का अनावरण किया गया। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि मनरेगा केवल मिट्टी और पत्थर डालने की योजना नहीं है, बल्कि यह गाँवों के लिए जीवनरेखा है। आज हम जो सड़कें बना रहे हैं, वे न केवल स्कूल, अस्पताल और बाजार से जुड़ाव बढ़ाएंगी, बल्कि ग्रामीणों को रोजगार का अवसर भी देंगी। ये रास्ते विकास की ओर ले जायेंगे। विधायक ने यह भी कहा कि मनरेगा से जुड़े हर काम की सतत निगरानी की जाएगी ताकि मजदूरों को समय पर मजदूरी और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, सीओ मनोज कुमार, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, जेई शनि मल्होत्रा, बीपीओ कमलेश सिंह, युवा नेता विजय बहादुर सिंह, सामजसेवी हेसामुल अंसारी, जेएमएम नेता अफजल अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह, मनोज जयसवाल, दीपू तिवारी, तेतर यादव, नजाम अंसारी, मुखिया कालो देवी, संतोषी कुमारी, शमशुल अंसारी, भाजपा नेता ईश्वरी सिंह, मनोज प्रसाद, पंचायत सेवक विजय शंकर राम, पंचायत समिति संगीता देवी, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह, जितेंद्र सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### शिलापट्ट से गायब सांसद, गरमाई राजनीति

शिलान्यास के बाद भाजपा कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि पदाधिकारियों द्वारा जानबूझकर शिलापट्ट में सांसद का नाम नहीं दिया गया। हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्यक्रम उपरांत शिलापट्ट पर सांसद का नाम अंकित करवा दिया गया। वहीं कुछ लोगों ने यह भी कहा कि मनरेगा मजदूरों से जुड़ी योजना है, और पदाधिकारियों द्वारा पत्र जारी कर इसका शिलान्यास जनप्रतिनिधियों से करवाना मनरेगा एक्ट का उल्लंघन है।

## नवविवाहित युवक ने घर में फंदे से लटक कर दी जान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़तल्ली निवासी अनिल कुमार गुप्ता के 25 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार गुप्ता ने शनिवार रात करीब 9 बजे अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरवाडीह ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही बरवाडीह पुलिस मौके पर पहुंची और औपचारिकतायें पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया।

### डेढ़ साल पहले हुई थी शादी, तभी से मिल रही थी प्रताड़ना

परिजनों के अनुसार रोहित की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व पलामू जिला के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में हुई थी। पिता अनिल कुमार गुप्ता का कहना है कि विवाह के बाद से ही पत्नी और ससुराल पक्ष के लोग लगातार फोन पर रोहित को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे, जिसकी शिकायत वह अक्सर माता-पिता से करता था।

### घटना वाले दिन की पूरी कहानी

शनिवार शाम रोहित कजरी (पलामू) से बीडी पैसेंजर ट्रेन द्वारा घर पहुंचा। घर आकर उसने स्नान किया और अपने कमरे में चला गया। रात 9 बजे जब उसे खाने के लिए बुलाया गया, तो वह फंदे से लटका मिला।

- पिता का आरोप : ससुराल पक्ष करता था प्रताड़ित, मानसिक दबाव में था युवक


मृतक रोहित का शव, पसरा मातम।

### छह-माह के शिशु से छीन गया पिता का साया

रोहित के छह महीने का एक बेटा भी है। घटना की सूचना मिलते ही पत्नी और मायके वाले रविवार सुबह बरवाडीह पहुंच गए। पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### आदर्श नगर शवदाह गृह में किया गया अंतिम संस्कार

पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने रोहित का शव परिजनों को सौंप दिया। जिसके बाद परिजनों द्वारा आदर्श नगर शवदाह गृह पर उसका अंतिम संस्कार किया गया।

### हर पहलू से जांच में जुटी पुलिस

बरवाडीह थाना प्रभारी ने कहा कि मामला संवेदनशील है, इसलिए हर कोण से गहराई से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत के बाद अस्पताल के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** शनिवार को हुई सड़क हादसे में घायल युवक की मौत के बाद परिजन और जनप्रतिनिधियों ने रविवार को सभी सदर अस्पताल पहुंच अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव और नावागढ़ पंचायत मुखिया प्रवेश उरांव मौजूद थे। जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने बताया कि डुंडगी के पास सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई थी। पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हुए थे। घायल रामकृत उरांव को रिम्स रेफर किया गया। करीब एक घंटे बाद एंबुलेंस मिला। जो एंबुलेंस मिला उसमें न एसी था, न कोई अन्य व्यवस्था। बंद एंबुलेंस में बिना एसी के रांची ले जाना खतरे से खाली नहीं था। काफी प्रयास के बाद दो से ढाई घंटे बाद दूसरी एंबुलेंस मिली। रांची पहुंचते-पहुंचते रामकृत की रिम्स में मौत हो गई।



समय पर एंबुलेंस मिलती तो शायद जान बच जाती। उन्होंने आरोप लगाया है कि लातेहार सदर अस्पताल की व्यवस्था लचर है। सुविधाओं के अभाव में मरीजों की मौत हो रही है। अस्पताल प्रबंधन दोहरी नीति अपना रहा है। अधिकारियों के लिए अलग एंबुलेंस है, आम आदमी के लिए अलग। आम लोगों की एंबुलेंस में न ऑक्सीजन है, न एसी। प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर उपायुक्त के निर्देश पर अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो अस्पताल पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझाया। बताया कि उच्चाधिकारियों से बात हुई है। दो-तीन दिनों में एंबुलेंस समेत अन्य समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

## दुपट्टे से लटका मिला युवती का शव

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटाप पंचायत के बोरसीदाग के सियानी टोले में रविवार की अहले सुबह संध्या कुमारी पिता स्व. सिनोद लोहरा उम्र 21 का शव एक पेड़ पर दुपट्टे के फंदे के सहारे लटका पाया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना चंदवा पुलिस को दी। जब तक पुलिस पहुंचती तब तक परिजनों ने शव को नीचे उतार दिया था। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु लातेहार भेज दिया। ग्रामीण सूत्रों की माने तो शनिवार कि शाम उसकी मां ने किसी बात को लेकर उसे डांट लगाई थी। जिसके बाद से संध्या घर से गायब थी। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन वह नहीं मिली। परिजनों ने यह सोचा कि वह अपनी सहेली के घर सो गई होगी। रविवार की सुबह ग्रामीणों ने एक युवती का शव पेड़ पर फंदे से झूलता देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी।

## रुद नदी में डूबने से महिला की मौत

**चंदवा।** रविवार की दोपहर चेटर पंचायत के रुद ग्राम में नदी में डूबकर पूनम देवी पति पिंटू भुइयां उम्र 32 ग्राम रुद की मौत हो गयी। महिला के नदी में डूबने की सूचना पर ग्रामीण गोताखोरों ने महिला के शव को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना चंदवा थाना को दी। चंदवा पुलिस मौके पर पहुच महिला के शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु लातेहार भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि पूनम रविवार की दोपहर नहाने के लिए नदी गयी हुई थी। इसी क्रम में वो नदी में डूब गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने इसकी सूचना परिजनों व चंदवा पुलिस को दी। जिसके बाद उसके शव को बाहर निकाला गया।

## राज नारायण गिरी ने विधायक व डीसी उत्कर्ष से लगाई गुहार

**लातेहार।** सलाना लाखों रुपए का राजस्व देने वाले चंदवा जिला परिषद बस पड़ाव नीलामी की खुली निविदा तिथि से पूर्व ही वसूली को लेकर आदेश निर्गत किए जाने को लेकर चंदवा निवासी राज नारायण गिरी पिता वासुदेव गिरी ने लातेहार विधायक प्रकाश राम व जिले के डीसी उत्कर्ष गुप्ता से गुहार लगाई है। दिए आवेदन में उन्होंने बताया है कि गत 26 अप्रैल को बस पड़ाव की निविदा को लेकर खुली डाक आमंत्रित की गई थी, लेकिन निविदा तिथि से पूर्व ही 29 मार्च 2025 को जिला परिषद विभाग के बड़ा बाबू मो अफजल अंसारी के नाम एक लाख 70 हजार रु. प्रति माह की दर से विभागीय वसूली का आदेश निर्गत कर दिया गया। राज नारायण गिरी ने आवेदन में कहा है कि वह वर्तमान में जमा हो रहे राशि से 18 प्रतिशत बढ़ाकर प्रतिमाह 2 लाख 500 रु., तीन माह के अग्रिम जमा के साथ देने को तैयार हैं। श्री गिरी ने बस पड़ाव वसूली उनके नाम पर किए की मांग भी की है। विदित हो कि चंदवा के जिला परिषद बस व हरैया पशु मेला व बाजार के लिए निविदा राशि अधिक होने के कारण विगत दो वर्षों से बोली दाता नहीं समाने आ रहे हैं, जिस कारण विभाग के द्वारा विभागीय वसूली कराई जा रही है।

## चंदवा में किसानों का अनिश्चितकालीन आंदोलन जल समाधि सत्याग्रह प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड अंतर्गत कामता पंचायत के चतुवाग डैम में किसानों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी के चित्र और मांगो से संबंधित पोस्टर लेकर अनिश्चितकालीन जल समाधि सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया है। टोरी चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज और फुट ब्रिज निर्माण चालु कराने समेत कई मांगों को लेकर चटुआग डैम के पानी में दो घंटे खड़े होकर किसानों ने आंदोलन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। आंदोलन की अगुवाई कर रहे किसान सह पंसस अयुब खान ने चेतावनी दी है कि अगर फ्लाई ओवरब्रिज व बंद पड़े फुट ब्रिज का कार्य जल्द शुरू नहीं किया जाएगा तो किसान जल समाधि लेने पर मजबूर हो जाएंगे जिसकी जिम्मेदारी केंद्र तथा राज्य सरकार की होगी। उन्होंने आगे कहा कि केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चार वर्ष पूर्व ओवरब्रिज का शिलान्यास करके वायदा नहीं निभाया इसलिए जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक आंदोलन युं ही चलता रहेगा। इतनी बड़ी जन समस्या जहां फाटक जाम से लाखों लोग प्रतिदिन बुरी तरह प्रभावित हों उनकी अनदेखी की जाएगी तो जल समाधी लेने के सिवाय किसानों के पास और कोई चारा नहीं है। उन्होने जमीन का पुनर्मूल्यांकन करते हुए उचित मुआवजा राशि दिलाने की भी मांग की है। मुखिया नरेश भगत समेत अन्य किसान रवि शंकर गंझु, सनिका मुंडा गुजर भोगता, माईकल हंस ने कहा कि जमीनी स्तर पर समस्याओं को केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है। इन मांगों को लेकर पूर्व में भी कई आंदोलन किया गए है बावजूद सरकार इस समस्या की अनदेखी कर रही है। आंदोलन में शामिल सभी किसान केंद्र और राज्य सरकार तथा रेलवे विभाग से टोरी-चंदवा एनएच 99 न्यु 22 पर फ्लाई ओवर ब्रिज, फुट ब्रिज, टोरी रेलवे क्रॉसिंग के समीप अंडरब्रिज पास का निर्माण करने,टोरी से बालूमाथ तक पैसेंजर ट्रेन चलाने, टोरी के पूर्वी, टोरी-महुआमिलान स्टेशन के बीच भंडारगढ़ा-परसाही आने जाने वाले रास्ते पर रेलवे पोल संख्या 182/28 एवं 182/29 के समीप अंडरब्रिज पास का निर्माण करने समेत कई मांग कर रहे हैं। जल समाधि सत्याग्रह किसान रवि शंकर गंझु, त्रिभुवन गंझु, जसीमुद्दीन खान, सजेबुल खान, राहुल गंझु, गुजर भोगता, सहजीवन भोगता, दिलवा गंझु, महेंद्र गंझु, गोपाल गंझु, रंथु गंझु, माईकल हंस, सनीका मुंडा, राजु साव, दसवा परहैया, दिपेश टोपनो, बंधु होरो, मानती देवी, फुलकुमारी देवी, ममता देवी, सोमरी देवी, लालो देवी, रानो देवी, मीना देवी, मंजू देवी समेत दर्जन भर किसान शामिल थे।


किसानों द्वारा सत्याग्रह आंदोलन चलाते हुए।

## हाथी के आतंक दो मवेशी को किया घायल

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत रोन्हे ग्राम मे बिते रात अकेला जंगली हाथी ने आतंक मचाते हुए चारदीवारी को तोड़ा साथ ही घर के बाहर बंधे एक गाय व एक बैल को पटक कर घायल कर दिया। रोन्हे ग्राम निवासी मुनेश उरांव पिता नागदेव उरांव ने बताया की प्रत्येक दिन की भांति हमलोग सभी परिवार सो रहे थे। बगल के शंकर उरांव ने फोन कर बताया की तुम्हारा घर के बाहर हांथी आया हुआ है। तब हमलोग सभी परिवार जग कर किसी तरह जान बचाकर बाहर निकले। मेरा फले हुए कटहल का पेंड़ और डाली को तोड़कर मेरा कटहल खा गया। घर के बाहर मेरा मवेशी बंधा हुआ था। जिसमे मेरे गाय को पटकर सींग तोड़ दिया। घायल अवस्था मे गाय जान बचाकर किसी तरह भाग निकली। वहीं शंकर उरांव का चार दीवारी को तोड़कर क्षति ग्रस्त कर दिया। साथ ही भोला उरांव के घर मे रखे धान को भी खाकर चट कर दिया और दुकान का कई सामग्री को भी खा गया। जिससे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। एक बैल को हाथी ने सूंड से पटक पटकर अधमरा कर दिया जिससे बैल का पैर टूट गया और घायल अवस्था मे बैल की हालत नाजुक बनी हुई है।

## सिंचाई कूप बना कागजी खेल, न कूप, न जमीन, 73 हजार की निकासी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** मनरेगा योजना की आड़ में एक और बड़ा घोटाला सामने आया है। बरवाडीह प्रखंड के खुरा पंचायत स्थित ग्राम बभन्डीह में वर्ष 2023-24 में विनोद शर्मा के नाम पर सिंचाई कूप निर्माण की योजना स्वीकृत की गई थी। इसकी प्राकलित राशि 3 लाख 96 हजार रुपए थी। मगर हकीकत ये है कि न तो विनोद शर्मा के पास सिंचाई लायक 10 डिसमिल जमीन है, और न ही कोई कूप खुदा गया है, बावजूद इसके 73,000 रुपये की निकासी कर ली गई। लाभुक विनोद शर्मा ने बताया कि मुझे सिर्फ इतना पता चला था कि मेरे नाम पर सिंचाई कूप का जियो टैग हो गया है। इसके बाद कब पैसा निकला, कैसे निकला, मुझे कोई जानकारी नहीं दी गई। उनका आरोप है कि मनरेगा बिचौलिया मनीष सिंह ने पूरे पैसे की हेराफेरी की है। मामले की भनक लगते ही मनरेगा के प्रभारी बीपीओ कमलेश सिंह ने स्थल का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि मौके पर कूप का कोई नामोनिशान नहीं है। बीपीओ ने बताया कि जब राशि वसूली की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही गई, तो बिचौलिए ने खुली धमकी देते हुए कहा की अगर रिकवरी करोगे, तो छोड़ेंगे नहीं।


सिंचाई कूप की जांच करते बीपीओ व अन्य।

### हमारे फर्जी सिग्नेचर से हुआ भुगतान

इस घोटाले में पंचायत स्तर के अधिकारी भी बेबस नजर आ रहे हैं। तत्कालीन पंचायत सचिव संजीव कुमार और रोजगार सेवक सतेंद्र पासवान ने साफ कहा कि उनके नकली हस्ताक्षर बनाकर राशि निकाली गई। हमने कोई भुगतान नहीं किया। डोंगल के इस्तेमाल की बात पूछे जाने पर पंचायत सचिव ने कहा की डोंगल का इस्तेमाल ऑपरेटर करते है।

### लोगों की निगाहें प्रशासनिक कारवाई पर टिकी

अब सवाल उठता है कि जब जमीन नहीं, कूप नहीं, तो सरकारी पोर्टल पर काम कैसे दिखा दिया गया ? क्या सिस्टम में बैठे लोग भी इस घोटाले में शामिल हैं? मामला उजगार होने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और वे दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बरवाडीह प्रखंड में यह मामला भ्रष्टाचार की एक और बानगी बनकर सामने आया है। जिसमें मुखिया, बिचौलिया, लाभुक और संबंधित कर्मी भी जांच के दायरे में है। अब देखना है कि प्रशासन इस घोटाले पर क्या कदम उठाता है।

## आंधी-तूफान और वज्रपात से भारी नुकसान, दो गायों की मौत, आम की फसल बर्बाद

**कांडी।** रविवार दोपहर बाद करीब 3:30 बजे क्षेत्र में तेज गर्जना व आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। सेतो गांव में वज्रपात से जाकिर अंसारी और रमजान अंसारी की एक-एक गाय की मौत हो गई। मवेशियों की मौत की खबर फैलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। वहीं तेज हवाओं और बारिश से आम की फसल को भी भारी नुकसान हुआ। कई आम के पेड़ टूट गए और पके हुए फल जमीन पर बिखर गए। इससे किसानों को आर्थिक क्षति हुई है। हालांकि बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से थोड़ी राहत मिली है। मौसम में नमी आ जाने से तापमान में गिरावट आई है। बारिश शुरू होते ही बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। प्रखंड क्षेत्र में अंधेरा छा गया है। ग्रामीणों में चिंता है कि रात तक बिजली बहाल नहीं हुई, तो पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और अन्य आवश्यक कार्यों में बाधा आएगी।

## अग्रवाल परिवार ने जन्मदिन पर किया भोजन वितरण

**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार के तत्वावधान में 77वां साप्ताहिक प्रसाद रूपी भोजन वितरण का आयोजन हनुमान मंदिर परिसर में बड़ी श्रद्धा और सेवा भाव के साथ किया गया। यह आयोजन अनीता अग्रवाल द्वारा पुत्र वैभव अग्रवाल, विवेक अग्रवाल एवं सुपौत्री श्रीशा अग्रवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में समर्पित रहा। मौके पर राजीव रंजन अग्रवाल ने कहा कि परिवार के सदस्यों के जन्मदिवस को जरूरतमंदों की सेवा से जोड़ने की यह परंपरा न केवल संतोष देती है, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणा है। मौके पर अग्रवाल परिवार के संतोष अग्रवाल, तेजस, मानस, आशुतोष, पवन, पुरुषोत्तम, सुरभि, अथर्व, चंद्रप्रकाश, उत्कर्ष, रुद्राक्ष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## शॉल और बुके से स्वागत, शिक्षकों ने रखी अपनी पीड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड पल्स टू शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल गढ़वा डीसी दिनेश कुमार यादव से मुलाकात की। शॉल ओढ़कर और बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात शिक्षकों ने अपनी पीड़ा से उन्हें अवगत कराया। संघ के पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष सह गोविंद पल्स टू विद्यालय गढ़वा के प्राचार्य विश्व विजय सिंह के नेतृत्व में संघ का एक प्रतिनिधि मंडल डीसी से मुलाकात किया। उनके गढ़वा जिले में पदस्थापना पर स्वागत किया एवं खुशी जाहिर की। प्रतिनिधि मंडल ने डीसी को शिक्षकों की समस्याओं से भी अवगत कराया। इस संबंध में डीसी को एक मांग पत्र भी सौंपी गई। मांग पत्र में कहा गया हैं कि देश में लागू नई शिक्षा नीति में शिक्षकों को आकर्षक वेतन देने की बात कही गई है। जबकि झारखंड में बनी नई नियमावली में टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों का वेतन कम कर दिया गया है। इस कारण योग्य लोग शैक्षणिक क्षेत्र में आने से परहेज करने लगे हैं। शत प्रतिशत विद्यालयों का संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक से कराया जा रहा है। इसके लिए उन्हें कोई अतिरिक्त मानदेय भी नहीं दिया जाता है लेकिन अपेक्षानुरूप कार्य नहीं होने पर उन्हें दंडित किया जा रहा है। इससे शिक्षकों में काफी रोष है। वे इसका त्वरित निदान चाहते है। सभी विद्यालयों में स्थाई प्रधानाध्यापक की नियुक्ति परमावश्यक है। इसी तरह 10 वर्षों के संतोषप्रद सेवा के बाद शिक्षकों को एसीपी और एमएसीपी का लाभ मिलता है लेकिन हजारों शिक्षक इससे वंचित हैं। अब नई नियमावली में प्रमोशन के सारे मार्ग बंद कर दिए गए हैं। गढ़वा के विद्यालयों में बच्चों को आधुनिक शिक्षा के लिए बड़ी संख्या में कंप्यूटर और अन्य कीमती उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। जिसकी सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। विद्यालयों में अक्सर चोरी की घटनाएं होती रहती है। इसके लिए रात्रि प्रहरी की आवश्यकता है। विद्यालयों में शौचालयों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों की सफाई के लिए सफाई कर्मी नियुक्त नहीं हैं। इस कारण काफी परेशानी होती है। इस कार्य के लिए विद्यालयों को आउटसोर्सिंग से जोड़ने की आवश्यकता है। अधिसंख्य विद्यालयों के खेल मैदान और खाली पड़ी जमीन अतिक्रमित हो चुकी है। उसे अतिक्रमण मुक्त करते हुए उसपर चहारदीवारी की जरूरत है। विद्यालयों के बिजली बिल और होल्डिंग टैक्स देने के लिए किसी तरह की फंड की व्यवस्था नहीं है और न ही इससे संबंधित कोई गाइडलाइन जारी की गई है। जबकि संबंधित विभागों द्वारा बार बार बिल भेजा जाता है और डिफॉल्टर घोषित करते हुए मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी दी जाती है। इसका भी समाधान अपेक्षित है। इसी तरह सैकड़ों विद्यालयों को बिना सोचे समझे ही उत्क्रमित कर दिया गया है। कहीं 50 विद्यार्थियों का भी नामांकन नहीं होता है तो कहीं एक हजार से भी अधिक बच्चे नामांकित हैं। इसके लिए जरूरी है कि विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति छात्रों की संख्या के अनुपात में हो। संघ के प्रतिनिधि मंडल ने उक्त मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए उसके समाधान की प्रार्थना की।


डीसी का स्वागत करते शिक्षक।

## झामुमो ने विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि


शोक सभा में पूर्व मंत्री व अन्य।

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा गढ़वा इकाई द्वारा रविवार को कल्याणपुर स्थित झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में हाल के दिनों में देशभर में हुई त्रासद घटनाओं—अहमदाबाद में प्लेन क्रैश, केदारनाथ में हेलिकॉप्टर हादसा, और पुणे पुल दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर सहित झामुमो के तमाम नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने हादसों को बेहद पीड़ादायक बताते हुए कहा कि ह्लयह केवल प्रभावित परिवारों की नहीं, बल्कि पूरे देश की त्रासदी है। उन्होंने केंद्र सरकार से विमान और हेलिकॉप्टर सुरक्षा मानकों की पुनः समीक्षा की मांग करते हुए कहा कि इन हादसों से सबक लेकर भविष्य की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना बेहद जरूरी है। झामुमो केंद्रीय सदस्य जवाहर पासवान ने कहा कि ह्लहर एक जान अनमोल है। इन दुर्घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। पीड़ित परिवारों को शीघ्र मुआवजा और हर संभव सहायता मिलनी चाहिए। सभा में तकनीकी लापरवाही और ट्रांसपोर्ट सिस्टम की जवाबदेही तय करने की भी मांग की गई। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे, तनवीर आलम, परेश तिवारी, जिला सचिव शरीफ अंसारी, कोषाध्यक्ष चंदन जायसवाल, रेखा चौबे, आराधना सिंह, वंदना जायसवाल, रोशन पाठक, सलीम जाफर, धर्मेंद्र दुबे, फरीद अंसारी, अमित

स्पीड न्यूज

## आरडी रबर रिक्लेम कंपनी में हड़ताल समाप्त

गम्हरिया। आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित आरडी रबर रिक्लेम कंपनी में विगत 23 मई से चली आ रही हड़ताल शनिवार देर रात समाप्त हो गई। डीसी के निर्देश पर श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर की मध्यस्थता से हड़ताल को समाप्त किया गया। कंपनी की ओर से घायल बाजल टुडू के लिए तत्काल बतौर मुआवजा 2.50 लाख रुपए का डिमांड ड्राफ्ट श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर को सौंपा गया जो 16 जून को उंक्तमजदूर को दिया जाएगा। इसके साथ ही अन्य मांगों पर भी विस्तारपूर्वक वार्ता हुई। प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया कि कामगारों के हड़ताल पर चले जाने से कंपनी का कार्य पिछले 23 दिनों से ठप्प था। इससे कंपनी को लाखों रुपए की क्षति का अनुमान है। इसके साथ ही कंपनी का विस्तारीकरण और नए सिरे से नवीनीकरण में काफी विलंब हुआ। बताया कि जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग के अधिकारियों की ओर से त्वरित कार्रवाई कर दोनों पक्षों को समझाकर हड़ताल को समाप्त कराया गया। हड़ताल समाप्त होने के बाद सीओ अरविंद वेदिया एवं थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कंपनी परिसर का जायजा लिया। बैठक में कंपनी प्रबंधन की ओर से शुभोजित कुंडू एवं उमेश शुक्ला, मजदूर प्रतिनिधियों की ओर से अजय कुमार शर्मा, वसंत कुमार प्रसाद आदि उपस्थित थे। कंपनी परिसर में यूनियन एवं प्रबंधन के अधिकारियों के साथ हुई सौहार्द्रपूर्ण वार्ता में कई मांगों पर सहमति जताई गई। यूनियन की ओर से जारी बयान में बताया कि सभी श्रमिकों को सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने, पीएफ, ईएसआई, न्यूनतम वेतनमान एवं अन्य श्रम कानूनों का अनुपालन करने, घायल श्रमिक बाजल टुडू के ईएसआई अधिनियम के प्रावधानों के तहत पूर्ण अपंगता के लिए क्षतिपूर्ति क्लेम करने, कंपनी प्रबंधन द्वारा राहत स्वरूप 2 लाख 50 हजार रुपये की राशि देने एवं इलाज के क्रम में अस्पताल का खर्च लगभग 1 लाख व्यय करने पर सहमति बनी है। राहत राशि डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से मंगलवार को बाजल टुडू को प्रदान की जाएगी। बताया कि 16 जून को श्रम अधीक्षक के समक्ष अनौपचारिक त्रिपक्षीय बैठक में औपचारिक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया जाएगा।

## रिश्वत मांगने वाला पुअनि निलंबित

जमशेदपुर। कदमा थाना अंतर्गत पदस्थापित पदाधिकारी पु.अ नि सुनील कुमार दास के द्वारा पीड़िता दुर्गा कुमारी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करने के नाम पर बार-बार थाना बुलाकर एक लाख रुपए की मांग करने के आरोप में सुनील कुमार दास को पुलिस अधीक्षक नगर के जांच रिपोर्ट के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

## टैंगो मोबाइल का जवान निलंबित

जमशेदपुर। 6 जून को आजादनगर थाना अंतर्गत टैंगो मोबाइल में प्रतिनियुक्त आ0-317 जितेन गोराई के द्वारा 5000 रुपये लेकर मवेशी गाड़ी छोड़ने के आरोप में आजादनगर थाना प्रभारी के रिपोर्ट के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वाराआ0-317 जितेन गोराई तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## फर्जी ट्रस्ट बनाकर फंसे जितेंद्र मिश्रा

गम्हरिया। कथित रूप से फर्जी ट्रस्ट बनाकर काण्ड्रा स्थित हरीशचन्द्र विद्या मंदिर की सम्पत्ति को पिछले दरवाजे से हड़पने के लिए बुने गए अपने ही जाल में स्वयंभू निदेशक जितेंद्र मिश्रा अब लगभग फंस चुके हैं। फर्जी ट्रस्ट डीड को रजिस्टर कराकर उन्होंने पूरे रजिस्ट्री विभाग सहित नोटरी पब्लिक व अधिवक्ता को भी लपेटे में ले लिया है। इस डीड में कई ऐसी गलतियां हैं, जो इसे स्वतः जाली प्रमाणित करता है। स्कूल के संस्थापक और सक्सेना स्व0 हरिश्चन्द्र वार्ष्णेय के दोनों पुत्र दिवंगत हो चुके हैं, लेकिन दोनों पुत्रबधू मुकुल रानी वार्ष्णेय और पद्मिनी वार्ष्णेय अभी जीवित और स्वस्थ हैं। डीड में इन दोनों का अनापत्ति नहीं लिया गया है। डीड में मुकुल रानी वार्ष्णेय के पुत्र प्रदीप वार्ष्णेय और ललित वार्ष्णेय तथा पद्मिनी वार्ष्णेय के पुत्र राजकुमार वार्ष्णेय के अनापत्ति का एफिडेविट संलग्न है, जिसमें उनके फर्जी हस्ताक्षर हैं। एफिडेविट में किसी का भी आधार कार्ड संलग्न नहीं है जो अनिवार्य माना जाता है। उसके अलावा फर्जी हस्ताक्षर में वार्ष्णेय का स्पेलिंग भिन्न है। डीड में फर्जी हस्ताक्षर के सम्बन्ध में राजकुमार वार्ष्णेय ने सरायकेला उपायुक्त को आवेदन भी दिया है। इसके अलावा, डीड का स्टाम्प ड्यूटी 4 अप्रैल' 25 को खरीदा गया था, जबकि रजिस्ट्री अफिस में ट्रस्ट डीड के निष्पादन की तारीख 4 मार्च' 25 दर्ज किया गया है। विद्यालय संचालन के लिए जिस आमसभा में उपस्थित लोगों के हस्ताक्षर को ट्रस्ट डीड में संलग्न किया गया है, वो भी फर्जी प्रतीत होता है। क्रम संख्या 13 से 18 और क्रम संख्या 21 से 26 तक एक ही राईटिंग से अलग अलग नाम और फोन नम्बर दर्ज है। डीड में इसी आमसभा को एक अलग विन्दु में बोर्ड मीटिंग बताकर जितेंद्र नाथ मिश्रा निदेशक घोषित किए गए। यहां प्रश्न यह उठ रहा है कि आमसभा और बोर्ड मीटिंग एक कैसे हो सकता है? वहीं, डीड में दर्ज ट्रस्ट बोर्ड में एक निदेशक और 8 सदस्य हैं, जबकि प्री रजिस्ट्रेशन डकेट में जितेन्द्र नाथ मिश्रा सहित सात नाम हैं जिसमे सुकु हांसदा और करमचंद मंडल का नाम दो-दो बार रिपीट किया गया है।

# स्वदेशी अपना कर ही भारत को बनाया जा सकता है वैभवशाली : धनपत राम अग्रवाल

## स्वदेशी जागरण मंच का 18वां जिला सम्मेलन संपन्न





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्वदेशी जागरण मंच जमशेदपुर महानगर के 18 वां जिला सम्मेलन का आयोजन चैम्बर भवन बिस्टुपुर में रविवार को हुआ, जिसमे शहर से 300 प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि देश के जाने माने अर्थशास्त्री स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह संयोजक एवं स्वदेशी शोध संसथान के निदेशक डॉ धनपत राम अग्रवाल, सम्मानित अतिथिति जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय, स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संघर्षवाहिनी प्रमुख अन्नदा शंकर पाणिग्रही एवं राष्ट्रिय स्वयंसेवक संघ के जमशेदपुर विभाग संयोजक इन्दर अग्रवाल जी रहे। उद्घाटन सत्र का संचालन जिला संयोजिका राजपति देवी, स्वागत भाषण महानगर सह संयोजक मुकेश ठाकुर, विषय प्रवेश प्रान्त के प्रचार प्रमुख अमित मिश्रा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक बिकास जैस्वाल ने किया। इस सम्मलेन में कुल 4 सत्र हुए, जिसमे भारत का वर्तमान आर्थिक परिदृश्य और समृद्ध भारत में स्वदेशी जागरण मंच की भूमिका, स्वदेशी-सुरक्षा-स्वावलम्बन अभियान, सतत विकास और पर्यावरण के विषयों पर अनेक वक्ताओं के संबोधन हुए। शहर की विधि व्यवस्था, कचड़ा प्रबंधन एवं स्वच्छता एवं शहर की यातायात समस्याओं पर एक प्रस्ताव रखा गया, जिसे सारे प्रतिनिधियों ने करतल ध्वनि से समर्थन दिया। डॉ धनपत राम अग्रवाल ने कहा कि आज पूरा देश यह जान गया है की स्वदेशी ही एकमात्र ऐसा आधार है जिससे हम भारत को एक वैभवशाली एवं समृद्धशाली देश बना सकते है। उन्होंने कहा की हमे विवेकपूर्ण ढंग से एक विकास का मडल तैयार करना होगा जिससे देश गरीबी मुक्त, रोजगार युक्त और प्रदुषणमुक्त पर्यावरण रहे। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हम दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है लेकिन प्रति व्यक्ति आय के अनुसार हम 142 वें स्थान में है। हम पूरे विश्व की जनसंख्या के लगभग 18.5 प्रतिशत हैं लेकिन विश्व की कुल आमदनी का 3.5 प्रतिशत आय का अर्जन ही हम कर पा रहे हैं। धनपत अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि इस परिदृश्य को बदलने के लिए हमे दो प्रमुख काम करने होंगे - पहला जितने उत्पाद का भारतीय विकल्प यदि हमारे पास है तो हमे उसे ही लेना चाहिए और दूसरा हमारी शिक्षा पद्धति में अनुसंधान सम्बंधित विषयों एवं प्रोजेट्स को जोड़ना होगा। साथ ही हमारी तमाम भारतीय कंपनियां रिसर्च एंड डेवलपमेंट में यदि अपना ध्यान बढ़ा दे तो आने वाले समय में हम भी चीन, अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशो को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। ऐसा हमने सुरक्षा के क्षेत्र में कर के भी दिखाया है। विधायक सरयू राय ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन को बचाये रखने में और आगे बढ़ाने में स्वदेशी जागरण मंच कि अहम् भूमिका रही। आज विकसित देश यह नहीं चाहते कि विकासशील देशों का उत्पाद उन तक पहुंचे जिसके वजह से आज वे टैरिफ वार छेड़े हुए हैं। खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी भारत के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने सतत विकास, प्रान्त के विचार विभाग के प्रमुख डॉ जटाशंकर पांडेय ने स्वावलम्बन पर अपनी बातों को रखा। मंच के प्रान्त चिकित्सा प्रमुख डॉ अनिल राय ने शहर में बढ़ते नशाखोरी, चेन स्नैचिंग, गैरकानूनी वारदातें, कचड़ा प्रबंधन, प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग, मेडिकल वेस्टेज का सड़क पर फेंके जाने और पर्यावरण के दृष्टिकोण से हर सोसाइटी में 33 प्रतिशत ग्रीन एरिया और रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य करने के विषयों पर प्रस्ताव रखा जिसे सारे स्वदेशी समर्थकों ने अपने समर्थन दिया। अखिल भारतीय सह पर्यावरण प्रमुख बन्दे शंकर सिंह जी ने मंच अनेक दायित्वों के बारे में विस्तार से बताते हुए आगामी कार्यक्रमों गए जो इस प्रकार से हैकी जानकारी साझा की।

**संगठन पुनर्गठन के बाद की तस्वीर**

- जिला सह संयोजक-विकास जायसवाल
- जिला विचार विभाग-अशोक कुमार
- जिला सह विचार विभाग प्रमुख-मनोज सकुजा
- जिला संपर्क प्रमुख-जयप्रकाश सिंह
- जिला प्रचार प्रमुख प्रमुख संगीता श्रीवास्तव
- जिला कार्यालय प्रमुख-हरिदास नायक

**कार्यक्रम में ये भी थे उपस्थित**

कार्यक्रम में मुरलीधर केडीए, अशोक गोयल, रविंद्र, मधुलिका मेहता, पंकज सिंह, के पि चौधरी, राज कुमार साह, कंचन सिंह, विकास साहिनी, राजा राम मनोज सकुजा, गुरजीत सिंह, एम् भवानी, किरणजीत कौर, चिरंजीत कौर, मुकेश भदानी, मनोज सकुजा, सत्यनारायण, संजीत प्रामाणिक, संगीता श्रीवास्तव, रचना श्रीवास्तव, कोना सुजाता, संजना साहू, रमेश, अजित सिंह, सुनीता मिश्रा, जगदेव सिंह, देव कुमार, राजेश बरनवाल, सुनील गुप्ता, रिंकू दुबे, प्रतिभा सिंह के अलावा समर्थक उपस्थित रहे।

# हरिणा में प्रसिद्ध बाबा मुक्तेश्वर धाम मेला शुरु

**विधायक संजीव सरदार ने धाम में परिवार संग की पूजा**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कोल्हान के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हरिणा मुक्तेश्वर बाबा के मंदिर में रोजो संक्रांति के अवसर पर आयोजित मेले में रविवार को पोटका विधानसभा के विधायक संजीव सरदार अपने परिवार के साथ पहुंचे। विधायक ने मंदिर परिसर में विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच विधायक का आत्मीय स्वागत किया गया। पूजा अर्चना के उपरांत विधायक संजीव सरदार ने मेला परिसर का भ्रमण किया और वहां तैनात अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मेला की सुरक्षा, सफाई, चिकित्सा सुविधा एवं जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। विधायक ने उपस्थित डीएसपी संदीप भगत एवं अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने की बात कही। उन्होंने श्रद्धालुओं को मेला में बेहतर सुविधा दिलाने के लिए प्रशासनिक समन्वय की सराहना की और कहा कि यह मेला कोल्हान की सांस्तिक विरासत का प्रतीक है, जिसे और भव्य बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

# बिपनी में निफ्ट दिल्ली के युवा डिजाइनर्स का आगमन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कला मंदिर सक्षम महिला स्व-सहायता समूह महासंघ द्वारा संचालित बिपनी शोरूम में आज एक विशेष दिवस रहा। देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट), दिल्ली से आए कई युवा डिजाइनर्स ने अपने 'ज्ञदवू स्वबंस टपससंहम ब्तंजि च्मतेवदे'' कार्यक्रम के तहत बिपनी का दौरा किया और यहां की जमीनी हकीकत को करीब से समझा।

यह सत्र इन नवोदित पेशेवरों के लिए आंखें खोलने वाला अनुभव साबित हुआ। उन्होंने देखा कि कैसे जनुमदिह, आमडूबि, खरसावां, इचागढ़, बेंध, कुईलिसुटा, जसकांदीह, सरजमदा, असनबोनी और धर्मटोला जैसे गांवों के पारंपरिक कारीगर वर्ष 2008 में कला मंदिर सक्षम एसएचजी फेडरेशन के अंतर्गत एकजुट हुए। सी. रामास्वामी, एसके बेहरा, शशिकांत छगनलाल, शुक्ला मोहंती, शक्ति शर्मा, पीके सिन्हा, डॉ एनएन कुलकर्णी, नागेंद्र नाथ सिन्हा, धीरेंद्र कुमार और कई अन्य मार्गदर्शक जिन्होंने समय-समय पर प्रोत्साहन व समर्थन दिया।

**एक नजर में**

## जिला स्तरीय जूनियर व सिनियर बालक-बालिका खो-खो चैंपियनशिप 22 को



जमशेदपुर। जिला स्तरीय जूनियर एवं सीनियर बालक बालिका दोनों ही वर्गों के जिला स्तरीय चैम्पियनशिप 2025 के सफल आयोजन को लेकर रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला खो खो एसोसिएशन के तत्वाधान में एक आवश्यक बैठक का जमशेदपुर के साक्ची स्थित आमबागान स्काउट गाइड सभागृह में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी सिंहभूम जिला खो खो एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष श्याम शर्मा ने की। बैठक में आम सहमति से निर्णय लिया गया इस माह 22 जून दिन रविवार को प्रातः 7:30 बजे जमशेदपुर में जूनियर और सीनियर बालक और बालिका दोनों ही वर्गों में जिला स्तरीय चौंपियनशिप आयोजित किया जाना है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया इस चैम्पियनशिप में पूर्वी सिंहभूम जिला में स्थित सभी कोटि के विद्यालयों, प्लस टू विद्यालयों, महाविद्यालयों और क्लबों के खिलाड़ी टीम निबंधन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेंगे भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र आधार कार्ड पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु विशेष जानकारी के लिए संगठन के पदाधिकारी दयाल सिंह मेहरा के मोबाइल संख्या 9031928591 पर संपर्क कर विशेष जानकारी प्राप्त की जा सकती है। चौंपियनशिप के उपरांत जिला के चयनित खो खो खिलाड़ी जुलाई के प्रथम सप्ताह में आरंभ होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर बालक और बालिका वर्ग की टीम पूर्वी सिंहभूम जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस चौंपियनशिप के उपरांत पूर्वी सिंहभूम जिला के मजबूत खो खो टीम का चयन किया जाना है। बैठक को सफल बनाने में मुख्य रूप से सचिन विक्टर विजय कोषाध्यक्ष श्याम शर्मा, अजय शर्मा डब्लू रहमान, तकनीकी प्रमुख दयाल सिंह मेहरा, अरबाज हुसैन, वीरेंद्र कुमार मिश्रा, आकांक्षा कुमारी, राजकुमार सिंह, नरेश कुमार, श्रीकांत कुमार, बेबी कुमारी, आशा कुमारी एवं अन्य का योगदान रहा।

## समर कैंप के आखिरी दिन सूर्य मंदिर में बच्चों ने खूब की मस्ती



जमशेदपुर। वैश्य एकता मंच मानगो मंडल के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का रविवार को आखिरी दिन मानगो निर्धन बस्ती के बच्चे बच्चियों को सूर्य मंदिर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान सभी बच्चों ने स्विमिंग पूल में खूब इंजय किया, खूब मस्ती किया। कई बच्चों की मानें तो उसे सूर्य मंदिर देखने एवं स्विमिंग पूल में नहाने का पहला अवसर प्राप्त हुआ। वैश्य एकता मंच के प्रदेश महासचिव श्रीकांत देव की उपस्थिति में मंच के मानगो मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र साव एवं सचिव बंटी गुप्ता ने नेचुरल स्माइल फाऊंडेशन के राज गुप्ता, प्रवीण, संजीव, अरविंद, रवि, जयप्रकाश, श्वेता, नीतू, तारा, नीलू के साथ मिलकर तीन दिवसीय समर कैंप का सफलतापूर्वक समापन किया। देव ने बच्चों को आपात स्थिति में पानी के अंदर बचने के उपाय के सम्बन्ध में चर्चा की। कार्यक्रम को नेचुरल स्माइल फाऊंडेशन द्वारा प्रायोजित किया।

## टेल्को में भक्तों ने किया श्याम प्रभु का प्रसाद ग्रहण



जमशेदपुर। श्याम युवा मंडल टेल्को का दो दिवसीय श्री श्री श्याम महोत्सव रविवार को विशाल भंडारा के आयोजन के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। टेल्को ग्वाला बस्ती स्थित राजस्थान भवन में तीन हजार से अधिक भक्तों ने श्याम प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद का शुभारंभ दोपहर 1230 बजे शुरू हुआ। श्याम बाबा के प्रति आस्था व निष्ठा होने के कारण जमशेदपुर के हर क्षेत्र से भी काफी संख्या में भक्तगण प्रसाद ग्रहण करने आये थे। आज के इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रमुख रूप से अनिल, सक्षम, मनोज, मोहित, विवेक, ऋषभ, राकेश, अंगद, मुकेश, उदय, अमित, हर्ष, हेंमत, श्याम अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## सुरभि शाखा के पांच दिवसीय रक्तदान पखवाड़ा में 87 यूनिट रक्त संग्रह




जमशेदपुर। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के रक्तदान महा उत्सव एवं रक्तदान सम्मान पखवाड़ा के तहत मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय रक्तदान पखवाड़ा का समापन रविवार को हुआ। पांच दिनों में 87 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। साथ ही एक जरूरतमंद को 2 यूनिट ब्लड सहयोग किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को पूर्व प्रांतीय रक्तदान संयोजक सार्थक अग्रवाल को 108 बार रक्तदान करने हेतु सम्मानित किया गया। पांच दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, उषा चौधरी, पायल अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, बिंदिया नरेडी, खुशबू कावटिया आदि का योगदान रहा।

## साईं गुरुकुल ट्रस्ट में ताइकमांडो प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



आदित्यपुर। शेर ए पंजाब के समीप गंगा कम्पलेक्स में साइ साईं गुरुकुल ट्रस्ट द्वारा ताइकमांडो प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में साईं गुरुकुल ट्रस्ट के के चेयरमेन देव महतो ने बताया की ट्रस्ट पूर्व से डांस, सिंगिंग, इंस्ट्रुमेंटल, ड्राइंग, फिल्म मेंकिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हमारा उद्देश्य केवल कल सीखना नहीं बल्कि बच्चों और युवाओं को आत्मनिर्भर सजग और सशक्त बनाना है। शहर की जाने-माने प्रशिक्षक ब्लैकबेल्ट रवि शकर व उनके सहयोगी ऋषि कुमार द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर साइन गुरुकुल ट्रस्ट के सचिव आनंद पटेल, मीनू टुडू, रिकी कुमारी, अलीशा महतो, विक्की शर्मा, सपन महतो आदि उपस्थित थे।

## छतरपुर जिला कांग्रेस में जोश भर रहे बन्ना गुप्ता



जमशेदपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से मध्यप्रदेश के छतरपुर जिला में 'संगठन सृजन अभियान' के अंतर्गत पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधानसभा वार बैठक कर रहे हैं। इसके अंतर्गत बिजावर विधानसभा क्षेत्र के जानकी निवास और ईशा नगर में ब्लक अध्यक्ष, मण्डलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बी एल ऐ एवं जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संगठनात्मक मजबूती बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की पहचान और सक्रियता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने जिला अध्यक्षों के चयन, ब्लक से लेकर मंडलम, पंचायत, सेक्टर, वार्ड, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पार्टी की जड़ों को सशक्त करने के लिए संवाद किया।

# शेन इंटरनेशनल स्कूल में रोटरी क्लब इंटरैक्ट फेस्टिवल रायला 2025 संपन्न



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** नवयुवकों को सशक्त बनाने और उनमें नेतृत्व करने की क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से जमशेदपुर के प्रतिष्ठित रोटरी क्लब द्वारा शेन इंटरनेशनल स्कूल में रोटरी क्लब इंटरेक्ट फेस्टिवल रायला 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जमशेदपुर के 8 स्कूलों के लगभग 150 छात्र शामिल थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैप्टन रणविजय सिंह उपस्थित थे। रोटरी क्लब जमशेदपुर की अध्यक्ष शिवानी गोयल और शेन इंटरनेशनल स्कूल की उप प्राचार्या टैंडरिमा बनर्जी ने मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया और इस कार्यक्रम की अनिवार्यता पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने अनेक रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें समाचार पत्रों से ड्रेस डिजाइन करना और 'विकास के पहाड़' 'ग्रह को बचाओ' और 'रास्ता रोशन करो' जैसे विषयों पर एक सामान्य पेंटिंग प्रतियोगिता शामिल थे।

# श्रीनाथ विश्वविद्यालय के छात्र करेंगे अंतरिक्ष का अध्ययन





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय के छात्र करेंगे अंतरिक्ष विज्ञान पर शोध, दो दिवसीय दौरे पर इंडियन सेंटर फर स्पेस फिजिक्स पश्चिम बंगाल के लिए रवाना श्रीनाथ यूनिवर्सिटी, जमशेदपुर के भौतिकी विभाग और स्कूल अफ इंजीनियरिंग द्वारा इंडियन सेंटर फर स्पेस फिजिक्स के शैक्षणिक सहयोग से एक विशेष स्काई-वचिंग टूर का आयोजन किया गया है, जो छात्रों के लिए अंतरिक्ष के अद्भुत रहस्यों को करीब से देखने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान कर रहा है जहां छात्र अंतरिक्ष की रोमांचक और अनछुई पहलुओं पर छात्र शोध करेंगे। छात्रों का यह कार्यक्रम पूर्वी भारत में स्थित सबसे बड़ी 24-इंच व्यास वाली परावर्तक दूरबीन के माध्यम से खगोलीय पिंडों के अवलोकन पर आधारित होगी, जहां छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञानियों और इंजीनियरों के मार्गदर्शन में खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष भौतिकी की जमीनी समझ विकसित करने का भरपूर अवसर मिलेगा। इस यात्रा के दौरान वैचारिक संवाद के श्रीनाथ विवि के छात्र इंडियन सेंटर फर स्पेस फिजिक्स के वैज्ञानिकों के साथ गहन परिचर्चा में भाग लेंगे। श्रीनाथ विवि के भौतिकी विभाग की सहायक प्रो डॉ सुदर्शना बनर्जी ने कहा कि यह प्रयास छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रेरित करने और उन्हें भविष्य के अनुसंधान के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह टूर 17 जून को समाप्त होगा जिसके बाद छात्र इसपर एक विस्तृत शोध पत्र तैयार करेंगे।

# लोयोला एल्युमिनी ने जीता एनआइटी सिंदूर विजय ट्रॉफी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एनआईटी जमशेदपुर में आयोजित सिंदूर विजय ट्रफी के फाइनल में लयोला एल्युमिनी 11 ने एनआईटी 11 को 4 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। यह त्रिकोणीय क्रिकेट श्रृंखला 1 जून 2025 को शुरू हुई थी, जिसमें लयोला एल्युमिनी 11, डक्टर'स 11 और एनआईटी 11 ने भाग लिया था। सिंदूर विजय ट्रफी का नाम अपरेशन सिंदूर से लिया गया है, जो हमारे सशस्त्र बलों के साहस और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य देश की सुरक्षा और अखंडता को बनाए रखना था। यह टूर्नामेंट उसी भावना को सलाम करता है और युवाओं में देशभक्ति और खेल भावना को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। इस टूर्नामेंट के आयोजन में एनआईटी जमशेदपुर के रजिस्ट्रार डॉ कर्नल निशिथ कुमार राय और डॉ केशव कुमार शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह टूर्नामेंट फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो इंडिया के तहत आयोजित किया गया था, यह टूर्नामेंट युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और फिटनेस को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इन पहलों का उद्देश्य देश के युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और खेलों में उत्ष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। फाइनल मैच में उत्कर्ष शर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया और मैन अफ द मैच चुने गए। जबकि साकेत कुमार को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

# सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ जनार्दन प्रसाद एवं शीतल दुबे की पुस्तकें लोकार्पित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलनध्तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में मासिक 'कथा मंजरी' सह हिन्दी साहित्य के प्रथम तिलिस्मी लेखक देवकी नंदन खत्री की जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका तथा संचालन समिति के अजय प्रजापति ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थान के न्यासी अरुण कुमार तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ यमुना तिवारी व्यथित, डॉ अजय कुमार ओझा, नीलिमा पाण्डेय, हरिहर मित्तल, बलविंदर सिंह, कैलाश नाथ शर्मा 'गाजीपुरी, वसंत जमशेदपुरी, हरभजन सिंह रहबर, शकुन्तला शर्मा, विद्या शंकर विद्यार्थी, निशांत सिंह, प्रदीप कुमार मिश्र,अनिता निधि, मंजू कुमारी, मनीष पाठक, भंजदेव देवेन्द्र व्यथित, अरुण कुमार शर्मा, जितेश तिवारी, संजय पाठक सनेही, सुजय कुमार आदि की उपस्थिति रही।

# 95 वर्ष की उम्र में कई सामाजिक, राजनैतिक उथल-पूथल के गवाह रहे हैं डॉ हरि बल्लभ सिंह



प्रो. अंगद तिवारी

**जमशेदपुर।** डॉ हरिबल्लभ सिंह 'आरसी' ने अपने 95 वर्ष की उम्र में राजनैतिक, सामाजिक व कई प्राकृतिक उथल-पूथल को देखा है। विनाश और निर्माण की कई घटनाओं के ये प्रत्यक्षदर्शी गवाह रहे हैं। इनकी कविता लिखने की कला अनायास ही नहीं बल्कि जन्मजात है। हाई स्कूल के छात्र जीवन में ही ये राजनैतिक विचारधारा से प्रभावित हो चुके थे। स्वतंत्रता आंदोलन के प्रत्यक्ष गवाह होने के बाद भी सामाजिक विकास कैसे हो? लोगों का उन्नयन कैसे हो? लोगों के अंदर देशभक्ति की भावना कैसे जगे? भारतीय भाषा और संस्कृति के प्रति जागरूकता कैसे आएगी? इसकी चिन्ता इन्हें परेशान करती रही है। फलतः कविता लिख-लिखकर जन-जागरण का कार्य छात्र जीवन में ही ये करते रहे है। गांव-गांव में पुस्तकालय खुलवाने का आंदोलन हमेशा ये चलाते रहे हैं। धीरे-धीरे राजनैतिक जीवन में इनकी गहरी पैठ बनती गई, लेकिन आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए इन्हें जमशेदपुर आना पड़ा। यहां इन्हें टाटा कंपनी में नौकरी मिल गई। उसके बाद भी अपनी कविताओं के माध्यम से अन्याय, शोषण, भ्रष्टाचार, नारी उत्पीड़न, काला कानून पर इनकी कलम निरंतर चलती रही। अपनी कविताओं के माध्यम से लोगों में सचेतना पैदा करना व स्वतंत्रता और आजादी को सही ढंग से समझने के लिए जन मानस को हमेशा उत्प्रेरित करते रहे। इनकी कथनी और करनी में समानता थी। डॉ हरिबल्लभ केवल कवि के रूप में कल्पना की रोटी ही नहीं सेंकते थे बल्कि वे विभिन्न मजदूर यूनियनों से भी संबद्ध रहे और इन्होंने स्वतंत्र रूप से मजदूर यूनियन बनाकर निरंतर अन्याय और शोषण के विरूद्ध संघर्ष किया है। वे एक मजदूर नेता के रूप में हमेशा संघर्षरत रहे है। कवि डॉ. हरिबल्लभ सिंह 'आरसी' सत्य, न्याय, अहिंसा, नैतिकता, मानवता, विश्व बंधुत्व, माता-पिता, पारिवारिक संबंध, मर्यादा, सदाचार, सत्संग आदि के महत्व की ओर पाठकों का ध्यान आकृष्ट करते रहे हैं। इनका विश्वास है कि वर्त्तमान भाजपा सरकार एवं देशभक्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारत की सही पहचान लोगों को करा रहे हैं। जहाँ तक 'राष्ट्र की पहचान' पुस्तक में जिन कविताओं का संकलन है उनमें कुछ कविताओं के शीर्षक निम्नलिखित हैं जो प्रासंगिक हैं। इनकी कविताओं के अध्ययन से भारत की पहचान बढ़ेगी। डॉ.हरिबल्लभ सिंह 'आरसी' के पंचानवें जन्म दिवस समारोह के अवसर पर हम इन्हीं विश्वास और प्रेम के शबदों के साथ दनके दीर्घजीवी होने की कामना करते हैं।

**(नोट : प्रो डॉ अंगद तिवारी अरका जैन विवि,जमशेदपुर के प्रति कुलपति हैं)**

## मासिक अपराध गोष्ठी सह सम्मान समारोह आयोजित कर पुलिस अधीक्षक ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश

# नशा के कारोबार के खिलाफ छापामारी कर करें कार्रवाई

- लंबित काण्डों का त्वरित करें निष्पादन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा मुकेश कुमार के द्वारा रविवार को सभी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस निरीक्षक, परिचारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी- सह- सम्मान समारोह आयोजित कर अपराध, विधि-व्यवस्था, पुलिस द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत परिचर्चा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जिसमें मोटरसाईकिल चोर गिरोह पर विशेष निगरानी रखते हुए उनके विरुद्ध कारगर कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। अवैध रूप से शराब, कौरेक्स, गांजा इत्यादि मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले एवं तस्करी करने वाले के अड्डों पर छापामारी करने एवं संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। डायन प्रथा/बिसाही, मानव तस्करी, बच्या चोरी अफवाह जैसी घटनाओं के संबंध में जनजागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया।



वाहन दुर्घटना, वाहन चोरी एवं अपराध को रोकने के लिए सभी थाना प्रभारी को सयम-समय पर स्थान बदल-बदल कर वाहन चेकिग करने का निर्देश दिया गया। थाना स्तर से जितने भी बैंक, एटीएम, ज्वैलरी शॉप्स, अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान है उनकी सुरक्षा की समीक्षा करने का निर्देश दिया। लंबित काण्डों के त्वरित निष्पादन के लिए निर्देश दिया गया। सभी थाना के आँकड़ों को सी०सी०टी०एन०एस० में ससमय प्रविष्टि कराने का निर्देश दिया गया। सभी थाना प्रभारी को नियमित रूप से गांव में जाकर पुलिस पब्लिक बैठक करना एवं गाँव वाले के साथ मित्रवत व्यवहार रखने का निर्देश दिया गया एवं सप्ताह में एक दिन (गुरूवार को) थाना दिवस का आयोजन करे। सभी थानो को अधिकाधिक कांड के निष्पादन के लिए लक्ष्य दिया गया। साथ ही लंबित वारण्ट एवं कुर्की का निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया।

कांडो के फिरार अभियुक्त, जमानतीय / गैर जमानतीय, स्थाई/ बिना तामिला वारंटियों को छापामारी कर गिरफ्तार करने हेतु सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी/ पुलिस उपाधीक्षक/पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया। अवैध खनन की रोकथाम के लिए खनन विभाग, अंचलाधिकारी इत्यादि के साथ समन्वय स्थापित कर विधि-सम्मत कार्रवाही करने का दिशा-निर्देश दिया गया। सभी पुलिस निरीक्षक को सभी अनुसंधानकर्ता के साथ निरंतर काण्डों की समीक्षा कर लंबित काण्डों का निष्पादन करने हेतु दिशा-निर्देश दिया गया।

पुलिस मुख्यालय, पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्यालय एवं अन्य कार्यालयों से प्राप्त पत्र, लंबित चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन, पुलिस हेल्प लाईन से प्राप्त आवेदनों की जाँच कर ससमय निस्ताकरण करने का निर्देश दिया गया। सम्पत्ति मूलक अपराधों को रोकने के लिए सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा सभी अपराधिक छवि वाले लोगों पर कड़ी नजर रख कर सर्विलांस प्रोसीडिंग की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। साथ ही गुंडा पंजी में नियमानुसार नाम अंकित करेंगे। अवैध तरीके से पेट्रोल, डीजल और एसिड की बिक्री करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं महिलाओं के प्रति अपराध की सूचना अथवा थाना में आवेदन प्राप्त होते ही त्वरित रूप से कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। डायल 112 के माध्यम से प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रतिवेदन को अविलम्ब सीसीआर/डायल 112 कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। साथ ही पुलिस सभा का आयोजन कर पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों के समस्याओं को सुना एवं निदान हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।

## खबर एक नजर में

### बीएसएल में 'मंथन' संवाद कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी ने दिलाई शपथ



**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में शीर्ष प्रबंधन के साथ मंथन नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ईडी सीआर महापात्रा सुरेश रँगानी सुश्री राजश्री बनर्जी सीआर मिश्रा बीजीएच के प्रभारी सीएमओ डॉ बीबी करुणामय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में सीजीएम सुश्री नीता बा ने सभी का स्वागत किया तत्पश्चात निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने इस्पात कर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। संवाद कार्यक्रम के तहत वरीय प्रबंधक सुश्री प्रीति कुमारी तथा सीआरएम-थ्री की प्रबंधक सुश्री निहारिका अनुपम ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बीएसएल के उत्पादन उत्पादकता उपलब्धियों और संबंधित पहलुओं की नवीनतम जानकारी इस्पात उद्योग परिदृश्य इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाला। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सभी को सकारात्मक और नवोन्मेषी सोच विकसित करने की अपील की तथा पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से संयंत्र की प्रगति के लिए योगदान करने का सन्देश दिया तथा संयंत्र के उत्पादन में सुरक्षा एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस्पात उद्योग के तेजी से बदलते दौर में बीएसएल को प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए अपने उत्पादन लागत तथा बेहतर इनवेंटरी प्रबंधन के साथ प्रदर्शन के स्तर को और भी बेहतर बनाने की जरुरत है। परिचर्चा खण्ड में प्रतिभागियों ने भी कार्यप्रणालियों में बेहतरी और अन्य प्रासंगिक विषयों पर अपने सुझाव वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरीय प्रबन्धक सुश्री प्रीति कुमारी ने किया।

### बीजीएच में मनाया गया विश्व रक्तदाता दिवस



**बोकारो।** रक्त दो-आशा दो: साथ मिलकर हम जीवन बचाएँ के थीम के तहत बीजीएच के ब्लड बैंक में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सहयोग ट्रस्ट के द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन अस्पताल के प्रभारी सीएमओ डॉ बीबी करुणामय ने किया। रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। इसका उद्देश्य खून की कमी से लोगों की जान न जाए- इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है. बीजीएच के एडिशनल सीएमओ डॉ सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार व दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे का संयोग कम होता है। बोकारो जनरल अस्पताल के रक्त केन्द्र के डॉ सुरेन्द्र कुमार एवं काउन्सलर कविता कुमार-झारखण्ड सरकार एवं सहकर्मी रंजीता एक्का विनीता विभूतिका मनीष एवं कौशल उपस्थित रहे।

### बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन



**बोकारो।** बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में जिले के नवपदस्थापित एसपी हरविंदर सिंह से उनके कार्यालय-कक्ष में मिला। इस क्रम में प्रतिनिधिमंडल ने विधि-व्यवस्था के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा तथा ट्रैफिक जाम सहित जनता और पुलिस से जुड़े विभिन्न मुद्दों को मुखर होकर रखा। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने सर्वप्रथम श्री सिंह का नए एसपी के रूप में स्वागत करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके बाद कहा कि चास के जोधाडीह मोड़ महावीर चौक धर्मशाला मोड़ चेक पोस्ट सहित बोकारो स्टील सिटी के सिटी सेंटर में ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। इस लचर यातायात-व्यवस्था को दुरुस्त करवाया जाए। चेंबर संरक्षक संजय बैद ने कहा कि थाना में गए आवेदकों के साथ उचित व्यवहार होना चाहिए और उनकी शिकायतों का यथाशीघ्र निवारण होना चाहिए। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने कहा कि सिटी सेंटर बोकारो में आए दिन बैंकों से नकद राशि लेकर निकलते हुए ग्राहकों से पैसे छीन लिए जाते हैं। ऐसी ठोस व्यवस्था की जाए जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति न हो सके। साइबर क्राइम से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने सभी मुद्दों को सुनने के बाद आश्वासन देते हुए कहा कि सभी मुद्दों पर आवश्यक एवं उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर विनय सिंह नरेंद्र सिंह अंकित चोपड़ा सिद्धार्थ जैन अनूप भालोटिया रविशंकर प्रसाद सहित कई व्यापारी उपस्थित थे।

### करंट लगने से जेसीबी चालक की मौत



**गोड्डा /महागामा।** प्रखंड अंतर्गत ललमटिया थाना क्षेत्र के डकैता में बिजली का तार गिरने से एक जेसीबी चालक की मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान ललघुटवा निवासी 22 वर्षीय अशफाक अंसारी के रूप में हुई है। घटना बीती रात की बताई जा रही है। वहीं बताया गया कि अशफाक पूरे दिन काम करने के बाद मालिक के घर पर जेसीबी खड़ी कर घर लौट रहा था तभी रास्ते में आंधी के कारण सड़क पर गिरे बिजली के तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से गंभीर रूप से घायल अशफाक को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं घटना के दूसरे दिन स्थानीय लोगों ने ललमटिया-बोआरीजोर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और मृतक के परिवार के लिए मुआवजे की मांग की। करीब 2 घंटे से अधिक समय तक सड़क जाम रही। ईसीएल के अधिकारी और ललमटिया थाना प्रभारी रौशन कुमार मौके पर पहुंचे और मुआवजे का आश्वासन देकर जाम हटवाया।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज ने मंडल कारा में जेल अदालत का किया आयोजन

**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर मंडल कारा परिसर में रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान बंदियों को कानून की जानकारी दी गई। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दीपक कुमार ने बंदियों के विधिक सहायता की स्थिति की पड़ताल की। उन्होंने कहा कि सभी को न्याय सुलभ कराने को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक सहायता मुहैया कराने की व्यवस्था है। ऐसे में बंदियों, महिलाओं, जरुरतमंदों, समाज के कमजोर वर्गों, अभिवंचितों को विधिक सहायता मुहैया की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बंदियों को पैरवी के लिए विधिक सहायता प्राप्त करने का प्रावधान है। इसके तहत आपको पैरवी के लिए अधिवक्ता मुहैया कराया जाता है। विधिक सहायता से संबंधित मामले की सुनवाई को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लीगल एड डिफेंस काउंसिल का गठन किया गया है जो विधिक सहायता मुहैया कराने में अहम कड़ी का काम करते हैं। विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए जेल प्रशासन के माध्यम से आवेदन देने की जरुरत है। जिन बंदियों ने विधिक सहायता के लिए आवेदन दिया है, उनका कार्य प्रगति पर है। इनमें से कई बंदियों को बेल मिल चुका है। जेल से निकलने के बाद अपने अधिकार व कर्तव्यों के प्रति जवाबदेह रहने की सलाह दी। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ संजय कुमार सहाय, अजीत कुमार, रीतेश कुमार सिंह, राहुल कुमार, लीली कुमारी, आयुष राज आदि ने विभिन्न कानूनी पहलुओं की जानकारी दी।

### वृद्धाश्रम में जागरूकता व स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**गोड्डा।** बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर रविवार को वृद्धाश्रम परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार की अगुवाई में जागरुकता व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर लगाकर वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच कराई गई। मौके पर डालसा अध्यक्ष सह पीडीजे रमेश कुमार ने कहा कि बुजुर्ग हमारे धरोहर हैं हमें इनके प्रति दया व प्रेम प्रदर्शित करने की जरुरत है। अपने वृद्ध माता-पिता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग दुर्व्यवहार एक वैश्विक सामाजिक मुद्दा है। यह एक ऐसी समस्या है जो विकसित और विकासशील दोनों देशों में मौजूद है। इस समस्या की तरफ आम जनों का ध्यान आकृष्ट करने के लिए ही बुजुर्ग जागरुकता दिवस मनाया जाता है। बुजुर्गों को भी आम नागरिकों की तरह संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। वहीं वृद्धों को रहने, खाने, पेयजल सहित सभी समस्याओं की जानकारी प्राप्त कर कमियों को पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर प्राधिकरण के सचिव दीपक कुमार, एलएडीसी चीफ संजय कुमार सहाय, अजीत कुमार, रीतेश कुमार सिंह, लीली कुमारी, राहुल कुमार, आयुष राज, अधिकार मित्र नवीन कुमार, अविनाश सिंह, अजय टुडू, कर्मी राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

### तालाब में मिला तैरता हुआ शव, जांच में जुटी पुलिस

**बोकारो।** बोकारो में आज सुबह चास थाना क्षेत्र के सोलगीडीह तालाब में एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गुरुदेव प्रसाद के रूप में हुई है जो चास कॉलेज के पास का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आज सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में तैरता हुआ एक शव देखा। शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी मच गई। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने तालाब में तैरती लाश को देखकर तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला और शव को पोस्टमार्टम के लिए चास सदर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने प्रारंभिक पूछताछ शुरू कर दी है।

## मानवाधिकार सहयोग संघ-भारत जिला कमेटी का सम्मेलन आयोजित

**बेरमो।** बोकारो थर्मल-बोकारो थर्मल में मानवाधिकार सहयोग संघ-भारत का सम्मेलन हुआ। यह सम्मेलन झारखंड मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित किया गया था। सम्मेलन का उद्देश्य कानूनी सलाह लेने में असमर्थ लोगों की मदद करना था। और इसमें मानवाधिकारों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई थी। सम्मेलन में कानूनी सलाहकारों, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और अन्य हितधारकों ने भाग लिया था। इससे पूर्व संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिल्पी शर्मा, उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, राष्ट्रीय सचिव मो. सलीम, प्रवक्ता सुनील राज चक्रवर्ती, राष्ट्रीय सलाहकार मो. मिराजउदीन, ममहिला प्रकोष्ठ प्रभारी डेजी सुरीन, झारखंड प्रदेश के अध्यक्षा सीमा महतो, जिला उपाध्यक्ष पी सोनी, के. ललीता राय व प्रदेश सचिव अशोक साव ने संयुक्त रूप से बोकारो जिला कार्य



सम्मेलन का विधिवत उदघाटन किया। जिला कार्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शिल्पी शर्मा ने कहा कि यह सम्मेलन मानवाधिकारों के क्षेत्र में सहयोग और समझ को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। यह विभिन्न देशों और संगठनों को एक साथ लाता है ताकि वें मानवाधिकारों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा कर सकें। सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा कर सकें, और भविष्य के लिए सहयोग की योजना बना सकें। राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील राज चक्रवर्ती ने मानवाधिकार सहयोग संघ, मानवाधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए काम करने वाले संगठनों और व्यक्तियों का एक वैश्विक नेटवर्क है। झारखंड प्रदेश के अध्यक्षा सीमा महतो ने कहा कि मानवाधिकारों के क्षेत्र में काम करने वाले संगठनों के बीच सहयोग और समन्वय को संदर्भित करता है। यह सहयोग विभिन्न स्तरों पर हो सकता है, जैसे कि राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, और जमीनी स्तर पर। इसका उद्देश्य मानवाधिकारों को बढ़ावा देना, उनकी रक्षा करना और मानवाधिकारों के उल्लंघन को रोकना है। सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष जगपाल सिंह, महेश कुमार, भरत यादव, पी सोनी, जिला शिबू कुमार, कांग्रेस नेत्री पम्मी सिंह, सांसद प्रतिनिधि संतोष महतो, श्रावण सिंह, विशवनाथ यादव, सांसद प्रतिनिधि जुगनू यादव, हरेराम यादव सहित बोकारो और धनबाद कमेटी के सैकड़ों सदस्य मौजूद थे।

## कुरपनिया खटाल वालों के आतंक से आतंकित है बस्तीवासी

- भैंस के फसल खाने के विवाद में खटाल के लोगों ने ग्रामीणों को लाठी डंडे से पीटकर किया घायल
- आक्रोशित लोगों ने जेकेएलएम के बैनर तले थाने का किया घेराव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो स्टील सिटी के खटाल के लोगों का उत्पात अब गांधीनगर थाना क्षेत्र के कुरपनिया पंचायत के शिव मंदिर के समीप बसे खटाल धारियों में भी उस समय देखने को मिली जब बेरमो बस्ती के कुछ खेतों में लगी फसल को भैंस चराने व कुएं में लगे मोटर चोरी के मामले के विवाद ने इतना तुल पकड़ा की खटाल के ग्वालों ने ग्रामीणों पर लाठी-डंडे से हमला कर कई ग्रामीणों को बुरी तरह घायल कर डाला। घटना 11 जून की देर शाम की बताई जाती है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 11 जून को कुरपनिया खटाल के कुछ ग्वाला अपने भैंसों को बेरमो बस्ती के ग्रामीणों की खेत में लगी फसल को चराने के साथ-साथ खेत के कुएं में लगे मोटर व तार की चोरी कर ली। इसी मामले को लेकर बस्ती के कुछ लोग खटाल पूछताछ को लेकर पहुंचे, मगर वहां के दबंग ग्वालों ने उन ग्रामीणों पर लाठी-डंडे से हमला कर कई को घायल कर डाला। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि जिस जमीन पर खटाल बसा है वह जमीन ग्रामीणों की है। इस घटना के बाद रविवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने जेएलकेएम के बैनर व पार्टी के केंद्रीय सदस्य केडी महतो के नेतृत्व में गांधीनगर थाना का घेराव किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। जेएलकेएम के कुरपनिया प्रभारी पिंटू रवानी ने बताया कि गांधीनगर थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने दो दिनों का समय मांगा और कहा कि कोई भी दोषी को बक्सा नहीं जायेगा। पिंटू रवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले को नौ लोगों को नामजद तथा अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। इस आंदोलन में उपरोक्त नेताओं के अलावे जगदीश महतो, जुगल महतो, उल्लास महतो, झारखंड लोकतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय सदस्य केडी महतो, पिंटू रवानी, बंधन महतो, विक्रम गंझू, सुनील बर्नवाल, दीपक रवानी, तैयब अंसारी, पीर मोहम्मद, सेर मोहम्मद, नारायण महतो, टिपू महतो, प्रेम महतो, काली महतो, शुकर महतो, रसीद अंसारी, दौलत महतो, धनश्याम महतो, हेमलाल महतो, स्वार्थी देवी, मालती देवी, सोमरी देवी, कलावती देवी, ननकी देवी, सरस्वती देवी आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नीट यूजी में डीपीएस बोकारो के 25 से अधिक विद्यार्थी सफल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने नीट यूजी 2025 में शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। इस परीक्षा में विद्यालय के छात्र सलिल सेतु प्रसाद ने सर्वाधिक 99.32 परसेंटाइल और कुल 545 अंकों के साथ सफलता दर्ज की। उसने जनरल कैटेगरी में 6170वीं रैंक हासिल की है। दूसरे स्थान पर रहे आर्यन कुमार ने 99.17 परसेंटाइल और कुल 539 अंकों के साथ सफलता दर्ज की। उसने जनरल कैटेगरी में 7536वीं रैंक हासिल की है। तीसरे स्थान पर 98.65 परसेंटाइल एवं जनरल कैटेगरी में



11679 वीं रैंक के साथ छात्रा ऋषिमा तिवारी रही। उसे कुल 523 अंक मिले। समाचार लिखे जाने तक प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल रहे उक्त छात्र-छात्राओं के अलावा अनुराग आशीष सुरभि प्रिया श्रेष्ठ रूपम द्विवेदी मयंक राज कौशिकी चौहान अनुपम शर्मा मनीषा भारती सुदर्शन आरोही प्रगति कुमारी मोहम्मद रागिब अहमद अक्षिता पाठक विनीत कुमार झा अंकिता साक्षी सिया गोराईं व अन्य सहित कुल 25 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सफलता दर्ज की है। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह कामयाबी विद्यार्थियों की मेहनत लगन और विद्यालय के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है।

## चिन्मय विद्यालय के विद्यार्थियों का नीट यूजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** नीट यूजी 2025 में चिन्मय विद्यालय बोकारो के 15 से अधिक छात्र-छात्राओं को शानदार उपलब्धि हासिल हुई है। इनमें से अधिकांश का अखिल भारतीय रैंक 12000 के भीतर है। इस विद्यालय की तनीषा- एआई रैंक 3106 व कैटिगरी रैंक 1612 नीट यूजी 2025 में विद्यालय में टॉपर हुई हैं। 99.45 परसेंटाइल से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभागियों की संख्या 7 से अधिक हैं। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने शानदार उपलब्धि हासिल करने वाले सभी छात्र-



छात्राओं व उनके अभिभावकों को एवं अपने विद्यालय के शिक्षकों को बधाई दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 15 से अधिक छात्र-छात्राओं के सफल होने की सूचना मिली है। लेकिन यह संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कई छात्राओं से संपर्क नहीं हो पा रहा है। अभी तक की सूचना के अनुसार बेहतर परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में तनीषा टीना सहाय राजकुमार सोनी हर्ष राज वंशिका वत्स रजनीश कुमार शाश्वत रंजन आनंद स्निग्धा रिशिका कुमारी यशराज एकांश महावर तथा सानवी शर्मा के नाम शामिल हैं। चिन्मय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के शानदार सफलता प्राप्त करने पर चिन्मय मिशन बोकारो की आवासीय आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती विद्यालय के अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक प्राचार्य सूरज शर्मा उप-प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार एवं हेडमास्टर गोपाल चंद्र मुंशी सहित विद्यालय के सभी शिक्षको ने ढेरों शुभकामनाएं दीं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## उपायुक्त ने जिलास्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में दिये कई निर्देश

# पांच शिक्षकों को सेवा सम्पुष्टि की दी स्वीकृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** गोपनीय शाखा स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला शिक्षा स्थापना समिति एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की। मौके पर डीईओ जगरनाथ लोहरा डीईएस अतुल कुमार चौबे डीपीआरओ रवि कुमार एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर अब जिले के सरकारी स्कूलों में भी बच्चों का हेल्थ कार्ड बनाकर उनकी सेहत की नियमित निगरानी रखी जा सकेगी ताकि स्वस्थ विद्यार्थी स्वस्थ शिक्षा ग्रहण कर सकें। इस निमित्त जिले के उपायुक्त



श्री झा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। बैठक में उपायुक्त ने शिक्षकों को नई पेंशन योजना से पुरानी पेंशन योजना में अनुमान्यता पर कमेटी द्वारा लिए निर्णय को अनुमोदित किया। पांच शिक्षकों को सेवा सम्पुष्टि की स्वीकृति दी। वहीं शेष मामलों में राज्य मुख्यालय से मार्गदर्शन प्राप्त करने को निर्देश दिये। उधर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का सामाजिक अंकेक्षण कराने व योजना के अंतर्गत रसोइया-सह-सहायिकाओं के पुनश्चर्या प्रशिक्षण का आयोजन करने एवं कृषि विज्ञान केंद्र से समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालयों में पोषण वाटिका को विकसित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अगली समीक्षा बैठक डीईओ अथवा डीएसई कार्यालय में ही करने की बात कही। उपायुक्त श्री झा के निर्देश पर डीईओ ने राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय झुमरा पहाड़ प्रखंड-गोमिया में वर्ग 9 एवं 10 में छात्र/छात्राओं का पठन-पाठन प्रभावित नहीं हो- इसको लेकर अतिरिक्त शिक्षक को बहाल कर दिया गया। राजेश कुमार विषय-हिन्दी स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक उत्क्रमित +2 विद्यालय चतरो चट्टी गोमिया को राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय झुमरा पहाड़ प्रखण्ड-गोमिया में अगले आदेश तक के लिए प्रतिनियोजित किया गया है।

## बीएसएल में 'ईडी (संकार्य) एक्सीलेंस प्रतियोगिता' के विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में अधिशासी निदेशक-संकार्य एक्सीलेंस प्रतियोगिता 2024-25 के पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ईडी संकार्य सीआर महापात्रा तथा ईडी-मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी द्वारा किया गया। बीएसएल द्वारा कार्यस्थल पर नवाचार व दक्षता एवं तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सशक्त पहल के रूप में आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना का संचार करना तथा संस्थान में सतत अधिगम की संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।



अपने संबोधन में ईडी श्री महापात्रा ने प्रतिभागियों के समर्पण प्रतिबद्धता एवं तकनीकी उत्कृष्टता की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान औद्योगिक प्रतिस्पर्धा के युग में तकनीकी दक्षता ही किसी भी उत्पादन इकाई की स्थिरता और सतत प्रगति की मूल आधारशिला है। ईडी सुश्री बनर्जी ने कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास व नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और सतत सीखने की प्रवृत्ति की सराहना करते हुए सभी पुरस्कार प्राप्त विजेताओं को बधाई दी। अंत में विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों के कुल 30 विजेताओं को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बीएसएल द्वारा की गई यह पहल न केवल कर्मचारियों के कौशल विकास के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय कदम है बल्कि यह संयंत्र की उत्पादकता व गुणवत्ता और कार्यसंस्कृति में निरंतर सुधार की दिशा में एक प्रेरक प्रयास है।

स्पीड न्यूज

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के शुकुल बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक एंबुलेंस आगे जा रही एक गाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में एंबुलेंस सवार पांच लोगों की मौत हो गई और एक घायल हुआ है। मृतकों की पहचान सरफराज निवासी नालहर हरियाणा, आबिद पुत्र हामिद फिरोजपुर, हरियाणा, राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश पुत्र अशोक शर्मा एवं रवि शर्मा पुत्र बलराम शर्मा निवासीगण रामभद्रपुर थाना कल्याणपुर जिला समस्तीपुर बिहार और पांचवां फुलो शर्मा रवि टोला थाना हथौड़ी, समस्तीपुर के रहने वाले शामिल हैं।

## मिलिट्री लोकेशन खाली करें इरानी : आइडीएफ

**तेहरान/तेल अवीव ।** इजराइली डिफेंस फोर्स (आइडीएफ) ने ईरान के मिलिट्री हथियार कारखानों और उनके आसपास बसे इलाकों में रहने वाले नागरिकों को तुरंत स्थान खाली करने की चेतावनी दी है। आइडीएफ के प्रवक्ता कर्नल अविचाय अद्री ने कहा कि हथियार फैक्ट्रियों के पास रहना ईरानी नागरिकों के लिए खतरनाक हो सकता है। इजराइल का दावा कि उसने तेहरान में रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा बुशहर और तेहरान में स्थित ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी सहित 150 से अधिक ठिकानों पर हमला किया गया है।

## ट्रंप ने लगाई आप्रवासियों की गिरफ्तारी पर रोक

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने आव्रजन एजेंटों को खेतों, रेस्तरां और होटलों में गिरफ्तारी बंद करने का निर्देश दिया है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह नीतिगत बदलाव इस चिंता के बीच किया गया है कि हालिया आव्रजन कार्रवाई से इन उद्योगों को नुकसान हो सकता है। शनिवार को नाम न बताने की शर्त पर सूत्रों के हवाले से कहा गया कि ये उद्योग बड़े पैमाने पर अप्रवासियों के श्रम पर निर्भर हैं, जिनमें से कई अवैध रूप से अमेरिका में हैं।

## नेपाल के 35 जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी

**काठमांडू।** मौसम विभाग ने 35 जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है। राजधानी काठमांडू सहित देशभर में बीती रात से हो रही लगातार बारिश के बाद मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।धनकुटा, भोजपुर, उदयपुर, सिंधुली, खोटांग, ललितपुर, भक्तपुर, काभ्रे, लमजुंग, कास्की, पर्वत, बागलुंग, कैलाली और कंचनपुर में अगले 24 घंटे में भारी बारिश के साथ ही नदियों में बाढ़ आने की संभावना है। इन जिलों में लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

## कैलाश मानसरोवर 39 यात्री हुये रवाना

**गाजियाबाद।** पांच वर्षों के बाद एक बार फिर कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा का शुभारंभ हो गया है। रविवार को इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से तीर्थयात्रियों के पहला जत्था शिव आराधना और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनि के बीच रवाना हुआ। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने तीर्थयात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जत्थे में दो लाइजनिंग के अलावा कुल 39 यात्री हैं।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस और केंद्रीय बलों की संयुक्त कार्रवाई से मादक पदार्थों और अवैध हथियारों के नेटवर्क को तगड़ा झटका लगा है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि चलाए जा रहे अभियानों में कई अहम बरामदगी और गिरफ्तारियां हुई हैं। अभियान के दौरान तेंगनौपाल ज़िले के सीता मोटर व्हीकल चेक पोस्ट पर एक मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स कार को रोका गया। मोहम्मद आजाद खान, मोहम्मद मक्सूद, अलीना बीबी और हैटसी को गिरफ्तार किया।

# ईरान के रक्षा मुख्यालय पर हमला

- खामेनेई के शीर्ष सलाहकार अली शमखानी की मौत
- ईंधन का उत्पादन करने वाले केन्द्रों को बनाया निशाना
- दोनों देशों के बीच अमेरिका में परमाणु वार्ता हुयी रद्द

## इजरायल ने तेहरान में की मिसइलों की बौछार



एजेंसी

**दुबई।** इजरायल ने रविवार को ईरान पर व्यापक हमला किया और उसके ऊर्जा उद्योग तथा रक्षा मुख्यालय को निशाना बनाया। वहीं ईरान ने भी इजरायल के खिलाफ जवाबी हमले तेज करते हुए मिसाइलों की बौछार कर दी। दो दिन पहले इजरायल द्वारा तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को रोकने के उद्देश्य से किए गए हमलों के बाद दोनों देश हमला और जवाबी हमला करने में लगे हैं। इजरायल पर ईरान के मिसाइल हमलों के बीच तेहरान में भी विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इजरायल के आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि ईरान के हमले से देश भर में कई स्थानों पर लोगों की मौत हुई है। इस्राइली आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि गैलिली क्षेत्र में एक इमारत पर हमले के चलते चार लोगों की मौत हो गई, वहीं मध्य इजरायल में हमले में दो महिलाओं और 10 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। इस बीच, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली शमखानी की एक अस्पताल में मौत हो गई। ईरानी मीडिया के अनुसार, उनकी मौत इजराइली हवाई हमलों के एक दिन बाद हुई, हालांकि मृत्यु का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। इजरायल ने ईरान के रक्षा मुख्यालय के साथ-साथ उन स्थलों को भी निशाना बनाया जिनके बारे में उसका कहना है कि वे देश के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े हैं। ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने दावा किया कि ईरानी मिसाइलों ने इजरायल के लड़ाकू विमानों के लिए ईंधन का उत्पादन करने वाले केन्द्रों को निशाना बनाया। दोनों देशों के मध्य जारी संघर्ष के बीच ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता रद्द कर दी गई है। इजरायल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने सोशल मीडिया पर कहा कि तेहरान जल रहा है। इस्राइली सेना और ईरान के सरकारी टेलीविजन दोनों ने ईरानी मिसाइलों के नवीनतम हमले की जानकारी दी। आधी रात के करीब सुरक्षा पर इस्राइली कैबिनेट की बैठक के दौरान विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। उधर ईरान के दक्षिणी प्रांत बुशहर में पारस गैस फील्ड के फेज 14 की एक रिफाइनरी में शनिवार को इजरायल के हमले से विस्फोट हो गया।

इजरायल के एक माइक्रो एरियल वाहन ने बुशहर प्रांत में पारस गैस फील्ड के फेज 14 की एक ऑनशोर रिफाइनरी पर हमला किया जिससे रिफाइनरी में विस्फोट हो गया। दुनियाभर के नेताओं ने तनाव कम करने और व्यापक युद्ध से बचने का तत्काल आह्वान किया है। चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि परमाणु स्थलों पर हमले ने एक खतरनाक मिसाल कायम की है। इजरायल को व्यापक रूप से पश्चिम एशिया में एकमात्र परमाणु संपन्न देश माना जाता है। इसने कहा कि पिछले दो दिनों में ईरान पर उसके सैकड़ों हमलों में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कई शीर्ष जनरल, नौ वरिष्ठ वैज्ञानिक और विशेषज्ञ मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा है कि 78 लोग मारे गए और 320 से अधिक घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने संबंधी दायित्वों का पालन नहीं करने के लिए बृहस्पतिवार को फटकार लगाई थी।

### पूर्वी अजरबैजान प्रांत में 31 लोगों की मौत

ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में इजरायली हवाई हमलों में 30 सैन्यकर्मी और एक बचावकर्मी की मौत हो गयी एवं 55 लोग घायल हो गए हैं। प्रांत के गवर्नर बहराम सरमस्त ने यह जानकारी दी है। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी द्वारा शनिवार को दिए गए एक बयान के अनुसार शुक्रवार की सुबह शुरू हुए हमलों में 19 अलग-अलग स्थानों पर 55 लोग घायल भी हुए हैं। जिन जगहों पर हमला हुआ उनमें प्रांतीय राजधानी में एक प्रमुख रसद और परिवहन केंद्र, तबरीज हवाई अड्डा भी शामिल है। ईरानी मीडिया ने पास के शाहिद फकौरी सैन्य हवाईअड्डा और आस-पास के रेलवे नेटवर्क के कुछ हिस्सों को अतिरिक्त नुकसान की सूचना दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह से इजरायल ने राजधानी तेहरान सहित देश भर में रणनीतिक स्थानों को निशाना बनाकर समन्वित हवाई हमलों की एक श्रृंखला शुरू की। सरकारी मीडिया ने इन हमलों में कई उच्च पदस्थ सैन्य कमांडरों और प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों की मौत की पुष्टि की है।ईरान ने इजरायली हमले के जवाब में शुक्रवार रात से इजरायल के अंदर सैन्य ठिकानों पर भारी मात्रा में बैलिस्टिक मिसाइलें दागी।

## इजरायल-ईरान में युद्ध समाप्त हो: ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से मध्य पूर्व में तनाव और रूस-यूक्रेन शांति वार्ता पर फोन पर बात की और दोनों इस बात पर सहमत हुए कि इजरायल-ईरान में यह युद्ध समाप्त होना चाहिए। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें लगता है, जैसा कि मुझे भी लगता है, इजरायल-ईरान में यह युद्ध समाप्त होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पुतिन ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने एक घंटे की बातचीत के दौरान रूसी राष्ट्रपति को यह भी समझाया कि रूस-यूक्रेन संघर्ष भी समाप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने लंबी बातचीत की। रूस, यूक्रेन के बारे में बात करने में बहुत कम समय लगा, लेकिन यह अगले सप्ताह के लिए होगा। ट्रंप ने कहा कि पुतिन नियोजित कैदी अदला-बदली कर रहे हैं। शनिवार को ट्रंप का 79वां जन्मदिन था। उन्होंने बताया कि पुतिन ने फोन पर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

# पटना को एक और एलिवेटेड सड़क की सौगात

- नीतीश मीठापुर-महुली सड़क का आज करेंगे उद्घाटन
- गया, जहानाबाद, अरवल, और बिहारशरीफ के लिए सफर अब आसान हो जायेगा



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना को जाम मुक्त बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए राजधानी वासियों को एक और नए एलिवेटेड सड़क की सौगात सोमवार को मिलने वाली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को नव निर्मित मीठापुर-महुली एलिवेटेड सड़क का उद्घाटन करेंगे। इस एलिवेटेड सड़क के चालू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत मिलने वाली है। दक्षिण बिहार के कई जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जाएगा। कुल 1400 करोड़ रुपये की लागत निर्मित मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना अंतर्गत भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक एलिवेटेड-सह-एटग्रेड सड़क का लोकार्पण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। इस मौके पर राज्य के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन करेंगे। मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड के चालू होने से पटना के दक्षिणी इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत मिलने वाली है। जहानाबाद, अरवल, बिहारशरीफ और गया के लिए सफर अब आसान हो जाएगा।

### अब घंटों का सफर मिनटों में होगा पूरा

सिपारा से महुली एलिवेटेड रोड पर जाने के लिए भूपतिपुर के पास बने रैंप से होकर लोग अब सफर कर सकेंगे। इसके चालू होने से सिपारा से महुली की दूरी महज 5 से 6 मिनट में पूरी हो जाएगी। अभी इस दूरी को तय करने में लोगों को काफी मशक्कत करना पड़ता है। मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य दो फेज में चल रहा है।

फेज-1 का निर्माण कार्य अब पूरा हो चुका है। मीठापुर से सिपारा तक रूट की संरचना में काफी बदलाव होने के कारण मीठापुर-सिपारा-महुली-पुनपुन पथ परियोजना (फेज-2) का भी प्रावधान किया गया है। फेज-2 में मीठापुर से सिपारा तक की दूरी जो करीब 2.10 किलोमीटर है, इसपर एलिवेटेड सड़क का निर्माण किया गया है।

# अनुसूचित जाति आयोग ने लालू को भेजा नोटिस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव की बढ़ सकती है मुश्किलें। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के अपमान का वीडियो वायरल होने के बाद राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने उन्हें नोटिस भेजा है। आयोग ने राजद प्रमुख से 15 दिनों के अंदर जवाब देने को भी कहा है। अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने लालू को नोटिस जारी किया है, जिसमें लिखा गया है कि लगातार सोशल मीडिया में आपके जन्मदिन का एक वीडियो देखा जा रहा है, जिसमें आप और आपके एक कार्यकर्ता द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की फोटो का अपमान किया जा रहा है। अतः आपको निर्देश दिया जाता है कि उक्त वीडियो के संबंध में 15 दिनों के भीतर आप आयोग के समक्ष अपना पक्ष रखें, अन्यथा यह समझा जाएगा कि आपने जानबूझकर यह कृत्य किया है। आयोग ने आगे पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आप 15 दिनों के अंदर आयोग के समक्ष अपना पक्ष नहीं रखते हैं, तो आप पर अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा चलाया जाएगा।

### अंबेडकर की फोटो अपमान मामले में मांगा जवाब



## अब विवि आसानी से खरीद सकेंगे विशिष्ट शोध उपकरण

**नयी दिल्ली।** देश में नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने रविवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कई बड़े नीतिगत बदलावों की घोषणा की। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में प्रेस वार्ता के दौरान इन सुधारों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन निर्णयों से शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों और अकादमिक संस्थानों को लंबे समय से चली आ रही अड़चनों से राहत मिलेगी। डॉ. सिंह ने बताया कि अब विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और वैज्ञानिक संस्थानों के निदेशकों को यह अधिकार होगा कि वे विशिष्ट शोध उपकरणों की गैर-जीईएम माध्यम से भी खरीद कर सकें। पहले केवल सरकारी ई-मार्केटप्लेस से खरीद की अनिवार्यता थी, भले ही वहां आवश्यक वस्तु उपलब्ध न हो। इसके अलावा, सामान्य वित्तीय नियमों में भी संशोधन किया गया है। अब प्रत्यक्ष खरीद की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दी गई है।

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में केंद्र ने सरकार ने किया बड़ा बदलाव

## बिहार राजद के अध्यक्ष बने मंगनी लाल मंडल



**पटना।** पूर्व मंत्री मंगनी लाल मंडल को रविवार को राजद का निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया गया। राजद के प्रदेश कार्यालय में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में पार्टी के निवार्ची पदाधिकारी डॉ. तनवीर हसन ने सहायक निवार्ची पदाधिकारी अशोक यादव, देव किशुन ठाकुर एवं सारिका पासवान की उपस्थिति में राजद के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मंगनी लाल मंडल के निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की ।

# यूपी में रॉकेट का प्रक्षेपण सफल

- इसरो ने राज्य में पहली बार पेलोड किया प्रक्षेपित

एजेंसी

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में एक सफल मॉडल रॉकेट प्रक्षेपण किया गया। यह पहली बार है जब राज्य से रॉकेट के जरिए कोई पेलोड प्रक्षेपित किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सहयोग से एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा शनिवार को किए गए परीक्षण में मॉडल रॉकेट शाम पांच बजकर 14 मिनट पर 1.12 किलोमीटर ऊपर तक गया। परीक्षण स्थल पर मौजूद इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने कहा कि रॉकेट को शाम पांच बजकर 14 मिनट 33 सेकंड पर प्रक्षेपित किया गया, जो 1.1 किलोमीटर की ऊंचाई तक गया। इसके बाद एक छोटा उपग्रह (पेलोड) बाहर आया। जैसे ही यह पांच मीटर नीचे आया, इसका पैराशूट सक्रिय हो गया और उपग्रह जमीन पर 400 मीटर की दूरी पर उतर गया। पंद्रह किलोग्राम का रॉकेट भी सुरक्षित रूप से नीचे उतरा। इन-स्पेस के संवर्धन निदेशालय के निदेशक विनोद कुमार ने परीक्षण की सफलता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे क्षेत्र और पूरे देश के बच्चों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि पैदा करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। कुमार ने कहा कि यह पहली बार था जब उत्तर प्रदेश में रॉकेट द्वारा सीधे उपग्रह प्रक्षेपित किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा।



# आठ कंपनियों का मार्केट कैप 1.65 लाख करोड़ घटा

शेयर बाजार समीक्षा




- एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 47075 करोड़ घटा
- टीसीएस और इन्फोसिस के मार्केट कैप में हुयी बढ़ोतरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,65,501.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,070.39 अंक या 1.30 प्रतिशत टूट गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में सिर्फ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 47,075.97 करोड़ रुपये घटकर 14,68,777.88 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 30,677.44 करोड़ रुपये घटकर 10,10,375.63 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 21,516.63 करोड़ रुपये घटकर 19,31,963.46 करोड़ रुपये रही।

वहीं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 18,250.85 करोड़ रुपये घटकर 7,07,186.89 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार पूंजीकरण में 16,388.4 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह घटकर 5,44,893.71 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 15,481.22 करोड़ रुपये घटकर 10,50,413.33 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी की बाजार हैसियत 13,693.62 करोड़ रुपये घटकर 5,93,379.66 करोड़ रुपये पर आ गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 2,417.36 करोड़ रुपये घटकर 5,80,052.09 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट टीसीएस की बाजार हैसियत 22,215.06 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,190.95 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 15,578.3 करोड़ रुपये बढ़कर 6,65,318.03 करोड़ रुपये रहा। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

### फेडरल और तनाव पर बाजार पर रहेगा असर

मुंबई। इजरायल और ईरान तनाव को लेकर निवेशकों के सुरक्षित गंतव्य का रुख करने से स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत निर्णय और मध्य-पश्चिम के भू-राजनीतिक तनाव का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1070.39 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 81118.60 अंक पर आ गया।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 284.45 अंक अर्थात 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24718.60 अंक पर बंद हुआ।

